www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
09 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 259

शेयर बाजार में रिटेल निवेशकों के 1.06 लाख करोड़ रुपये डूबे



# अमित शाह आज आयेंगे रांची

# पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक कल

## ■ बैठक में झारखंड-ओड़िशा के सीएम और बिहार-बंगाल के मंत्री होंगे शामिल

## ■ झारखंड सरकार बैठक में केंद्र के सामने कई अहम मांगों को रखेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 10 जुलाई को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक होगी। शाह इस बैठक में शामिल होने के लिए बुधवार की शाम को रांची आ रहे हैं। बैठक में झारखंड, बंगाल और ओड़िशा के मुख्यमंत्री के अलावा चार राज्यों के मंत्री और उच्चाधिकारी भी शामिल होंगे। बिहार के मुख्यमंत्री बैठक में शामिल नहीं हो रहे। उनकी जगह दो मंत्री शामिल होंगे। बैठक रांची के रेडिसन ब्लू होटल में होगी। सूत्रों के मुताबिक झारखंड सरकार बैठक में केंद्र के सामने कई अहम मांगों को रखने वाली है। उधर, राज्य और केंद्र सरकार द्वारा बैठक की तैयारियां की जा रही है। सोमवार को तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव मनोज केजरीवाल रांची पहुंचे।

**झारखंड सरकार बकाया राशि की बात रखेगी :** बता दें कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में झारखंड सरकार केंद्र के समक्ष अपनी कई मांगें रखेगी। इनमें केंद्र से बकाया राशि, विशेष केंद्रीय अनुदान, एसआरइ फंड बहाली आदि शामिल है। इसके अलावा परिषद् की 26वीं बैठक की प्रगति



रिपोर्ट (एटीआर) की समीक्षा के दौरान पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों पर अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा भी की जायेगी।

**झारखंड की ओर से ये होंगे शामिल :** झारखंड सरकार की ओर से बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत कुल 68 प्रतिनिधि भाग लेंगे। बिहार सरकार से मंत्री विजय चौधरी और सम्राट चौधरी शामिल होंगे। ओड़िशा से मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, उपमुख्यमंत्री पार्वती परीदा और मंत्री मुकेश महालिंग भाग लेंगे। पश्चिम बंगाल की ओर से मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य बैठक में मौजूद रहेंगी।

### आज शाम पहुंचेंगे अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार की शामल को रांची आयेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह शाम करीब 8 बजे रांची पहुंचेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से उनकी मुलाकात भी होगी। वह गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद उसी दिन दिल्ली लौट जायेंगे। रांची जिला प्रशासन ने बैठक की तैयारियां पूरी कर ली हैं। शहर के कई हिस्सों में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जायेगा। विशेषकर डोरंडा क्षेत्र को पूरी तरह से वीआइपी जोन घोषित किया गया है।

# सीएम हेमंत सोरेन आज आयेंगे रांची

- 10 जुलाई को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में शामिल होंगे
- 11 जुलाई को प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लंबे अरसे के बाद बुधवार को दिल्ली से रांची आयेंगे। बताते चलें कि मुख्यमंत्री पिता शिबू सोरेन के इलाज को लेकर दिल्ली गये हुए थे। इस दौरान वह दिल्ली से सरकार के कामकाज को निबटा रहे थे। अब वह 9 जुलाई को रांची लौट रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 10 जुलाई को गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा 11 जुलाई को हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड सरकार कैबिनेट की बैठक होगी।

मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। सूचना के मुताबिक मंत्रिपरिषद् की बैठक 11 जुलाई को दोपहर दो बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी।

# आज 25 करोड़ कर्मचारी देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे

- बैंकिंग, बीमा, डाकघर, कोयला खनन, निर्माण क्षेत्र के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे
- देशभर में जरूरी सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** बैंकिंग, बीमा से लेकर कोयला खनन, राजमार्ग और निर्माण क्षेत्र में लगे 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी 9 जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल पर जाने वाले हैं। इससे देशभर में जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

देश के दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों और उनकी सहयोगी इकाइयों के एक मंच ने निजीकरण के विरोध, सरकार को मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, राष्ट्र विरोधी बताते हुए भारत बंद का आह्वान किया है।

ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अमरजीत कौर ने कहा कि हड़ताल में 25 करोड़ से अधिक कर्मचारियों के भाग लेने की संभावना है। इसमें बैंक, डाकघर, परविहन सेवा आदि के कर्मचारी भी शामिल होंगे। ट्रेड यूनियन निजीकरण और चार नये लेबर कोड के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी हैं। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है।

# ब्राजीलिया में पीएम मोदी का भारतीय शास्त्रीय नृत्य से स्वागत

## ब्राजील के राष्ट्रपति से ट्रेड और डिफेंस पर बात करेंगे

- आज नामीबिया जायेंगे

एजेंसी

**ब्राजीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स समिट में शामिल होने के बाद मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के साथ ट्रेड, डिफेंस, एनर्जी, स्पेस, टेक्नोलॉजी, खेती और हेल्थ समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। अब तक



वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं। फिलहाल वे ब्राजील दौरे पर हैं और यहां से नामीबिया जायेंगे।

ब्राजीलिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में बड़ी संख्या में लोग एयरपोर्ट पर मौजूद थे। वहां बटाला मुंडो बैंड ने अपनी शानदार संगीत प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। यह बैंड सांबा-रेगे परंपरा को प्रचारित करने के लिए लोकप्रिय है। ब्राजीलिया में स्थानीय कलाकारों ने स्वागत में शिव तांडव स्तोत्र से किया। मोदी के सम्मान में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकारों ने पारंपरिक सांबा रेगे नृत्य की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर इसकी सराहना भी की।

# बिहार में सरकारी नौकरी में डोमिसाइल पॉलिसी लागू

- राज्य की महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण मिलेगा, सीएम नीतीश की कैबिनेट ने 43 प्रस्तावों को दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने महिलाओं के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू कर दी है। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। बिहार की बाहर की महिलाओं को समान्य कोटी में जोड़ा जायेगा। पहले दूसरे राज्यों की महिलाओं को भी 35 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलता था। अब सिर्फ बिहार की महिलाओं को फायदा मिलेगा। नीतीश कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को ये फैसला लिया गया। इसके साथ ही 43 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इसमें बिहार में पहली बार बिहार युवा आयोग का गठन को भी मंजूरी दी गयी।

### दिव्यांग के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना

बिहार सरकार ने एक नयी योजना शुरू की है। जिसका नाम दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना है। इसका लाभ दिव्यांग पुरुष अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग अभ्यर्थियों को मिलेगा। बीपीएससी और यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास कर लेते हैं, तो उन्हें मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 50 हजार रुपये और इंटरव्यू की तैयारी के लिए एक लाख रुपये की सहायता राशि दी जायेगी।

# पटना का खेमका हत्याकांड : बिल्डर अशोक साह ने करायी हत्या, गिरफ्तार

- चार लाख रुपये में डील, जमीन को लेकर हुआ था विवाद
- डीजीपी विनय कुमार ने किया खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार के कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या बिल्डर अशोक साह ने करायी थी। इसके लिए उसने उमेश नाम के शूटर से संपर्क किया। चार लाख रुपये में हत्या की डील हुई। उन्होंने 50 हजार एडवांस दिये थे। इन पैसों से शूटर उमेश ने अपने बच्चों की फीस भरी। उमेश ने गोपाल खेमका की रेकी की। उमेश ने अपने ही इलाके के रहने वाले शूटर विकास उर्फ राजा को खेमका के मर्डर की सुपारी दी, लेकिन विकास ने हत्या के लिए ज्यादा पैसों की डिमांड कर दी। इसके बाद उमेश ने खुद ही खेमका की हत्या कर दी। इस हत्याकांड में पुलिस ने सोमवार देर रात विकास उर्फ राजा को हिरासत में लिया था। इस कांड से जुड़े एक दूसरे अपराधी विकास का मंगलवार सुबह एनकाउंटर हुआ है। डीजीपी विनय कुमार ने मंगलवार शाम खेमका मर्डर केस का खुलासा किया है।

**घटना में इस्तेमाल हथियार बरामद :** डीजीपी ने बताया कि पूरे शहर के सीसीटीवी कैमरे देखे गये। आरोपी के कपड़ों से पहचान की गयी। जहां तक वो सीसीटीवी में दिखा उसे ट्रेस किया गया। सीसीटीवी से बाइक को ट्रेस करते हुए आरोपी के घर तक पहुंचे। घर में जाने के बाद हमने वो कपड़े, जूते अंदर से बरामद किये। इसके बाद हमने उमेश यादव को गिरफ्तार किया। उसके घर से ही 59 राउंड गोलियां भी मिली थीं। घटना में इस्तेमाल हथियार भी उमेश के घर से मिला था।



### पुलिस एनकाउंटर में विकास हुआ ढेर घटनास्थल से पिस्टल-गोली बरामद

खेमका हत्याकांड में पुलिस ने सोमवार देर रात विकास उर्फ राजा को हिरासत में लिया था। मंगलवार सुबह विकास का एनकाउंटर हुआ है। पुलिस ने बताया कि शूटर उमेश की निशानदेही पर पुलिस गन सप्लायर विकास से पूछताछ करने पटना सिटी के मालसलामी इलाके में पहुंची थी। इसी दौरान विकास ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे ढेर कर दिया। एनकाउंटर मंगलवार सुबह करीब चार बजे हुआ। घटनास्थल से 1 पिस्टल, गोली और खोखा बरामद किया गया है।

### जमीन विवाद में हुई गोपाल खेमका की हत्या

डीजीपी ने बताया कि पूछताछ में उमेश ने अशोक साह का नाम लिया। उसने बताया कि सुपारी अशोक साह ने ही दी थी। दोनों नालंदा के थे। शादी में दोनों की मुलाकात हुई थी। हत्या की योजना डेढ़ महीने पहले हुई थी। अशोक साह के मोबाइल में जमीन विवाद की बातचीत की कई रिकॉर्डिंग मिली है। पुलिस का कहना है कि खेमका की हत्या जमीन विवाद में ही हुई है। अशोक साह के घर से ढेरों जमीन के कागजात मिले हैं।

# यूपी: छांगुर बाबा की तीन करोड़ की कोठी पर चला बुलडोजर

## 20 कमरे और हॉल ढहाये, सीएम योगी बोले- ऐसी सजा देंगे कि लोग याद रखेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पर मंगलवार को बड़ी कार्रवाई हुई। बलरामपुर में 40 कमरों वाली उसकी आलीशान कोठी पर 9 बुलडोजर चलाये गये। शाम 5 बजे तक कोठी के 20 कमरे और 40 फीट लंबे और इतने ही चौड़े हॉल को ढहा दिया गया। अब बुधवार सुबह 10 बजे फिर से कमरे तोड़े जाएंगे। कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं। इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को अवैध बताया गया है।

मंगलवार सुबह 10 बजे प्रशासन की टीम कोठी पर पहुंची तो मेन गेट पर ताला लगा था। डीएम पवन अग्रवाल की निगरानी में अफसरों की निगरानी में ताला तोड़कर टीम अंदर गयी। घर के एक-एक कमरे की तलाशी ली गयी। उतरौला तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने बताया, 17 मई और 17 जून और 7 जुलाई को अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया गया था। हालांकि, कोई जवाब नहीं दिया गया। इसलिए, प्रशासन ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का निर्णय लिया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोपी जलालउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जायेंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जायेगी, जो समाज याद रखेगा। शनिवार को एटीएस ने 50 हजार रुपये के इनामी छांगुर बाबा को नीतू उर्फ नसरीन के साथ लखनऊ से गिरफ्तार किया था।



### तीन बीघा जमीन पर किलेनुमा कोठी

कोठी उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग पर है। 3 बीघा जमीन पर करीब 3 करोड़ से बनायी गयी थी। कोठी के चारों तरफ बाउंड्री वाल पर तार दौड़ाया गया था। इस पर रात को करंट दौड़ाया जाता था, ताकि कहीं से कोई अंदर न आ सके। मेन गेट से कोठी तक जाने के लिए 500 मीटर की प्राइवेट रोड बनी हुई है।

### टारगेट पर हिंदू लड़कियां होती थीं

छांगुर बाबा लड़कियों को बहला-फुसलाकर जबरन उनका धर्मांतरण करवाता। उसके टारगेट पर हिंदू लड़कियां होती थीं। हर जाति की लड़कियों का रेट फिक्स कर रखा था।

# ड्रीमलाइनर सबसे सुरक्षित प्लेन : एअर इंडिया

- पीएसी को अहमदाबाद प्लेन क्रैश की रिपोर्ट सौंपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/मुंबई।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में एअर इंडिया ने पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) को रिपोर्ट सौंपी है। इसमें कहा गया है कि ड्रीमलाइनर प्लेन सबसे ज्यादा सुरक्षित विमानों से एक हैं। दुनियाभर में इसकी हजार से ज्यादा फ्लाइट्स हैं। एयरलाइन ने ढअउ की बैठक के दौरान अपना पक्ष रखते हुए ड्रीमलाइनर पर बयान दिया है। हालांकि, बैठक एयरपोर्ट पर लेवी चार्जेस लगाने पर चर्चा के लिए थी। वहीं, मंगलवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच कर रहे विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय एमओसीए को अपनी प्राइमरी रिपोर्ट सौंपी। एएआइबी अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के साथ मिलकर काम कर रहा है।

बता दें कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गयी थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गयी थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। रिपोर्ट के मुताबिक पीएसी कमेटी में शामिल सांसदों ने सेफ्टी प्रोसिजर पर एविएशन अधिकारियों से जवाब मांगा। बीसीएएस से तत्काल ऑडिट की मांग की। बैठक में डीजीसीए की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये गये।

### सरकार ने 32 करोड़ पीएफ अकाउंट में भेजा ब्याज का पैसा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। इपीएफ खातों में जमा अपने रिटायरमेंट फंड पर सालाना ब्याज जमा होने का इस वर्ष लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) के 96.51 प्रतिशत सदस्यों (32.39 करोड़ पीएफ खाते) को समाप्त वित्त वर्ष का 8.25 प्रतिशत सालाना ब्याज उनके ढऋखाते में जमा करा दिया गया है। श्रम मंत्रालय के अनुसार इपीएफ खाते में 2024-25 अब तक ब्याज की करीब 4000 करोड़ रूपए की राशि जमा करा दी गयी है, जबकि बाकी बचे ईपीएफ खातों में भी अगले एक हफ्ते में सालाना ब्याज जमा करा दिए जाने की पूरी संभावना है। श्रम मंत्रालय के अनुसार इसके बाद ही इसके सदस्यों के खाते में ब्याज जमा करने की तैयारियां शुरू हुई और छह जून से वार्षिक खातों का अपडेट कार्य शुरू हुआ। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया के अनुसार इस वर्ष, 13.88 लाख प्रतिष्ठानों में 33.56 करोड़ सदस्यों के खातों का अपडेट किया जाना है। इनमें से आठ जुलाई तक 13.86 लाख प्रतिष्ठानों में 32.39 करोड़ सदस्यों के खाते में सालाना ब्याज की रकम जमा करायी जा चुकी है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3
Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



### पूर्णिया हत्याकांड : आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जाहिर की

# सीएम हेमंत ने नीतीश कुमार से की सख्त कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिहार के पूर्णिया में हुए जघन्य हत्याकांड मामले पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि इस कृत्य को जिसने भी अंजाम दिया है उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

हेमंत सोरेन ने बिहार में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जाहिर की है। दरअसल बिहार के पूर्णिया जिले में अंधविश्वास का खौफनाक चेहरा सामने आया है, जहां रविवार की रात डायन बताकर एक ही आदिवासी परिवार के 5 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गयी। घटना सामने आने के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पर संज्ञान लिया है। सीएम सोरेन ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की। सीएम हेमंत सोरेन ने लिखा, 'बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से आग्रह है कि दोषियों को शीघ्र से शीघ्र पकड़ उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने हेतु उचित कदम उठाने का निर्देश दें। बिहार में आदिवासियों/ दलितों पर लगातार बढ़ता अत्याचार अत्यंत चिंता का विषय है।'

पूर्णिया के डीआइजी प्रमोद कुमार मंडल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से स्पष्ट हुआ है कि यह हत्याकांड डायन के शक के कारण अंजाम दिया गया। टेटमा गांव में रहने वाले रामदेव उरांव के बच्चे की मौत तीन दिन पहले हो गयी थी। इसके बाद गांव में यह अफवाह फैल गयी कि मौत का कारण किसी ने जादू-टोना किया है, और शक की सुई सीधे पीड़ित परिवार की ओर घूम गयी। इसी अंधविश्वास के चलते रविवार देर रात आरोपियों ने पूरे परिवार को निशाना बनाया। पांचों को मारने के बाद उनके शवों को गांव से बाहर एक झाड़ी में ले जाकर जलाया गया। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी की तलाश जारी है।

# पूर्णिया में पांच लोगों की हत्या से ठीक पहले का वीडियो आया सामने

### तंत्र-मंत्र करते दिखा मुख्य आरोपी नकुल उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में रानीपतरा के टेटगामा में पांच लोगों की बर्बरता से हत्या और शवों को जलाने का मुख्य आरोपी नकुल उरांव के तंत्र विद्या का एक वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में वह अपने घर में गांव के रामदेव उरांव के आठ वर्षीय बेटे सुमित कुमार को तंत्र विद्या के जरिये ठीक करने की कोशिश करता दिखायी दे रहा है। सुमित की मौत के बाद ही नकुल ने बाबूलाल उरांव के परिवार के पांच लोगों की हत्या की साजिश रची।

बाबूलाल की पत्नी सीता देवी को डायन बताकर लोगों को गुमराह किया और बर्बर हत्याकांड को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि नकुल पांच साल पहले मजदूरी करता था। टेटगामा गांव में सड़क के किनारे दुकान भी खोली। चाय की दुकान को कुछ ही दिनों बाद लेलहा होटल बना दिया।

आसपास के ईंट भट्ठा में काम करने वाले मजदूर और मिट्टी ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर चालकों के कारण लेलहा होटल चलता था। दुकान चलाने के दौरान ही नकुल उरांव का संपर्क मिट्टी माफिया से हुआ। इसके बाद मिट्टी कटाई का काम शुरू कर दिया। धीरे-धीरे मिट्टी मफिया के साथ-साथ जमीन का कारोबार भी करने लगा। इसी बीच नकुल उरांव अपने घर में मां बिषहरी की पूजा-पाठ के तरफ ध्यान देने लगा और तांत्रिक गतिविधि में कुछ समय देने लगा। गांव में उसकी दबंगई धीरे धीरे बढ़ने लगी। वह बाबूलाल उरांव की पत्नी सीता देवी पर आरोप लगाने लगा कि वह डायन है। गांव में जो भी घटना होती है, वह सीता देवी करती है। नकुल ने उरांव के लगभग सभी लोगों को अपने पक्ष में कर लिया। गांव में नकुल उरांव का दबदबा इतना बढ़ गया कि अब उसके खिलाफ कोई आवाज नहीं उठाता था। चार दिन पहले गांव के रामदेव उरांव का आठ साल का बेटा सुमित कुमार बीमार हो गया और बाद में उसकी मौत हो गयी। इसके बाद नकुल ने गांव के लोगों को अपने पक्ष में कर लिया और सुनियोजित तरीके से रविवार रात बाबूलाल उरांव के घर पर हमला कर परिवार के पांच सदस्यों की बेरहमी से हत्या करके शवों को जला दिया।

### बंधु तिर्की के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कांग्रेस की टीम पूर्णिया गयी

# जघन्य घटना की जांच करेगी कांग्रेस की टीम

**कांग्रेस की टीम प्रभावित गांव में लोगों को डायन-बिसाही जैसे अंध विश्वास के प्रति जागरूक करने का काम भी करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिहार के पूर्णिया में आदिवासी परिवार के 5 सदस्यों को जलाकर कर मार डालने की जघन्य घटना की जांच करने के लिए झारखंड से कांग्रेस की टीम रवाना हो गयी है। पूर्णिया में घटित इस घटना ने देश की राजनीति को झकझोर कर रख दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम का गठन कर पूर्णिया घटना की रिपोर्ट देने को कहा है। कांग्रेस की टीम घटना प्रभावित गांव का दौरा करने के साथ-साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगी। कांग्रेस की जांच टीम में प्रदेश महामंत्री अमूल्य नीरज खलखो, जोसाईं मार्डी, सोमनाथ मुंडा और राज उरांव शामिल हैं। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि पूर्णिया में रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना से पूरा देश स्तब्ध है। डायन-बिसाही जैसे अंध विश्वास का वीभत्स चेहरा समाज के सामने आया है। देश में लगातार आदिवासी परिवार और समाज को ही षडयंत्र का शिकार बनाया जा रहा है। हैरान करने वाली बात ये है एनडीए के नेता इस नृशंस हत्या पर चुप्पी साधे हुए हैं। जदयू और बीजेपी गठबंधन वाली सरकार के नेताओं के पास आदिवासियों की मौत पर संवेदना के दो शब्द तक नहीं हैं। बंधु तिर्की ने कहा है कि कांग्रेस की जांच टीम पूर्णिया में घटना से संबंधित एक - एक बिंदु पर गहना से पड़ताल करेगी। घटना के पीछे के मूल कारण और षडयंत्र की गहनता से पड़ताल कर कांग्रेस नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपा जायेगा। कांग्रेस की टीम प्रभावित गांव में लोगों को डायन-बिसाही जैसे अंध विश्वास के प्रति जागरूक करने का काम भी करेगी।

# तेजस्वी ने पत्नी का नाम क्यों बदलवाया कैसे वोटर बनीं, जांच होः गिरिराज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार में जारी वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के बीच केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी खुद को समाजवादी बताते हैं। यह कैसा ढोंग है। अपनी पत्नी का नाम क्यों बदल दिया। अगर उनकी पत्नी क्रिश्चिन थीं, तो इससे क्या दिक्कत है। क्रिश्चियन होना कोई गुनाह नहीं है। वह किस तरह से वोटर बनी हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। क्या वह नागरिकता प्रमाण पत्र के साथ बनी हैं। आधार कार्ड पर तो स्पष्ट लिखा हुआ है कि यह नागरिकता को प्रमाणित नहीं करता है। आखिर डर किसको है। क्या घुसपैठियों को भारत का नागरिक होना चाहिए।

इससे पहले तेजस्वी यादव ने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा था कि उनकी पत्नी, जो दो-तीन महीने पहले ही बिहार की वोटर बनी हैं, अब फिर से उनका मतदाता पत्र बनवाना पड़ेगा, क्योंकि तब आधार कार्ड ही मान्य दस्तावेज था। लेकिन अब दूसरे दस्तावेज देने होंगे। इस पर तेजस्वी चिंता जाहिर की थी। आपको बता दें कि नौ दिसंबर 2021 में तेजस्वी यादव ने अपने लंबे समय की दोस्त रेचल गोडिन्हो से शादी की थी। वह रेवाड़ी के एक इसाई परिवार से ताल्लुक रखती हैं और बचपन से ही दिल्ली में रह रही थीं। शादी के बाद रेचल ने अपना नाम राजश्री यादव रख लिया। अब नाम बदलने पर गिरिराज ने सवाल खड़े किये हैं।

कारोबारी गोपाल खेमका हत्याकांड पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार को बदनाम करने के लिए षडयंत्र रचा जा रहा है। आतंक फैलाओ, अपराध करो। राजनीतिक संरक्षित अपराध हो रहा है। कुछ लोग साजिश करके नीतीश कुमार को बदनाम करने के लिए यह कर रहे हैं, जिसका पदार्फाश अब होने वाला है। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक गैंग के द्वारा सोची-समझी साजिश के तहत उपद्रव करके सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके घर पर जाकर कहते थे कि अभी तक अपराधी नहीं पकड़ा रहा है। फिर कल से इन्हीं की आवाज खुलेगी कि अपराधी की नहीं, बल्कि नागरिक की हत्या हो गयी है। इस दौरान उन्होंने लालू यादव के शासनकाल की भी याद दिलायी।

### हिंदुओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले द्रमुक नेता को हाइकोर्ट की फटकार

# खुद को राजा समझते हैं ये नेता : जस्टिस वेलमुरुगन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सीनियर नेता और तमिलनाडु के पूर्व मंत्री के पोनमुडी के अश्लील भाषण को लेकर हाइकोर्ट ने फटकार लगायी है। पोनमुडी ने हिंदू धार्मिक पहचान को सेक्स पोजीशन के साथ जोड़ा था। कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में पुलिस उचित कार्रवाई नहीं कर पाती है, तो सीबीआइ जांच के आदेश दिये जायेंगे। कोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस वेलमुरुगन ने कहा, आजकल इन नेताओं को लगता है कि संविधान के आर्टिकल 19 के तहत उन्हें असीमित छूट मिल गयी है। ऐसे में मूक दर्शक नहीं बना जा सकता है। हम ऐसे लोकतंत्र में रहते हैं, जहां अलग-अलग समुदाय के लोग रहते हैं। जज ने कहा कि राजनेताओं को भाषण देते वक्त ध्यान रखना चाहिए कि यह देश हम सभी का है। ना तो यह किसी एक व्यक्ति का और ना ही किसी पार्टी का देश है। सभी को पता होना चाहिए कि हम बहुत सारे धर्मों और संस्कृतियों को मानने वाले लोगों के बीच में रहते हैं। उन्होंने कहा, सभी माइक लेते हैं और इतना बोल जाते हैं, जैसे कि वह कोई राजा हैं। उन्हें लगता है कि राजा के खिलाफ तो कोई कुछ कर नहीं सकता। लेकिन कोर्ट यह सब देखते हुए भी बर्दाश्त नहीं कर सकता।

जस्टिस वेलमुरुगन ने कहा, दुर्भाग्य कहें या सौभाग्य, यह अपनी तरह का पहला मामला है। पोनमुडी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह कह रहे थे, महिलाएं कृपया गलतफहमी ना पालें। इसके बाद पोनमुडी चुटकुला सुनाना शुरू करते हैं। वह कहते हैं, एक आदमी सेक्स वर्कर के पास जाता है। सेक्स वर्कर पूछती है कि वह शैव है या वैष्णव। आदमी कुछ नहीं समझ पाता है। तब सेक्स वर्कर कहती है कि पट्टई तिलक शैव का है और नामम, जो लंबवत तिलक होता है, वैष्णव लगाते हैं। इसके बाद वह शैव और वैष्णवों की पोजीशन बताती है। इस बयान के बाद पोनमुडी ने माफी मांगी थी।

# खड़गे की जुबान फिसली, भाजपा हुई हमलावर

### राष्ट्रपति को 'मुर्मा' कहा, तो पूर्व राष्ट्रपति को बुलाया 'कोविड'

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** बिहार चुनाव से पहले राजनीति चरम पर है। भाजपा ने अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को दलित-आदिवासी विरोधी करार दिया है, जबकि वह भी इसी समाज से आते हैं। दरअसल, हुआ ये कि मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार को छत्तीसगढ़ में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां उनकी जुबान फिसल गयी। खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'मुर्मा जी' कह दिया। हालांकि गलती का अहसास होते ही उन्होंने उसे ठीक किया और 'मूर्मू' कहा, लेकिन कुछ सेकंड बाद उन्होंने फिर उसी तरह की गलती दोहरा दी। इस बार उन्होंने द्रोपदी मुर्मू के पूर्ववर्ती यानी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को 'कोविड' कह दिया। अब भाजपा खड़गे की इस गलती पर हमलावर है। कांग्रेस और खड़गे को भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दलित विरोधी करार दिया है और कहा है कि उनकी भाषा उनकी इसी मानसिकता को उजागर कर रही है।

#### वीडियो वायरल भी हो रहा

भाजपा द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किये गये खड़गे के भाषण के वीडियो में, उन्हें राष्ट्रपति मुर्मू का नाम 'मुर्मा जी' और उनके पूर्ववर्ती कोविंद का नाम 'कोविड' कहते हुए सुना जा सकता है। यह वीडियो वायरल भी हो रहा है। रायपुर के साइंस ग्राउंड में बोलते हुए खड़गे ने कहा, हर किसी को डराना उनकी आदत है। आप तभी बच पायेंगे, जब आप डरेंगे नहीं। अगर हमें अपने जल, जंगल, जमीन की रक्षा करनी है, तो आप सभी को उनके (भाजपा) खिलाफ लड़ाई में एकजुट होना होगा। भाजपा हमेशा (द्रौपदी) मुर्मू जी और (रामनाथ) कोविंद जी को देश का राष्ट्रपति बनाने की बात करती है, लेकिन क्या पार्टी ने यह सब हमारी संपत्ति, जंगल, जल और जमीन छीनने के लिए किया है।

#### राष्ट्रपति का अपमान करने का आरोप

मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ के जंगलों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर बोल रहे थे। इस दौरान उनसे यह चूक हुई। उन्होंने भाजपा और उसके उद्योगपति मित्रों पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ खड़गे के बयान पर हमला बोलते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि खड़गे का बयान कांग्रेस पार्टी की दलित विरोधी,आदिवासी विरोधी, महिला विरोधी और संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

#### खड़गे को बताया आदिवासी-दलित विरोधी

भाटिया के वीडियो बयान के साथ भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया, जिसमें कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। ये कांग्रेस पार्टी की दलित विरोधी मानसिकता को दिखा रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे द्रौपदी मुर्मू को 'मुर्मा जी' बुलाते हैं और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को 'कोविड' बुलाते हैं। खड़गे द्रौपदी मुर्मू को भू-माफिया बताते हैं, कहते हैं, ये हमारी जमीन और जंगल छीनने के लिए राष्ट्रपति बनी हैं। राहुल गांधी के इशारे पर रिमोट कंट्रोल वाले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जो आदिवासी विरोधी, दलित विरोधी, महिला विरोधी और संविधान विरोधी बयान दे रहे हैं, उस पर पूरा देश थू-थू कर रहा है।

#### खड़गे से माफी की मांग

भाटिया ने मांग की कि खड़गे राष्ट्रपति मुर्मू और कोविंद के खिलाफ अप्रिय और अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए माफी मांगें। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रमुख ने न केवल दोनों नेताओं का अपमान किया, बल्कि अपनी टिप्पणी से आदिवासी और दलित समुदायों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचायी। भाजपा नेता ने कांग्रेस से अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की भी मांग की और पार्टी के कार्यकर्ताओं से खड़गे को उनके पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने को कहा। भाटिया ने कहा, अगर कांग्रेस और मल्लिकार्जुन खड़गे माफी नहीं मांगते हैं, तो आप देखेंगे कि (देश का) हर नागरिक अपना गुस्सा जाहिर करेगा। यह गलती कांग्रेस को महंगी पड़ेगी। उन्होंने खड़गे को कांग्रेस का रिमोट-कंट्रोल वाला राष्ट्रीय अध्यक्ष बताया और आरोप लगाया कि उन्होंने पार्टी सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के इशारे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधन, जोधपुर में हुआ अंतिम संस्कार

**पिछले कुछ दिनों से चल रहे थे बीमार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जोधपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। हाल ही में उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें जोधपुर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जोधपुर एम्स के मुताबिक मंगलवार सुबह 11 बजकर 52 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। जोधपुर में मंगलवार शाम उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे मूलतः पाली जिले के जीवंद कला निवासी थे। बाद में परिवार के साथ जोधपुर में बस गये थे। रातानाडा भास्कर चौराहा के पास महावीर कॉलोनी में उनका घर है। वे अपने गांव में सरपंच भी रह चुके थे और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। दाऊलाल वैष्णव ने जोधपुर में एक वकील और कर सलाहकार के रूप में लंबे समय तक कार्य किया। उनके परिवार में पत्नी सरस्वती वैष्णव, बड़े बेटे अश्विनी वैष्णव और छोटे बेटे आनंद वैष्णव हैं।

**पार्थिव देह को बैठाकर निकाली अंतिम यात्रा :** अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव की पार्थिव देह को बैठाकर उनके घर से बैकुंठी (अंतिम यात्रा) निकाली गयी। वैष्णव समाज में बैकुंठी निकालने की परंपरा है। अंतिम संस्कार भी पार्थिव देह को बैठा कर ही किया जाता है। जोधपुर में नागौरी गेट कागा क्षेत्र स्थित वैष्णव समाज के श्मशान घाट में शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया। अश्विनी वैष्णव ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। अश्विनी वैष्णव के पिता के अंतिम संस्कार में कागा श्मशान घाट पर सीएम भजनलाल शर्मा और भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ भी पहुंचे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 28.4 °c | 22.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.09 बजे |



# सीएम हेमंत सोरेन ने मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना

**मंत्री हफीजुल हसन की ओपन हार्ट सर्जरी गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में हुई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** झारखंड के मंत्री हफीजुल हसन का ओपन हार्ट सर्जरी गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में 4 जुलाई 2025 को हुआ था। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा, और उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। मंगलवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ अस्पताल में मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। हेमंत सोरेन ने एक्स पर इस मुलाकात की फोटो शेयर की। साथ ही लिखा कि मरांग बुरु आपको शीघ्र स्वस्थ करें, यही कामना करता हूं। बता दें कि हेमंत सोरेन कई दिनों से दिल्ली में हैं। उनके पिता और झामुमो के सुप्रीमो शिबू सोरेन कई दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। कई नेताओं और समर्थकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# राज्य में प्रशासनिक व्यवस्था ठप पड़ गयी है : बाबूलाल

**सिर्फ सोशल मीडिया में खानापूर्ति कर रहे अफसर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूबे की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। कहा है झारखंड में बीते कुछ दिनों से प्रशासनिक व्यवस्था ठप पड़ गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में अधिकारियों द्वारा सरकारी कार्यालयों में सारा कामकाज ठप कर सिर्फ सोशल मीडिया पर खानापूर्ति की जा रही है।

## खूंटी में धंस गया पुल, कोई ध्यान नहीं

खूंटी जिले के सिमडेगा-कोलेबिरा मार्ग पर पोलोल पुल भारी बारिश की वजह से ध्वस्त हो गया, जिससे आवागमन पूर्णतः बाधित हो चुका है। दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बावजूद जिला प्रशासन वैकल्पिक आवागमन या डायवर्जन की व्यवस्था नहीं कर पायी। इस रास्ते स्कूल आने जाने वाले बच्चों को सीढ़ी लगाकर करीब 25 फुट ऊपर पुल की चढ़ाई कर विद्यालय जाना पड़ रहा है। सीएम से कहा कि यदि आम जनता की परेशानियों का निदान करने के लिए भी जिला प्रशासन को आपके ट्विटर संदेश का इंतजार करना पड़ रहा है तो सारे कार्यालयों को बंद कर देना ही उचित होगा। आपसे आग्रह है कि खूंटी उपायुक्त को अगर आपके सोशल मीडिया से निर्देश से ही उक्त रास्ते में वैकल्पिक आवागमन सुनिश्चित कराना है तो कृपया यह भी कर दीजिये ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न होकर उनका भविष्य बर्बाद होने से बच जाये और आमजन को भी यातायात की असुविधा न हो।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही केंद्र सरकार : सुप्रियो

**झामुमो ने केंद्र सरकार से झारखंड का बकाया भुगतान और विशेष सहायता की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्र सरकार से झारखंड का बकाया भुगतान और विशेष सहायता की मांग की है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को ही रांची आ जायेंगे। उन्हें बैठक से पहले झारखंड की मांग से रू-ब-रू होने का अवसर मिलेगा और पूरी उम्मीद है कि वह बैठक के दौरान झारखंड की मांगों और पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान झारखंड से किये वादे निभायेंगे। झामुमो ने शाह के दौरे का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पिछली बार ओड़िशा को कई सौगात दी गयी थी, इस बार बैठक झारखंड में है और झारखंड को उसका हक-अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि झारखंड, ओड़िशा और बंगाल की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियां समान हैं। पूर्वोत्तर राज्यों खास कर झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में दो तिहाई खनिज है, लेकिन झारखंड के विकास का पैमाना वाजिब मुकाम तक नहीं पहुंचा है। इसको मद्देनजर रखते हुए गृह मंत्री को झारखंड को बड़ी सौगात देने का फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड गरीब और पिछड़ा राज्य है, इसलिए केंद्र को इसके बकाये का भुगतान और विशेष सहायता की घोषणा करनी चाहिए। झारखंड रेलवे, राजस्व और खनिज में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी केंद्र का ध्यान कम है। उन्होंने गृह मंत्री से चुनावी वादों को पूरा करने की मांग की। उन्होंने एचइसी की दुर्दशा पर चिंता जतायी, जो कभी मदर इंडस्ट्री थी। 2013 के बाद किसी केंद्रीय मंत्री ने इसका दौरा नहीं किया, जो केंद्र की प्राथमिकता में कमी को दर्शाता है। सुप्रियो ने नल-जल योजना से केंद्र के अंशदान वापस लेने को गलत ठहराया। उन्होंने पीएम आवास, मनरेगा और छात्रवृत्ति में कटौती को झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार बताया। झामुमो ने केंद्र से निष्पक्ष रवैया अपनाने की अपील की है।

# झामुमो अपनी असफलता छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा : प्रतुल शाह देव

**आंकड़े बताते हैं कि केंद्र सरकार ने झारखंड को पूरी मदद की है**

**विकास योजनाओं को राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा 6 वर्षों की असफल सरकार की विफलताओं को छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगा रही है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड का केंद्र सरकार ने झारखंड को 2024-25 के केंद्रीय बजट में रेलवे परियोजनाओं के लिए 9,853 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं, जिसमें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रांची, हटिया, और अन्य स्टेशनों का आधुनिकीकरण शामिल है। खनन क्षेत्र में रॉयल्टी और जीएसटी के माध्यम से झारखंड को उसका उचित हिस्सा मिल रहा है। जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण झारखंड सरकार ने इस योजना को लूट की भेट चढ़ा दी है। ये योजना अभी भी राष्ट्रीय औसत में सबसे नीचे है जो शर्मनाक है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 10,000 किमी से अधिक ग्रामीण सड़कें बनायी गयी हैं। केंद्र सरकार की डीएमएफटी योजना के तहत झारखंड को खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए 2024 तक 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्राप्त हुई है। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2024-25 में मनरेगा के लिए 86,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है, जिसमें झारखंड को उसकी मांग के अनुसार राशि दी जा रही है। झारखंड में मनरेगा कार्यों में देरी और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आयी हैं, जिसके लिए राज्य सरकार जिम्मेवार है। 2024-25 में जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने झारखंड के लिए 1,200 करोड़ से अधिक का आवंटन किया है। यदि राशि का उपयोग नहीं हो रहा, तो यह राज्य सरकार की प्रशासनिक अक्षमता को दर्शाता है। 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड को 2021-26 के लिए 31,000 करोड़ से अधिक की राशि दी गयी है।

**एक तरफ पैसे की मांग, दूसरी तरफ वित्त मंत्री की स्वीकारोक्ति की विभाग पैसा खर्च नहीं कर रहे**

झामुमो को केंद्र पर आरोप लगाने से पहले अपनी सरकार की विफलताओं पर ध्यान देना चाहिए। वित्त मंत्री ने खुद स्वीकार किया है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के 3 महीने बीत जाने के बाद भी अनेक विभागों में खर्च शून्य है जिसमें कृषि जैसा महत्वपूर्ण विभाग शामिल है। पिछले महीने ही कैबिनेट की बैठक के दौरान लंबे समय तक बिजली का कटना राज्य सरकार की सच्चाई से अवगत कराती है।

## पूर्णिया की घटना अत्यंत दुखद

प्रतुल ने कहा कि पूर्णिया की घटना अत्यंत दुखद है। बिहार सरकार ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की है। बिहार पुलिस ने इस मामले में तुरंत एफआइआर दर्ज की और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार बिहार में अपराध दर 2012-14 (यूपीए शासनकाल) की तुलना में 2024 में 30% कम हुई है।

# झारखंड में सबसे अधिक बारिश रांची और सबसे कम देवघर में हुई

**रांची (आजाद सिपाही)। इस वर्ष झारखंड में सबसे अधिक बारिश राजधानी रांची में दर्ज की गयी, जबकि सबसे कम बारिश देवघर जिले में हुई है। रांची में एक जून से सात जुलाई तक 263 के मुकाबले 670.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं सबसे कम बारिश देवघर जिले में 254.6 के मुकाबले 162.9 मिमी ही बारिश रिकॉर्ड की गयी। यह औसत तापमान के 36 प्रतिशत कम है, जबकि रांची में 155 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा राज्य के जिन जिलों में अब तक बारिश हुई है उनमें गढ़वा में 19, गोड्डा में 27, पाकुड़ में 22, साहिबगंज में 21 मिमी बारिश दर्ज की गयी। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश 116.8 मिमी पश्चिमी सिंहभूम के कुमारडूंगी में दर्ज की गयी। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। हालांकि बीच-बीच में बादल छाए रहे। रांची में अधिकतम तापमान 26 डिग्री, जमशेदपुर 28, डालटेनगंज में 29.4, बोकारो में 30.1 और चाइबासा में तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।**

## रेलवे ट्रैक पर हथिनी ने बच्चे को दिया जन्म, दो घंटे रोकी गयी ट्रेनें

**रांची (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ वन प्रमंडल क्षेत्र में एक भावनात्मक और दुर्लभ दृश्य सामने आया, जब एक गर्भवती हथिनी के सुरक्षित प्रसव के लिए रेलवे प्रशासन ने मालगाड़ी को दो घंटे तक रोक दिया। समय पर लिये गये इस फैसले के कारण हथिनी और उसका नवजात शावक ट्रेन की चपेट में आने से बच गये। यह घटना सरवाहा के चरही गांव के पास की है। बताया जा रहा है कि करीब 15 दिन पहले हाथियों का एक झुंड बोकारो, बसंतपुर, चींची कला और करगी गांव होते हुए सरवाहा क्षेत्र में पहुंचा था।

इसी दौरान एक हथिनी अपने झुंड से बिछड़ गयी और हजारीबाग-बरकाकाना रेलवे लाइन के पास आ गयी। रेलवे ट्रैक के समीप हथिनी की उपस्थिति की जानकारी मिलते ही वनरक्षी ने रामगढ़ के डीएफओ नितीश कुमार को इसकी सूचना दी। डीएफओ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हजारीबाग से बरकाकाना की ओर जा रही मालगाड़ी को दो घंटे के लिए रोकने का निर्देश दिया।

इस दौरान हथिनी ने सुरक्षित प्रसव किया, और जन्म के कुछ ही समय बाद उसका नवजात शावक उसके साथ लगभग 10 किलोमीटर का सफर तय कर सुरक्षित हाथी कॉरिडोर के जंगल में लौट गया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह पहली बार था जब उन्होंने इतने करीब से हथिनी के प्रसव और शावक के जंगल में लौटने का दृश्य देखा। हथिनी और उसके बच्चे के सुरक्षित लौटने के बाद रेल परिचालन दोबारा शुरू किया गया।

## कोडरमा में केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में 'दिशा' की बैठक

# झारखंड में योजनाओं की धीमी प्रगति के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार: अन्नपूर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में कोडरमा समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति यानी दिशा की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में जिला में चलायी जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं पर क्रमबद्ध चर्चा की गयी और योजनाओं से जुड़ी प्रगति रिपोर्ट का केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अवलोकन किया।

इस मौके पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उपायुक्त ऋतुराज, एसपी अनुदीप सिंह समेत जिले के तमाम अधिकारी और विधायक प्रतिनिधि के अलावा अन्य प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। बता दें कि हाल के दिनों में कोडरमा जिला में हाथियों के उत्पात को लेकर भी बैठक में चर्चा की गयी। साथ ही पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति देने का निर्देश केंद्रीय मंत्री ने जिला प्रशासन को दिया।

इसके अलावा दिशा की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ करमा में बन रहे मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रगति और नल जल योजना की समीक्षा भी की गयी। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राज्य में खराब स्थिति को देखते हुए नाराजगी जाहिर की और कहा कि राज्य सरकार नहीं चाहती कि केंद्र सरकार द्वारा लोगों के लिए भेजी जा रही मदद लाभुकों तक पहुंचे। राज्य के लोगों को शुद्ध जल देने में भी राज्य सरकार राजनीति कर रही है।

उन्होंने कहा कि जल नल योजना में राज्य में स्थिति बहुत बदतर है और पूरे देश में झारखंड इस योजना में नीचे से दूसरे पायदान पर है। इसके अलावा कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के करीबियों के घर इडी की कार्रवाई को लेकर भाजपा पर लगाये जा रहे आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी इडी या अन्य जांच एजेंसी हाथ डालते हैं, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के बड़े घालमेल का खुलासा होता है और अकूत संपत्ति सरकार के नजदीक रहने वाले लोगों के घरों से बरामद की जाती है। इसलिए राज्य सरकार ऐसे मामलों को लेकर कुछ ना ही कहें तो अच्छा रहेगा।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# जीवन में आगे बढ़ने का मूलमंत्र परिश्रम, धैर्य, ईमानदारी और समर्पण : राज्यपाल

**क्षेत्रीय अस्मिता के प्रति समर्पित स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बोकारो जिलांतर्गत बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम, नावाडीह में मंगलवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का नहीं, बल्कि स्व. बिनोद बिहारी महतो जी के विचारों और कार्यों को स्मरण करने का भी एक सशक्त अवसर है। उन्होंने कहा कि स्व. बिनोद बिहारी महतो एक महान विचारक, समाज-सुधारक और शिक्षा व क्षेत्रीय अस्मिता के प्रति समर्पित नेता थे, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक चेतना के माध्यम से समाज में परिवर्तन की अलख जगायी।

राज्यपाल ने झारखंड विधानसभा सदस्य जयराम महतो द्वारा अपने वेतन का अधिकांश भाग प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समर्पित करने की सराहना करते हुए कहा कि आशा है कि यह कदम अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुझे बरेली की जनता ने आठ बार लोकसभा में अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा। जनसेवा को सदैव अपने जीवन का लक्ष्य माना। मैंने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा जिसकी वजह से आज भी जनता का स्नेह मेरे साथ है। प्रदेश के विकास हेतु यहां के राज्यपाल के रूप में वे सदैव तत्पर हैं। राज्य सरकार को विकास कार्यों में जब कभी भी उनकी जरूरत हो, वे जनहित में हमेशा उपलब्ध हैं। आयोजन की बाबत उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में वे बहरागोड़ा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 में गये थे और वहां उन्होंने बच्चों के साथ भोजन और संवाद किया था, जो बहुत सुखद अनुभव रहा।

राज्यपाल ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित करने की सराहना की और कहा कि अवसर केवल शहरों तक सीमित नहीं है, गांव-कस्बों के बच्चे भी विकास के समान केंद्र हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे भारत के भविष्य हैं। कठिनाइयां आएंगी, लेकिन अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी परिस्थिति प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी, परिश्रम, धैर्य और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल निजी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र ही आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की नींव है। इस अवसर पर उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों, अभिभावकों और आयोजकों को बधाई दी।

समारोह में झारखंड विधानसभा सदस्य जयराम महतो, बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मी, समाजसेवी, शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


## अंतर ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दामोदर घाटी निगम कोडरमा का 78 वां स्थापना दिवस ताप विद्युत केंद्र सीएसआर के द्वारा अन्तर ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सीएसआर ग्रामीण श्रेत्र के टीम घंघरी, करियांवा, चरकीपहरी, कन्द्रपडीह, कोसमाडीह, तमाय, कांटी, खेडोवर के टीम ने भाग लिया। उद्घाटन मैच चरकीपहरी बनाम करियांवा खेला गया। जिसमें उद्घाटन महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर, मुखिया श्याम देव यादव, विनोद यादव, संजय साव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सीएसआर सहायक प्रबंधक कुलदीप राम, कौशिक राम, असीम अमित परिंदा, धीरेन्द्र, अश्विनी सिंह, अनुपम सिंह सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक संपन्न



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कोडरमा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इसमें संगठन के 77वें स्थापना दिवस (राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस) के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तय की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 जुलाई की सुबह 7 बजे जेजे कॉलेज परिसर में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें बड़ी संख्या में युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से होगी। जिला संयोजक अतुल आनंद ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने के नाते हमें गर्व है कि हम 9 जुलाई को 77वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस वर्ष हम अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक प्रभावी ढंग से करेंगे। बैठक में विभाग संयोजक विजय झा, जिला संगठन मंत्री नितेश कुमार सहित आकाश कुमार, सुधांशु यादव, आकाश रावत, राहुल राज, सुभाष यादव, रितु कुमारी, सुभाष मेहता, अंकित कुमार, सन्नी रजक, राहुल कुमार मेहता, जेनिश गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## थाना के सामने कचरा का अंबार, प्रशासन बेखबर




**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर के ठीक सामने ब्लॉक चौक में कचरा का अंबार लगा है। जिससे न केवल गंदगी और दुर्गंध फैल रही है बल्कि आने-जाने वाले आम नागरिकों स्कूली बच्चों और पुलिस कर्मियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरा फैलाने वाले लोगो के द्वारा कई दिनों से कचरा साफ नहीं किया गया है। इससे मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है और संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। ऐसी स्थिति सिर्फ ब्लॉक चौक में ही नहीं है बल्कि मरकच्चो बाजार व मरकच्चो के कई जगहों पर इस तरह का कचरा फैला हुआ है। सवाल यह उठता है कि जब थाना जैसे संवेदनशील और प्रशासनिक स्थान के सामने की सफाई नहीं हो रही है तो ग्रामीण इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने प्रखंड प्रशासन से तत्काल सफाई करवाने की मांग की है।

## स्कूल में कार्यरत गार्ड का शव बरामद



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में एके मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड़ के छात्रावास में रह रहे छात्रों ने विद्यालय में कार्यरत गार्ड शिव शंकर यादव उम्र लगभग 55 वर्ष इचाक निवासी को स्कूल से कुछ दूरी पर मृत अवस्था में देखा गया। आनन फानन में विद्यार्थियों ने इसकी सूचना विद्यालय के शिक्षकों को दिया। उसके पश्चात लोगों की भीड़ वहां जमा हो गयी। बताते चलें कि शिव शंकर यादव अभिषेक कुमार मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल परसाबाद कटिया में गार्ड के रूप में काम करते थे। सोमवार की सुबह 6 बजे उनके शव को स्कूल के कुछ दूरी पर देखा गया। घटना की जानकारी परिजनों को दिये जाने पर परिजनों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर बवाल काटा। मामले की जानकारी जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार को मिलने के पश्चात वह स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और मामले का तहकीकात किया। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। मृतक के परिजन लक्ष्मण यादव और कृष्णा यादव ने आरोप लगाया कि मृतक किसी भी प्रकार का नशा नहीं करता था। उसे कोई बीमारी नहीं थी, वह स्वस्थ था, निश्चित तौर पर विद्यालय के द्वारा उन्हें टॉर्चर किया होगा या किसी अन्य तरीके से उसे मारा गया होगा और साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से उसे विद्यालय से कुछ दूरी पर ले जाकर रख दिया। थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टिकोण से रक्तचाप लो हो जाने के कारण या हृदय घात के कारण मृत्यु की संभावना बन रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात मामले का खुलासा हो पायेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## कपड़ा और किताब दान अभियान का आयोजन




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक वार्ड में कपड़ा और किताब दान कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 7 जुलाई से 19 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें नागरिक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने पुराने परंतु उपयोगी कपड़े और किताबें दान कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाना है। आपके द्वारा दान किये गये कपड़े और पुस्तकें किसी के जीवन में नई रोशनी और उम्मीद लेकर आ सकती हैं। नगर परिषद ने सभी वार्डों में अलग-अलग स्थानों पर दान कैम्प लगाने की व्यवस्था की है। नगर परिषद ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लें और समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभायें।

# मुहर्रम जुलूस में भड़काऊ भाषण का वीडियो वायरल, सात गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा बाजार में निकाले गए मुहर्रम जुलूस में आपत्तिजनक नारे लगाने और भड़काऊ भाषण बजाने का वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसको लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला दर्ज किया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने आरोप लगाया कि जुलूस में भड़काऊ नारे लगाना जिला शांति समिति की बैठक में लिए गये निर्णय का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि बैठक में घातक हथियार का इस्तेमाल नहीं करने, डीजे का इस्तेमाल नहीं करने और भड़काऊ भाषण बजाने पर रोक लगाए जाने का निर्णय हुआ था



लेकिन कोडरमा में निकले जुलूस में इसका पालन नहीं किया गया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और राज्य कर पदाधिकारी संजय कुमार ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया। आरोप है कि 15 मिनट में पुलिस हटा दो जैसे भड़काऊ भाषण बजाये गये, आपत्तिजनक पोस्ट किया गया, वहीं एक युवक पाकिस्तान का झंडा जैसा लिया हुआ था। यह मामला सामने आने के बाद पुलिस ने डीजे संचालक, जुलूस अध्यक्ष, सदस्य और अन्य करीब सौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं सात युवकों को चिन्हित करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इन सात युवकों में उमर फारुख (24), हसनैन रजा (22), आमिर आलम (25), मो असलम (25), तनवीर आलम (31), फैजान रजा (24) और मो जमशेद आलम (46) शामिल हैं। सभी कोडरमा थाना अंतर्गत दर्जीचक लखीबागी के हैं। कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि कोडरमा थाना में कांड संख्या 121/25 दर्ज किया गया है, अभी डीजे संचालक फरार है।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार

**गिरफ्तार लोगों में ऊमर फारूख (24 वर्ष पिता मो असगर अली), मो हसनैन रजा (22 वर्ष, पिता मो बदरुद्दीन), मो आमिर आलम (25 वर्ष, पिता मो जावेद), मो असलम (25 वर्ष, पिता मो इरशाद), तनवीर आलम (31 वर्ष, पिता बसीर अहमद), मो फैजान रजा उर्फ अरमान (24 वर्ष, पिता मो मोबिन) मो जमशेद आलम (46 वर्ष, पिता स्व अख्तर हुसैन) के नाम हैं। वहीं डीजे संचालक फरार है।**

# झुलसे मरीजों से मिले मुन्ना सिंह, सड़क की बदहाली पर जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह ने मंगलवार को सदर प्रखंड के पौंता पंचायत स्थित तुरांव गांव में झुलसे हुए पीड़ितों से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाकर मुलाकात की। उन्होंने भर्ती मरीजों के परिजनों से मिलकर उनकी स्थिति की जानकारी ली, ढांढस बंधाया और उन्हें आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार उनके साथ है। उन्होंने अस्पताल



अधीक्षक प्रो. डॉ. अनुकरण पूर्ति से भेंट कर पीड़ितों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुन्ना सिंह ने हजारीबाग की लाखे मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति का जायजा लिया। सड़क पर जल-जमाव, कीचड़ और गंदगी की गंभीर हालत को लेकर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से फीडबैक लिया और स्वयं मौके पर स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा यह सड़क आज एनएचएआइ के उदासीनता की प्रतीक बन चुकी है। जनता रोजाना जिस पीड़ा से गुजरती है, वह किसी भी ज़िम्मेदार व्यवस्था के लिए शर्मनाक है। उन्होंने तत्काल नगर आयुक्त से फोन पर बातचीत कर स्थिति की जानकारी दी और त्वरित समाधान की मांग की। नगर आयुक्त ने बताया कि यह सड़क तकनीकी रूप से एनएचएआइ के अधीन आती है, और पूर्व में इसके लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गयी थी। हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब इसे प्राथमिकता में लेते हुए कार्य किया जायेगा।

## विधि जैन बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट लोगों ने दी बधाई

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। पानी टंकी रोड निवासी मनीष जैन और सीमा जैन की पुत्री विधि जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा में सफलता दर्ज की है और एक साथ दोनों ग्रुप में उत्तीर्ण हुई है। विधि ने पांचवी तक की प्राथमिक शिक्षा क्लोरोफिल स्कूल में पायी और पांचवीं से 12वीं तक ग्वालियर के प्रसिद्ध सिंधिया स्कूल में पढ़ाई की। 2019 में कोलकाता यूनिवर्सिटी से बीकॉम की पढ़ाई पूरी की। क्लोरोफिल स्कूल की प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने कहा कि हम विधि जैन की सफलता पर विशेष रूप से बहुत प्रसन्न हैं। विधि के पिता मनीष सेठी ने बिटिया की प्राथमिक शिक्षा की मजबूत बुनियाद बनाने के लिए क्लोरोफिल स्कूल का धन्यवाद करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। अर्नस्ट एंड यंग में इंटर्नशिप करने के बाद विधि जैन कॉर्पोरेट भारत के उद्योग जगत से जुड़ना चाहती हैं और भविष्य का विकसित भारत बनाने में योगदान देना चाहती है। विधि तीन भाई बहनों में सबसे छोटी है, सबसे बड़ी बहन रिद्धि और भाई शाश्वत दोनों बीटेक करने के बाद बतौर सॉफ्टवेयर डेवलपर कॉरपोरेट इंडिया को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विधि जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिकचंद सेठी की पौत्री है। मित्रों और परिचितों से मिलने वाली बधाई और शुभकामना संदेशों का तांता लगा है। सुरेश झांझरी, पिंकी जैन, मुकेश सेठी, राजकुमार अजमेरा, संजय पाटनी, किशोर जैन और अजय अग्रवाल ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।**

# सांसद मनीष धरने में हुए शामिल

### कोल कंपनी की मनमानी के खिलाफ गोलबंद हैं ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**करेडारी।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित चट्टीबरियातू कोल माइंस परियोजना एक बार फिर विवादों में घिर गयी है। आउटसोर्स कंपनी ऋत्विक पर जनभावना और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए केरेडारी प्रखंड के चट्टीबरियातू गांव स्थित बड़ा तालाब (लातो आहर) के मेढ़ को काटने और ड्रिल के जरिये पानी निकालने का आरोप लगा है। यह घटना सोमवार रात करीब 2 बजे सामने आयी जब ग्रामीणों ने पोकलेन मशीन का उपयोग कर गुपचुप तरीके से किये जा रहे इस प्रयास का तीव्र विरोध किया। ग्रामीणों के अनुसार जैसे ही उन्हें इसकी भनक लगी वे इकट्ठा हुए और काम को रोका। ग्रामीणों के विरोध के बाद पोकलेन चालक और अन्य कर्मचारी मशीन छोड़कर फरार हो गये। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीण तुरंत गोलबंद हो गये और मंगलवार सुबह इसकी सूचना हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल को दी। सूचना मिलते ही सांसद मनीष जायसवाल तत्काल चट्टीबरियातू के संबंधित तालाब पर पहुंचे और पूरी घटना का



बारीकी से जायजा लिया। उन्हें पता चला कि यह तालाब चट्टीबरियातू, नावाडीह, पगार, भुइयांटोली सहित आसपास के कई गांवों के लोगों के लिए नहाने-धोने और सिंचाई का मुख्य स्त्रोत है। मौके का मुआयना करने के बाद सांसद जायसवाल चट्टीबरियातू मंदिर प्रांगण पहुंचे जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से विस्तार से विमर्श किया। इसके बाद उन्होंने चट्टीबरियातू कोल माइंस परियोजना के परियोजना प्रमुख (एचओपी) सी.वी. नवीन से मोबाइल पर बात की। सांसद ने उन्हें को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि कंपनी जनभावना के खिलाफ कोई भी कार्य करती है तो एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि के तौर पर वे हर स्तर पर इसका विरोध करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कंपनी को ग्रामीणों के साथ भाईचारे और समझौते के साथ काम करना चाहिए न कि जोर-जबर्दस्ती से। सांसद मनीष जायसवाल ने परियोजना प्रमुख को स्पष्ट रूप से बताया कि वह जनता के साथ चार घंटे तक धरने पर बैठे रहे। सांसद मनीष जायसवाल के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, भाजपा नेता जुगनू सिंह, बड़कागांव भाजपा मंडल के सांसद प्रतिनिधि रंजीत मेहता, भाजपा नेता उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नरेश महतो, शिबू मेहता, नारायण यादव, प्रकाश गुप्ता, प्रीतम साहू, बालगोविंद सोनी, अमित कुमार गुप्ता, आजसू नेता पंकज साहा, कंचन यादव, नरेश महतो, संजय दुबे, कर्मचारी साव, उदय मेहता, विधा अलंकार सहित अन्य गणमान्य लोग सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद हैं ।

## राजस्व संबंधी मामलों को लेकर आयुक्त ने की बैठक

# लंबित मामलों का निष्पादन जल्द करने का दिया निर्देश

### भूमि हस्तांतरण, भूमि अधिग्रहण, बंदोबस्ती, लीज, दाखिल-खारिज और अन्य राजस्व मामलों की हुई समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त कार्यालय, हजारीबाग में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ राजस्व संबंधी विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भूमि हस्तांतरण,



भूमि अधिग्रहण, बंदोबस्ती, लीज, दाखिल-खारिज और अन्य राजस्व मामलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। आयुक्त ने जिलेवार लंबित प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित उपायुक्तों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाये। आयुक्त ने कहा कि राजस्व मामलों का निष्पादन आम जनता से सीधे जुड़ा विषय है इसलिए मामलों का निष्पादन ससमय करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाये और सभी कार्य निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही पूर्ण हों। बैठक में आयुक्त पवन कुमार के अलावे हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन, रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री, कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा सहित संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्ञान केंद्र पहुंचकर शिक्षा ग्रहण करें बच्चे : विजय यादव



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि गांव और पंचायतों में शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कवायद शुरू की गयी थी। जिसके तहत बरही के कई पंचायतों में भी ज्ञान केंद्र खोले गये। लेकिन वर्तमान में कुछ केंद्रों को छोड़कर बच्चे ज्ञान केंद्र नहीं पहुंच रहे है। जिसको लेकर उन्होंने छात्र-छात्राओं से ज्ञान केंद्र पहुंचकर शिक्षा ग्रहण करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पंचायत में ज्ञान केंद्र खोलने का उद्देश्य गांवों में पठन - पाठन की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। ग्रामीण लोगों में पढ़ने और संस्कृति को बढ़ावा देना और क्षमता में सुधार करना है। सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करना है साथ ही सही समय पर सही जानकारी देना और देश और दुनिया के ज्ञान से जोड़ना, ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से ज्ञान को आदान - प्रदान करना जैसे कार्य शामिल है। वहीं उन्होंने कहा कि ज्ञान केंद्र में छात्र - छात्रों के लिए लाइब्रेरी, कंप्यूटर सहित कई अन्य चीजों का व्यवस्था किया गया है।

## इचाक में जनप्रतिनिधियों ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता, मुखिया सह मुखिया संघ जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, बोंगा मुखिया उमेश मेहता ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता ने कहा कि मैं अक्सर कस्तूरबा विद्यालय जाकर छात्राओं का हाल-चाल जानने का प्रयास करता रहता हूं। अपने स्तर से विद्यालय के प्रति विकास के कार्यों पर ध्यान देता हूं। जिसमें विधालय का पाकशाला, छात्रावास, पठन पाठन की गुणवत्ता अलग-अलग क्लासों में जाकर ली। पाकशाला मेनू के अनियमित का शिकायत मिली थी जिसमें वार्डन को सुधार करने की बात कही गयी। मौके पर सीआरपी अजय मेहता, मुरली मेहता, वार्डन शोभा पांडे, शिक्षिका प्रियंका मेहता, सोनी कुमारी, करुणा कुमारी, राखी कुमारी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में लगातार हाथियों का आतंक जारी




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत के मिर्जापुर गांव में हाथियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। जिन क्षेत्रों में हाथियों द्वारा आतंक मचाया जा रहा है। उस क्षेत्र के लोग रात भर भयभीत रह रहे हैं। बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत में हाथियों के द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। कई ग्रामीणों के घर उजाड़ दिया गया। फसलों को रौंद डाला। दिन प्रतिदिन किसानों का लाखों का नुकसान हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी का घर भी उजड़ गया और हमारे साल भर का रखा हुआ अनाज भी हाथियों ने चट कर दीया। अब हम लोगों के समक्ष साल भर क्या खाएंगे इसके लिए संकट उत्पन्न हो गयी है।

## बाबा धाम में जल चढ़ाने के लिए 500 किलोमीटर पैदल यात्रा की शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत के चार युवकों ने देवघर स्थित बाबा धाम में जल चढ़ाने के लिए पैदल यात्रा मुरली धाम पहाड़ से शुरू किया। इन भक्तों को हौसला बढ़ाने के लिए पूर्व मुखिया सोनी देवी, चंद्रिका साव ने रवाना किया। भक्तों को बड़कागांव पहुंचने पर काली मंदिर में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, अस्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंहा, बैजनाथ महतो बैद्यनाथ कुमार महतो, वीरेंद्र प्रसाद महतो, शिक्षक देवेंद्र कुमार ने भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया। इन भक्तों को जूस व फल देकर सेवा किया और आर्थिक सहयोग भी किया गया। पैदल यात्रा करने वालों में मुख्य रूप से कृष्ण कुमार पिता डास साहब, रंजन कुमार पिता तुलसी शाह, बबलू कुमार पिता टीपू शाह, सागर कुमार पिता लालदेव साहू है। ये सभी भक्त नापोखुर्द, बड़कागांव से सुल्तानगंज, देवघर और बासुकीनाथ (500 किलो मीटर ) तक पैदल चलकर बाबा भोलेनाथ की शिवलिंग में जल चढ़ाएंगे। यह चारों भक्त अपने-अपने कांवर में मुरली धाम पहाड़ से 21 - 21 लीटर जल उठाकर पैदल यात्रा कर रहे हैं। इन भक्तों को स्वागत करने में बड़कागांव मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, दिनेश प्रसाद सिन्हा, वैद्य कुमार महतो, बैजनाथ महतो, वीरेंद्र प्रसाद महतो, देवेंद्र कुमार, कमलेश श्रीवास्तव, रामवृक्ष राम, भोला उर्फ विकास मालाकार आदि ग्रामीण शामिल थे।

## मुनका बगीचा पौराणिक मंदिर विवाद फिर गहराया, मुनका समाज अपने वादे से मुकरा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग मुनका बगिचा के पौराणिक शिव मंदिर कि विवाद थमता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है मंगलवार को सनातनी शिव भक्त महिलाओं ने मुनका बगीचा धर्मशाला के मेन गेट पर ही भजन कीर्तन प्रारंभ कर दिया है इन्होंने आरोप लगाया है कि मुनका समाज वादा खिलाफी कर रही है इन्होंने कहा था कि जिस पौराणिक मंदिर के शिवलिंग को इन्होंने उखाड़ दिया तो उसकी स्थापना करवायेंगे और उक्त मंदिर का भी जिर्णोद्धार करेंगे, लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ है हमलोगों को आश्वासन दिया गया था कि मंदिर में पूजा पाठ नहीं रोका जायेगा लेकिन इतना दिन बित जाने के बाद आज मुख्य द्वार पर ही ताला बंद कर दिया है जिससे आहत होकर हमलोग गेट पर ही भजन कीर्तन कर रहे हैं। बताते चलें कि हजारीबाग शहर के कृष्ण वल्लभ सहाय रोड के कानी बाजार में मुनका समाज का एक धर्मशाला है जिसके अंदर वर्षों एक सैकड़ों वर्ष पुराना प्राचीन शिव मंदिर विराजमान हैं, जिसमें सनातनी शिव भक्त लगातार पुजा अर्चना करते आ रहे हैं। विगत 25 मई को एक दु:खद घटना में पौराणिक मंदिर में विराजमान शिवलिंग और अन्य देवी देवताओं के मुर्तियों को हटा दिया गया था जिससे कानी बाजार के नागरिकों ने आमरण अनशन किया था जिसके बाद मुनका समाज के अध्यक्ष ने लोगों से क्षमा मांगते हुए मुर्गियों को और शिवलिंग को पुनर्स्थापित करने का लिखित आश्वासन दिया था। उक्त आंदोलन में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने अपनी भूमिका निभायी थी अब देखना होगा कि मुनका समाज गेट का ताला कब खोलता है और मंदिर बन पाती है मुनका समाज उसे शहीद करता है तथा सनातनी शिव भक्त कब तक मंदिर को बचा पाते हैं, वहीं भजन रत महिलाओं ने कहा है कि हमलोग यहां हमेशा से पुजा अर्चना करते आये है और करते रहेंगे ।

## तोपा पीओ ने प्रतिनिधियों से हड़ताल से दूर रहने की अपील



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा पीओ कार्यालय में कोल इंडिया में विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वारा आहूत हड़ताल को लेकर श्रमिक प्रतिनिधियों संग प्रबंधन की बैठक हुई। इस दौरान पीओ एमके सिंह ने सीसीएल सीएमडी का अपील पत्र पढ़कर प्रतिनिधियों से हड़ताल से दूर रहने की अपील की गयी। बैठक में कई श्रमिक नेता मौजूद रहे।

## संयुक्त मोर्चा ने करमा में की आमसभा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संयुक्त मोर्चा ने मंगलवार को केंद्र सरकार के श्रम कानूनों का विरोध में आहूत चक्का जाम हड़ताल के समर्थन में सीसीएल करमा परियोजना वर्कशाप में आमसभा की। आमसभा के दौरान विभिन्न मोर्चा के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार की प्रस्तावित चार श्रम कानूनों को मजदूर विरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार के प्रस्तावित श्रम कानून वेज बोर्ड को समाप्त करने, सप्ताह में 90 घंटे कार्य करने, प्रबंधन व मजदूरों के बीच अपने अधिकारों की बात आदि के नुकसान से कोयला श्रमिकों के साथ आने वाली भावी पीढ़ी भी प्रभावित होगी। वहीं, सरकार विरोधी नारे भी लगाये गये। सभा में देवेंद्र शर्मा, जगदीश महतो, राजकुमार महतो, संतोष कुमार, पंकज सिंह, धनेश्वर महतो, वाहिद अंसारी, शशि कुमार, सुदेश उरांव समेत कई श्रमिक शामिल रहे।

## घर के पास खड़ी स्कॉर्पियो की हुई चोरी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर स्थित रजरप्पा मोड़ से अज्ञात चोरों द्वारा एक स्कॉर्पियो वाहन की चोरी कर ली गयी है। इस संबंध में स्कॉर्पियो मालिक रंजीत प्रसाद पिता शिव शंकर प्रसाद द्वारा रजरप्पा थाना में आज्ञात चोरों के खिलाफ स्कॉर्पियो चोरी कर लिए जाने का मामला दर्ज कराया है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार उसका कहना था कि 08 जुलाई दिन मंगलवार को अहले सुबह लगभग एक बजे के करीब मेरे पुत्र विवेकानंद प्रसाद द्वारा मेरा स्कार्पियो वाहन ( JHOS DJ 0777 ) को मेरे आवास में खड़ा कर सो गया। जब सुबह उठकर देखा तो स्कॉर्पियो वाहन गायब दिखा। जिसके बाद हमलोगों ने सीसीटीवी चेक किया तो दो लोगो द्वारा मेरे स्कॉर्पियो वाहन को चुराकर ले जाते हुए दिखाई दिया। जिसके बाद हमने तुरंत 112 नंबर में कॉल करके पुलिस को इसकी सूचना दिया गया। थाना में आवेदन देकर उन्होंने स्कॉर्पियो वाहन ढूंढने व चोरों को गिरफ्तार करने की मांग किया। इधर घटना की जानकारी होते ही रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन किया। इस बाबत उनसे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। जल्द ही स्कॉर्पियो चोरी की घटना का उदभेदन कर लिया जायेगा।

## पावन क्रूस विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पावन क्रूस विद्यालय भुरकुंडा के खेल मैदान परिसर में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने आस-पास क्षेत्रो में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा रखने में योगदान देने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर सुमंती ने कहा कि पेड़ न केवल हमारे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन को कम करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और वन्यजीवों को आवास देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। पौधारोपण कार्यक्रम में मो. कमरुद्दीन, सुधीर प्रसाद, रेणु पॉल, रजनी डुंगडुंग, निर्मला, कंचन मिंज, रजनी सिन्हा, आशा मिंज, संगीता गिद्ध, सुश्री मानशी, पूजा, नेहा, आनंद टेटे, मनीष लकड़ा सहित अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## सभी पात्र बच्चों का खोला जा रहा बैंक खाता विद्यालयों में चल रहा विशेष शिविर अभियान



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले में सभी पात्र विद्यार्थियों का बैंक खाता खोले जाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त कीर्तिश्री द्वारा शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये कि जिले के प्रत्येक पात्र छात्र-छात्रा का बैंक खाता अनिवार्य रूप से खोला जाए, ताकि शैक्षणिक और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे बच्चों को मिल सके। उक्त निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय तथा अग्रणी जिला प्रबंधक एलडीएम कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है। सभी बैंकों के बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट्स (इउ) विभिन्न विद्यालयों में जाकर बच्चों का खाता खोलने की प्रक्रिया को अंजाम दे रहे हैं। इस अभियान को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज के नेतृत्व में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसके उपरांत विद्यालय स्तर पर बैंकिंग कैंप लगाए जा रहे हैं। यह पहल बच्चों के बैंकिंग समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें विभिन्न शासकीय लाभों का समय पर और पारदर्शी ढंग से लाभ प्राप्त हो सकेगा। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग एवं सीएससी केंद्रों के माध्यम से 16 जून से 1 जुलाई 2025 तक विशेष शिविर अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 17,292 पात्र लाभुकों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया गया। यह आंकड़ा 7 जुलाई तक का है। वर्तमान में 1 जुलाई से प्रज्ञा केंद्रों और सहिया दीदियों द्वारा लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। उक्त अभियान की निरंतर निगरानी अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया द्वारा की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके। यह अभियान जिले के विकास और जनकल्याण की दिशा में एक सशक्त पहल है।

### तोपा सीसीएल प्रबंधन ने अवैध उत्खनन मुहानों का लिया जायजा

# तोपा इलाके में अवैध मुहानों को ध्वस्त करने का अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल करमा कोलियरी में अवैध खनन के दौरान हुए हादसे के बाद सीसीएल तोपा प्रबंधन ने सतर्कता अपनाते हुए अवैध कोयला उत्खनन मुहानों में डोजरिंग अभियान चलाया। मंगलवार को तोपा परियोजना से सटे ग्राम बनवार में डोजरिंग अभियान के तहत एक अवैध कोयला उत्खनन स्थल को शावेल व डोजर के ध्वस्त किया गया। डोजरिंग अभियान कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह व क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी तबरेज आलम के नेतृत्व में हुई।



**अधिकारियों ने एक दिन पूर्व ही अवैध मुहानों का लिया था जायजा :** सीसीएल कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने सोमवार को कई अवैध कोयला उत्खनन मुहानों का जायजा लिया। साथ ही, वीडियोग्राफी की गयी। वहीं, अधिकारियों ने मुहानों के अंदर प्रवेश कर उत्खनन कार्य कर रहे लोगों से लाउडस्पीकर के माध्यम से बाहर आने की अपील की गयी थी। इस दौरान कोयला तस्कर द्वारा बनाये गये कई अवैध मुहानों में लबालब पानी भरा था। वहीं, एक दो अवैध मुहानों में नहीं था।

**अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी : अधिकारीद्वय:** डोजरिंग अभियान के दौरान अधिकारीद्वय ने बताया कि आगे भी अवैध कोयला खनन पर रोक को लेकर डोजरिंग अभियान जारी रहेगा। किसी भी हाल में अवैध कोयला खनन कार्य नहीं चलने दिया जायेगा। साथ ही, संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### अभियान में ये थे शामिल

अभियान में कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह, तोपा सेफ्टी ऑफिसर निखिल कुमार, सुरक्षा विभाग के हेमंत सिंह, तोपा सुरक्षा प्रभारी शंकर राम, शिवशंकर मांझी, बबलू मांझी, रमेश राउत, अजय कुमार, नागेश्वर मुंडा, भुखर कुम्हार, आजिम मियां समेत होम गार्ड की टीम शामिल रहे।

### सीबीएसइ कलस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 की तैयारी को लेकर प्रेस वार्ता

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय और रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड में होगा टूर्नामेंट का आयोजनः डॉ सुजीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी रामगढ़ द्वारा आयोजित छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 10 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक सम्पन होगा। फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी के संबंध में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। प्रेस वार्ता में राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, डॉ. संजय प्रसाद सिंह शामिल थे। मौके पर बताया गया कि सीबीएसई फुटबॉल टूर्नामेंट राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान और रामगढ़ फुटबॉल मैदान में छह दिनों तक बिहार और झारखंड के विभीन्न टिमों के बीच होना सुनिश्चित हुआ है।




**मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि करेंगे टूर्नामेंट का शुभारंभ**

इस समारोह में राज्य के मुख्य और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा उद्घाटन और समापन किया जायेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रहीं है। राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती ने छ दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन राधा गोविंद पब्लिक स्कूल रामगढ़ के लिए बहुत ही ऐतिहासिक पल होगा। झारखंड-बिहार के कुल 65 टीमें लेगी भाग

इस टूर्नामेंट में बिहार और झारखंड राज्यों के सीबीएसइ से संबद्धता प्राप्त स्कूलों के के कुल 65 टीम जिसमे अंडर-14 ग्रुप में 17 टीम अंडर 17 ग्रुप में 28 टीम अंडर-19 ग्रुप में 20 टीम का अभी तक रजिस्ट्रेशन हो चुका है। 1200 विद्यार्थियों के लिए सहने और खाने का पूरी व्यवस्था की गयी है। विद्यालय प्रबंधन ने राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रामगढ़ में सीबीएसई दिल्ली द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रतिभागियों को बधाई दी है तथा सभी प्रतिभागियों से खेल भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की है।

# डीडीसी ने मार्केट कांप्लेस और योजनाओं का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** रामगढ़ डीडीसी आशीष अग्रवाल ने मंगलवार को रजरप्पा चौक स्थित मार्केट कंपलेक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कंपलेक्स के शौचालय और परिसर में पड़े गंदगी को अभिलंब साफ सफाई करने का निर्देश दिया। वहीं कॉम्पलेस में वर्षो से बकाया भाड़ा को जल्द से जल्द भुगतान करने का आदेश दिया। भाड़ा भुगतान नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई करने का चेतावनी भी दी। इसके अलावे उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के रकुवा, हेसा पोडा पंचायत में संचालित आम बागवानी, अबुआ आवास, कूप सहित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने समय योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा, बीपीओ कामख्या नारायण प्रसाद, रोजगार सेवक बालेश्वर महतो आदि थे।



## ग्रामीणों ने हिंदियाखुर्द में धूमधाम से मनायी महदानी पूजा

**कुंदा /चतरा(आजाद सिपाही)।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंदियाखुर्द गांव के धमधमिया पहाड़ी में महदानी पूजा बड़े धूमधाम से मनाया गया। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि यह पूजा वर्षों से पूर्वजों द्वारा मनाया जाता रहा है। आज भी यह परंपरा जारी है। लड़की व महिलायें पूजा का प्रसाद ग्रहण नहीं करती हैं। इस पूजा में गांव के सभी लोग शामिल होते हैं और प्रसाद बनाकर एक साथ बैठकर खाते हैं। पूजा समिति के सदस्यों में संतोष गंझु, सुनील गंझु, सोमर गंझु, जेठा रायात अनिल पाहन, राजिंद्र पाहन, गांव मालिक बिजय सिंह भोक्ता,अनुज सिंह भोक्ता इन सभी के देख रेख में पूजा शांति पूर्ण संपन्न हुआ।

### आपदा मित्र प्रशिक्षण का तीसरा दिन, डीडीसी ने किया निरीक्षण

# 15 जुलाई तक 2500 आपदा मित्र मास्टर ट्रेनर किये जायेंगे तैयारः डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा बड़ी पहल की गयी है। जिसके तहत आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर और फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण अगले छह माह में जिले के 2 लाख लोगों को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में प्रशिक्षण के तीसरे दिन मंगलवार को उपविकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने टाउन हॉल रामगढ़ में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।



**15 जुलाई 2025 तक 2500 आपदा मित्र मास्टर ट्रेनर होंगे तैयार :** जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 15 जुलाई 2025 तक 2500 आम जनों, विद्यार्थियों आंगनबाड़ी सेविकाओं आदि को प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र और मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जायेगा। जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आम जनों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर और फर्स्ट एड देने के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर उपविकास आयुक्त आशिष अग्रवाल ने सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा की गयी इस पहल की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सभी को आकस्मिक परिस्थितियों में किये जाने वाले कार्य जो प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही है उन्हें अच्छी तरह सुनने व समझने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की दुविधा को प्रशिक्षण के दौरान नहीं दूर कर लेने की अपील की।

**प्रशिक्षण में बारीकी से दी जा रही है जानकारी :** प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों और ऑडियो विजुअल कंटेंट के माध्यम से सभी को सीपीआर, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना और दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किये जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किये जाने वाले कार्यों को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आपदा मित्र को प्रैक्टिकल भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आपदा मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब हो कि 15 जुलाई तक आयोजित प्रशिक्षण के दौरान तैयार 2500 आपदा मित्रों (मास्टर ट्रेनरों) द्वारा पूरे जिले में 2 लाख लोगों को आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान सीपीआर और फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दी जायेगी।

## पतरातू में शराब दुकानों को किया गया सील



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू क्षेत्र के न्यू मार्केट स्थित एक अंग्रेजी दूसरा देशी और पतरातू मेन रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान को मंगलवार को आबकारी विभाग के द्वारा सील कर दिया गया। इस बारे में आबकारी विभाग के अमित मरकी ने बताया कि सरकार के द्वारा शराब बिक्री की प्रक्रिया में बदलाव का रही है। अब तक शराब की दुकान मैंन पावर आपूर्ति कंपनी के द्वारा चलायी जा रही थी, अब दूसरे प्रक्रिया से दुकानें चलायी जानी है। इसलिए वर्तमान व्यवस्था में बची हुई शराब, पंजी, स्टॉक आदि की जांच पड़ताल कर दुकान सील की जा रही है। मौके पर बतौर मजिस्ट्रेट जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के देखरेख में सारी प्रक्रियाएं पूरी की गयी। इस मौके पर आबकारी विभाग के अनुज कुमार, मनीषदेव सहित मैंन पावर आपूर्ति कंपनी के लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल आज, संयुक्त मोर्चा ने सफल बनाने का किया आह्वान



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** देश के विभिन्न श्रम संगठनों द्वारा केंद्र सरकार के मजदूर व उद्योग विरोधी नीतियों के खिलाफ नौ जुलाई को राष्ट्र व्यापी हड़ताल का अह्वान किया गया है। सीसीएल बरका -सयाल क्षेत्र में हड़ताल की सफलता को ले संयुक्त मोर्चा ने पूरी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को बरका - सयाल महाप्रबंधक कार्यालय में संयुक्त मोर्चा ने आमसभा किया। अध्यक्षता मोर्चा के संरक्षक विंध्याचल बेदिया व संचालन संजय शर्मा ने किया। सभा में मुख्य रूप से झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव संजीव बेदिया उपस्थित थे। श्री बेदिया ने कहा कि पूरे बरका - सयाल क्षेत्र में नौ जुलाई को देश व्यापी हड़ताल एतिहासिक रहेगा। सभी खादान, आउटसोर्सिंग कंपनी एवं ट्रांसपोर्टिंग बंद रहेगा। आगे उन्होंने कहा हड़ताल को झारखंड सरकार ने भी समर्थन दिया है। मौके पर महादेव मांझी, बासुदेव साव, सुखदेव प्रसाद, देवेन्द्र सिंह, जेपीएन सिंन्हा, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, अर्जुन सिंह, अशोक गुप्ता,दशरथ कुर्मी, राजू चंदेल, जी आर भगत, रामाकांत दुबे, बिनोद मिश्रा, चमन मुंडा, इंद्र देव राम, नरेश मंडल, मोहन सोरेन, सुरेश प्रसाद, महावीर प्रसाद, आजाद भुइंया, जगरनाथ पासवान, लालो महतो, विश्वनाथ मांझी, संजय यादव, बासुदेव उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी समिति की हुई बैठक



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी समिति की बैठक चितरपुर प्रखंड के सांडी गांव स्थित पैक्स भवन पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता महासभा के भोला राम मांझी संचालन जिला संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती ने की। बैठक में समन्वय समिति द्वारा आगामी दिनांक 10 अगस्त को होने वाले रामगढ़ जिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आहूत किया गया है कार्यक्रम के सफल तैयारी को लेकर चितरपुर प्रखंड संयोजक मंडली का गठन किया गया साथी चितरपुर प्रखंड के आंदोलनकारी साथियों द्वारा अपने-अपने विचारों को बैठक में अपने विचारों को रखने का काम किया साथ ही झारखंड अलग राज्य के महान आंदोलनकारी दिशुम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना सभी आंदोलनकारीसाथियों द्वारा की गयी। चितरपुर प्रखंड कमेटी का संयोजक मंडली गठन किया गया। जिसमें जगरनाथ महतो, सुलेमान अंसारी, जागेश्वर नागवंशी सतीश कुमार, मथुरा प्रसाद महतो, ठाकुरदास महतो रामकिशुन, कमल महतो तारा प्रसाद, सुधीर कुमार अकेला, किर्ति करमाली, दिलीप कुमार महतो, जग्गू महतो, मुंगालाल महतो, विजय कुमार, शिवचरण महतो, भुनेश्वर महतो, गोपाल महतो सभी को संयोजक मंडली में शामिल किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आदित्य महतो, देवकी प्रसाद, अमूल्य उपाध्याय राजाराम महतो, कुंजीलाल रविदास, उमेश महतो, शिवचरण महतो, सुनील कुमार महतो, विजय कुमार, रफुल्ल अंसारी, गोवर्धन महतो, जीवन महतो, सुरेश ठाकुर, हजारीबाग मुंशी, रजवार कुलदीप प्रसाद, झलकु रजक, भोला रविदास सहित सैकड़ों आंदोलनकारी साथी मौजूद थे।

## गोला में जाली कागजात बनाकर भूमि पर कब्जा करने का लगाया आरोप



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला के व्यांग गांव में उत्पन्न हुआ दो पक्षो का भूमि विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को गांव में आदिवासी परिवार के लोगों ने विवादित भूमि पर बैठक किया। इसकी अध्यक्षता शंकर करमाली ने किया। आदिवासी परिवार के सदस्यों ने बताया कि जाली कागजात के सहारे मौजा ब्यांग के खाता नं0 44, प्लॉट नं0 01 पर नाजायज कब्जा जमाने के प्रयास किया जा रहा है। जबकि यह भूमि आदिवासियों का खतियानी है। पिछले दिनों अंचल में अमरान अनशन किया गया। आश्वासन मिला कि निष्पक्ष जांच होगी। लेकिन अंचल अधिकारी के दवारा कोई पहल नहीं किया गया। कुछ दिन बाद फिर से अंचल कार्यालय में आमरान अनशन किया। फिर भी कोई ठोस पहल नहीं कि गयी। बताया गया कि कई परिवार के लोगों को अबुआ आवास मिला है। जिसपर दूसरे पक्ष के लोग कार्य करने नहीं दे रहे है। इधर शंकर करमाली ने उपायुक्त को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच नहीं किये जाने के विरोध में बुधवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में आमरान अनसन करने की चेतावनी दिया है। मौके पर प्रियंका देवी, बालो देवी, परी कुमारी, पवन करमाली, नुना करमाली, आकाश करमाली, दिवलेश करमाली, प्रमोद करमाली, कृष्णा करमाली आदि थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू. रेलवे, रांची, नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार हैः **क्रम सं.; निविदा अधिसूचना संख्या; खानपान इकाई; स्टेशन; स्थान; न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य (जीएसटी को छोड़कर); बयाना राशि; निविदा का मूल्यः** [1]; सीएटीजी-स्टॉल-4-जीएमयू-आरएनसी-1; खानपान इकाई स्टॉल संख्या 4; रांची; प्लेटफॉर्म संख्या 01 (गीता प्रेस बुक स्टॉल के बगल में); ₹ **9,36,100.00**; ₹ 2,43,400.00, ₹ 2,500.00; 5 वर्ष; [2]; सीएटीजी-स्टॉल-28-जीएमयू-आरएनसी-1; खानपान इकाई स्टॉल संख्या 28; रांची; प्लेटफॉर्म संख्या 01 (मांसाहारी जलपान कक्ष के बगल में); ₹ **9,36,100.00**; ₹ 2,43,400.00; ₹ 2,500.00; 5 वर्ष। [1]. पूरी बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांक 07.07.2025 से संबंधित सभी सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई हैं। [2]. बोली दस्तावेज 07.07.2025 से 29.07.2025 तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे और अपलोड किए जा सकते हैं। [3]. बोली 07.07.2025 से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में जमा की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 29.07.2025 को 15:00 बजे तक है और 29.07.2025 को 15:30 बजे खोली जाएगी। (PR-370)

# अपनी शर्तों पर डील

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर जो डेडलाइन दी थी, वह चंद घंटों में खत्म हो जायेगी। बात अब भी वहीं अटकी है। ट्रंप ने फिर से धमकाना शुरू कर दिया है और उनके अगले कदम को लेकर असमंजस बना हुआ है।

**केवल तीन डील :** अमेरिका के व्यापार घाटे को ट्रंप टैरिफ का डंडा दिखा कर खत्म करना चाहते हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने रेसिप्रोकल टैरिफ से की और फिर खुद ही 90 दिनों की छूट दे दी। यह समय-सीमा तय करते हुए ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने वाले देशों की लाइन लग जायेगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। डोनाल्ड ट्रंप बमुश्किल ब्रिटेन, चीन और वियतनाम के साथ डील कर पाये हैं। चीन के साथ हुई डील भी अकेले पेइचिंग की नहीं, वॉशिंगटन की भी मजबूरी थी।

**चिट्ठी का सहारा :** डोनाल्ड ट्रंप ने अब कहा है कि उनका प्रशासन दुनियाभर में चिट्ठी भेज कर बतायेगा कि किस देश पर कितना टैरिफ लगाया जा रहा है। उनके मुताबिक यह टैक्स कुछ भी हो सकता है - 10%, 20% या 60-70%, और यह बढ़ा टैरिफ एक अगस्त से लिया जायेगा। यानी ट्रंप ने फिर से अनिश्चितता का खेल शुरू कर दिया है। लेकिन, इस बार हालात अप्रैल से अलग हैं। अब शायद ट्रंप का टैरिफ दबाव काम न आये।

ट्रंप की घोषणाओं के कारण गोते लगा चुका अमेरिकी शेयर बाजार बहुत मुश्किल से संभला है। ऊपर से पहली तिमाही की कम विकास दर, 2% के लक्ष्य से ज्यादा की महंगाई और डॉलर की गिरती कीमतों का दबाव है।

**कई फ्रंट खुले :** 6 महीने से भी कम समय में ट्रंप की स्थिति बदल चुकी है। वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों ही मोर्चों पर पहले की तरह मजबूत नजर नहीं आते। अपने कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने जिन एजेंडों के साथ की थी - प्रवासी संकट, इकॉनमी, व्यापार घाटा और युद्ध का खात्मा, सभी पर वह फंसे हुए हैं। प्रवासियों को लेकर कैलिफोर्निया में बवाल हो गया, जबकि उनका 'one big beautiful bill' उन्हीं की पार्टी के कई लोगों को पसंद नहीं आया।

**बढ़ रहे विरोधी :** ट्रंप के ड्रीम प्रॉजेक्ट डीओजीइ ने घर में उनकी लोकप्रियता पर असर डाला है, जबकि यूक्रेन युद्ध को लेकर उनके फैसलों और अभी तक शांति स्थापित नहीं करवा पाने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साख को धक्का लगा है। ट्रंप ने एक साथ कई मोर्चे खोल लिये हैं और जो भी उनकी नीतियों से सहमति नहीं रख रहा, उसे विरोधियों की लिस्ट में डालते जा रहे हैं। यहां तक कि कभी उनके बेहद करीबी रहे इलॉन मस्क भी अब उनके खिलाफ हैं।

**मुश्किल स्थिति :** ट्रंप की घोषणाओं के कारण गोते लगा चुका अमेरिकी शेयर बाजार बहुत मुश्किल से संभला है। ऊपर से पहली तिमाही की कम विकास दर, 2% के लक्ष्य से ज्यादा की महंगाई और डॉलर की गिरती कीमतों का दबाव है। ट्रंप अब शायद टैरिफ को हथियार बनाने की हालत में नहीं। ऐसे में भारत को अपनी शर्तों पर ही उनसे व्यापार डील करनी चाहिए।

अभिमत | आजाद सिपाही

शिवकुमार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की जगह लेने की बढ़ती अटकलों ने अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। सत्तारूढ़ कांग्रेस असहमति, आंतरिक संघर्ष, अनुशासन की कमी और अपने सदस्यों के बीच सत्ता संघर्ष से जूझ रही है, जिससे यह मामला और पेचीदा हो गया है। अफवाहें जोर पकड़ रही हैं, मुख्य रूप से इसलिए, क्योंकि जी परमेश्वर जैसे वरिष्ठ नेताओं ने सार्वजनिक रूप से पार्टी के भीतर महत्वपूर्ण असंतोष को स्वीकार किया है। जबकि सिद्धारमैया कुछ नुकसान नियंत्रण करने का प्रयास कर रहे हैं, शिवकुमार खेमा खुले तौर पर नेतृत्व परिवर्तन की पैरवी कर रहा है। उनका दावा है कि यह अगले तीन महीनों के भीतर हो सकता है।

# कर्नाटक कांग्रेस में बढ़ रहा आंतरिक राजनीतिक संकट

कल्याणी शंकर


कर्नाटक कांग्रेस की राजनीति में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कांग्रेस पार्टी के भीतर एक आंतरिक राजनीतिक संकट विकसित हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच सत्ता संघर्ष चल रहा है। क्या कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन होगा?

शिवकुमार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की जगह लेने की बढ़ती अटकलों ने अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। सत्तारूढ़ कांग्रेस असहमति, आंतरिक संघर्ष, अनुशासन की कमी और अपने सदस्यों के बीच सत्ता संघर्ष से जूझ रही है, जिससे यह मामला और पेचीदा हो गया है।

अफवाहें जोर पकड़ रही हैं, मुख्य रूप से इसलिए, क्योंकि जी परमेश्वर जैसे वरिष्ठ नेताओं ने सार्वजनिक रूप से पार्टी के भीतर महत्वपूर्ण असंतोष को स्वीकार किया है, जबकि सिद्धारमैया कुछ नुकसान नियंत्रण करने का प्रयास कर रहे हैं, शिवकुमार खेमा खुले तौर पर नेतृत्व परिवर्तन की पैरवी कर रहा है। उनका दावा है कि यह अगले तीन महीनों के भीतर हो सकता है।

अगले तीन महीने की समय सीमा का कारण दिलचस्प है। अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि सत्ता संघर्ष अब सामने आ गया है। इसके अलावा, कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने दावा किया है कि लगभग 100 विधायक नेतृत्व परिवर्तन के पक्ष में हैं, जो शीर्ष पर बदलाव का समर्थन करते हैं। डीके ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी की है, लेकिन बदलाव की संभावना बनी हुई है। 2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सत्ता में लौटी। चर्चा थी कि दोनों नेता शीर्ष पद के दावेदार हैं।

सिद्धारमैया को प्रशासन में उनके व्यापक अनुभव और ओबीसी समुदाय से उनके मजबूत समर्थन के लिए जाना जाता है।



हाईकमान ने ढाई साल का रोटेशनल फॉमूर्ला पेश किया। इसके मुताबिक, सिद्धारमैया इस साल नवंबर तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर ढाई साल पूरे कर लेंगे। वह अपने नेतृत्व के 25 साल भी पूरे करेंगे। सिद्धारमैया को प्रशासन में उनके व्यापक अनुभव और ओबीसी समुदाय से उनके मजबूत समर्थन के लिए जाना जाता है।

साल के अंत में बिहार चुनाव नजदीक आने के साथ, कांग्रेस नेतृत्व एक महत्वपूर्ण ओबीसी नेता सिद्धारमैया को परेशान न करके स्थिरता बनाये रखने के लिए उत्सुक है। उनका प्रशासन मुफ्त में सामान देने, मुसलमानों को खुश करने और हिंदू समुदाय को विभाजित करने के लिए जाना जाता है। दूसरी ओर, शिवकुमार को मिस्टर-फिक्सिट के रूप में जाना जाता है। डीके को गो-टू मैन के रूप में जाना जाता है और कांग्रेस नेतृत्व ने अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में भी असंतुष्टों से निपटने में उनका इस्तेमाल किया है।

उन्हें उनके कुशल नेतृत्व और संगठनात्मक कौशल के साथ-साथ उनके वित्तीय संसाधनों और आंतरिक असंतोष को प्रबंधित करने की क्षमता के लिए महत्व दिया जाता है। दोनों नेताओं का कांग्रेस में अपना योगदान है। संकट के समय पार्टी को उनकी जरूरत है। डीके के अलावा, अन्य उम्मीदवार भी इस पद के लिए होड़ में हैं। लिंगायत समुदाय के मंत्री एमबी पाटिल भी शीर्ष पद के लिए इच्छुक हैं। शिवकुमार वोक्कालिंगा समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि कुरुबा समुदाय से सिद्धारमैया एक महत्वपूर्ण ओबीसी व्यक्ति हैं। असंतुष्ट गतिविधि से चिंतित मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हाल ही में कैबिनेट की बैठक में अपने मंत्रियों को पार्टी के आंतरिक मामलों के बारे में गोपनीयता बनाये रखने की चेतावनी दी, साथ ही कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। शिवकुमार ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पार्टी और हाईकमान जो चाहेगा वही होगा। उन्होंने कहा कि मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है और उनका समर्थन करना है। हालांकि, उनका खेमा डीके को सीएम बनाना का नारा लगाता रहता है। इस बीच, सत्ता में वापसी के अवसर पर नजर गड़ाये भाजपा मध्यावधि चुनाव की भविष्यवाणी कर रही है और कह रही है कि कांग्रेस सरकार जल्द ही गिर सकती है।

सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन के किसी भी सुझाव को खारिज कर दिया है और कांग्रेस आलाकमान ने भी ऐसी किसी संभावना से इंकार किया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा विधायकों और नेताओं के साथ बैठकों के बाद नेतृत्व परिवर्तन के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने की बात कहने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री ने पुष्टि की, कर्नाटक में मुख्यमंत्री में कोई बदलाव नहीं होगा। फिलहाल, सिद्धारमैया को भरोसा है कि वह पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। उनकी कड़ी घोषणा और चेतावनी का उद्देश्य न केवल असहमति को शांत करना है, बल्कि जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेतृत्व को स्थिरता का संदेश देना भी है। सिद्धारमैया को बदलना कांग्रेस नेतृत्व के लिए आसान नहीं है, क्योंकि वह पार्टी में फूट डाल सकते हैं।

कर्नाटक में स्थिति को संभालने में कांग्रेस नेतृत्व सावधानी बरत रहा है। अगर सोनिया गांधी या राहुल गांधी ने डीके को रोटेशनल मुख्यमंत्री की भूमिका का वादा किया होता, तो अब उन्हें मना करना मुश्किल होता। हाईकमान को मुख्यमंत्री मुद्दे को सुलझाने के लिए चुनाव के बाद किये गये वादों को पूरा करना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो कर्नाटक को राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री पद के प्रमुख उम्मीदवार शिवकुमार ने 2023 में सिद्धारमैया के अधीन उपमुख्यमंत्री के रूप में काम करने पर सहमति व्यक्त की। उन्हें शांत करने के लिए उन्हें पार्टी की राज्य इकाई का प्रमुख भी बनाया गया। अनुशासनहीनता, गुटबाजी और विद्रोह कर्नाटक में लगातार चुनौतियां रही हैं और कांग्रेस पार्टी ने लगातार स्वीकार्य समाधान की मांग की है। समस्या विभिन्न जातियों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पदों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की है, जो प्राथमिक मुद्दा है। विभिन्न जाति समूहों के शीर्ष पर कई प्रभावशाली नेताओं के होने के कारण, हाई कमान को बार-बार उत्पन्न होने वाले राजनीतिक संकटों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने में दुविधा का सामना करना पड़ता है।

## कोल्हान की खबरें

# धीमी गति और अनियमित मरम्मत पर भड़के विधायक समीर मोहंती, दोषी एजेंसी पर कार्रवाई का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के कालियाडींगा चौक के पास जर्जर एनएच सर्विस रोड की मरम्मत कार्य में लापरवाही और धीमी गति को लेकर स्थानीय विधायक समीर कुमार महंती ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। मंगलवार को विधायक ने खुद मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया और स्थिति की गंभीरता को देखा। विधायक सी मोहंती ने कहा ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत मिल रही थी सर्विस रोड का निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा बेहद धीमी गति से की जा रही है। साथ ही कार्य में अनियमितताएं भी बरती जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान सड़क के दोनों ओर बड़े-बड़े गड्ढे पाया गया। मूसलाधार बारिश के कारण जल जमाव से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।विधायक समीर मोहंती ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनएचएआई की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी और जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी से दूरभाष पर वार्ता कर अविलंब गड्ढों को भरवाने और आवागमन सुचारू रूप से चालू कराने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया।मौके पर नाराज विधायक श्री मोहंती ने मरम्मत कार्य में लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसी जय माता दी कंपनी पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।मौके पर 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष असित मिश्रा, झामुमो के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर श्याम मुर्मू, निर्मल दुबे, गुरुचरण मांडी, सतीश मुंडा, जीत वाहन राउत, पप्पू राउत, जगदीश राय, बिश्वजीत ओझा, यदुपति राणा, बलराम पातर समेत सैकड़ो ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

**स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक से लगायी गुहार :** मौके पर स्थानीय लोगों ने बताया सड़क की दुर्दशा के कारण न सिर्फ वाहन चालकों को परेशानी बल्कि स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी बदतर हो गए हैं।विधायक ने आश्वस्त किया जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा और दोषी एजेंसी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न होसके।

# बारीगोड़ा में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बारीगोड़ा जनता रोड के समीप मिश्रा जी के घर से सटे एक बिजली के खंभे में करंट लगने से स्थानीय निवासी हेमनंदन रजक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार को घटना की जानकारी मिलतेभी बस्ती के लोगों ने घायल अवस्था में हेमनंदन को तत्काल टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जदयू के महानगर सचिव विकास कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के जीएम से फोन पर वार्ता की। उन्होंने खंभे में करंट आने की जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए मांग की। जानकारी मिलने पर जीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।**

# विधायक ने झारखंड का पहला इवास मॉड्यूलर किचन और वार्डरोब शोरूम का किया उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड का पहला इवास मॉड्यूलर किचन और वार्डरोब शोरूम जमशेदपुर के काशीडीह में शुरू किया गया। मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने फीता काटकर रायोंन प्लस शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विधायक श्री राय ने शोरूम के सफलता की कामना करते हुए इवास के पहले कस्टमर शिवम कंस्ट्रक्शन के मालिक वीरेंद्र सिंह को बधाई दी। शोरूम के प्रोपराइटर अभय नारायण लाल एवं ऑपरेशन मैनेजर राजेश कुमार ने बताया मॉड्यूलर फर्नीचर की बढ़ती मांग के कारण झारखंड में यह पहला शोरूम शुरू किया गया। उन्होंने बताया समय पर प्रोडक्ट डिलीवरी, उचित मूल्य, उच्च गुणवत्ता, दस साल की वारंटी और दो साल की फ्री सर्विस जैसी सुविधाओं के चलते लोग ब्रांडेड मॉड्यूलर फर्नीचर को प्राथमिकता दे रहे हैं। उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों को एक सप्ताह तक विशेष छूट दी जाएगी। मौके पर राजेश सिंह चंद्रवंशी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# तनुश्री ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में की पहल कदमा में खुला द लाम रॉयस बेकरी एंड कन्फेक्शनरी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जमशेदपुर की बेटी तनुश्री राय ने कदमा शास्त्रीनगर 1 नंबर ब्लॉक में द लाम रॉयस बेकरी एंड कन्फेक्शनरी का शुभारंभ किया। मंगलवार को शहर के सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यकर्ता पूरबी घोष ने फीता काटकर बेकरी का उद्घाटन किया।इस अवसर पर पूरबी घोष ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान को तनुश्री राय ने अपने प्रयास से और मजबूत किया। उन्होंने चार अन्य महिलाओं को भी अपने साथ जोड़कर रोजगार सृजन की मिसाल पेश की।वही तनुश्री राय ने बताया महिलाएं बेकरी में पेस्ट्री, केक, कुकीज, डोनट्स, ब्राउनी, हॉट डॉग, पिज्जा और बर्गर जैसी कई स्वादिष्ट वस्तुएं ग्राहकों को उपलब्ध कराईगी।आकर्षक डिस्काउंट भी दिया जायेगा। उन्होंने कहा इस पहल का उद्देश्य सिर्फ व्यवसाय नहीं, बल्कि महिलाओं को रोजगार से आत्मनिर्भर बनाना है।

# स्पा सेंटरों के खिलाफ लोक जनशक्ति पार्टी ने किया प्रदर्शन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लोक जनशक्ति पार्टी युवा प्रकोष्ठ के बैनर तले मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष अवैध गतिविधियों में लिप्त स्पा सेंटर्स के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर ऐसे स्पा सेंटरों पर सख्त कार्रवाई के लिए मांग करते हुए एक मांग पत्र सौंपा। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अक्षय कोड़ा ने कहा कई लोग स्पा सेंटर्स की आड़ में अनैतिक कार्य कर रहे हैं, जिससे युवाओं पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे स्पा सेंटर्स पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# हो भाषा को लेकर राज्यपाल से मिला आदिवासी समाज का प्रतिनिधिमंडल



**रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली-2025 में हो भाषा के लिए सिर्फ तीन जिलों को शामिल किए जाने पर आदिवासी हो समाज युवा महासभा ने नाराजगी जतायी। मंगलवार को महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में राज्यपाल से मुलाकात कर खूंटी, रांची, हजारीबाग, धनबाद समेत अन्य जिलों को भी शामिल करने की मांग की। मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इपिल सामड, उपाध्यक्ष सुरा बिरूली, महासचिव गब्बरसिंह हेंब्रम समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मजदूर कार्ड रजिस्ट्रेशन शिविर में उमड़ी भीड़

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के उत्तरी और उत्तर पूर्वी बागबेड़ा पंचायत में तीन दिनों से निःशुल्क मजदूर कार्ड रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया।मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष पंजीकरण कराये। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने बताया आधार कार्ड, बैंक खाता, फोटो और नॉमिनी का विवरण जमा कर मुफ्त मजदूर कार्ड दिया जारहा है। जिससे मजदूरों को स्वरोजगार में मदद मिलेगी। मौके पर मुखिया नीनु कुदादा, उप मुखिया सुरेश निषाद समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने यूआइएसएल महाप्रबंधक से की मुलाकात, समस्याओं के समाधान का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में टाटा स्टील यूआइएसएल के महाप्रबंधक आर के सिंह से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं पर गंभीर चिंता जतायी।

उन्होंने कहा नागरिक सुविधाओं की अनदेखी से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। विधायक ने सड़कों और नालों की नियमित सफाई, खेल मैदानों की घास कटाई, जर्जर कम्युनिटी सेंटरों के जीर्णोद्धार, सीवरेज सिस्टम की मरम्मत, सार्वजनिक शौचालयों की हालत, स्ट्रीट लाइट और बिजली कनेक्शन में देरी, फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव जैसे कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बाराद्वारी में अस्थायी डिवाइडर की जगह स्थायी डिवाइडर बनाने, जलापूर्ति व्यवस्था सुधारने, एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान का विकास और मोहरदा प्लांट से जल आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने की भी मांग की।

विधायक ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये। बैठक में विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव मौजूद रहीं।

## आरकेवीएस महाविद्यालय का 11वां वार्षिकोत्सव सह पूर्व छात्र सम्मेलन संपन्न

# पास आउट छात्रों के प्लेसमेंट का भी हो प्रयास: कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** रेहला रोड स्थित आरकेवीएस महाविद्यालय का 11वां वार्षिकोत्सव सह पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीलांबर-पीतांबर विवि के कुलपति प्रो(डॉ) दिनेश कुमार सिंह, एसडीएम संजय कुमार, संस्थान के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि संस्थान में अनुशासन और शिक्षा का बेहतर माहौल है। इसे आगे जारी रखने की जरूरत है। उम्मीद है संस्थान से निकलने वाले बीएड और डीएलएड के छात्र-छात्राएं बेहतर करेंगे। उन्होंने कहा कि संस्थान से पास आउट छात्रों का प्लेसमेंट का भी प्रयास होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वह जल्द ही विवि में भी प्लेसमेंट सेल गठित करेंगे। विवि अंतर्गत संस्थानों से जो बच्चे बेहतर करेंगे उनके प्लेसमेंट में भी विवि मदद करेगा। उन्होंने कहा कि आरकेवीएस संस्थान भविष्य में जिस तरह के सहयोग की अपेक्षा रखेगा विवि उसे पूरा करने में सहयोग करेगा। उन्होंने प्राचार्य से कहा कि विद्यार्थियों की कक्षा में 80-90 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। मौके पर एसडीएम ने कहा कि जिलास्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने में संस्थान अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अनुशासन के साथ संस्कारयुक्त शिक्षा संस्थान का मुख्य लक्ष्य रहा है। उम्मीद करते हैं कि संस्था का अपना विवि हो। मौके पर संस्थान के अध्यक्ष अलखनाथ ने शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा दी जाये। मौके पर विभिन्न सत्रों में पास आउट छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुलपति से सुविधा संपन्न आईसीटी लैब का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट, विज्ञान एवं पाक विज्ञान से संबंधित विविध प्रदर्शनी लगाया गया था। प्रदर्शनी में रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। वार्षिकोत्सव के दौरान पूर्व प्राचार्य एसकेएल दास, प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, प्राध्यापक रितेश कुमार, आनंद मिश्रा, राजन चौबे, प्रवीण दुबे, रंजना दुबे, गरिमा तिवारी, रोहित कुमार, अनूप पांडेय, रौशन धर दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## एसपीडी कॉलेज में नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो कार्यक्रम आयोजित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में मंगलवार को एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में एंटी ड्रग कैम्पेन सेल के द्वारा नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नशे के दुष्प्रभाव, मादक द्रव्यों के सेवन का शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो निकलेश चौबे ने कहा कि जीवन अनमोल है और इसकी सर्वप्रथम खुद रक्षा करनी चाहिए। मादक द्रव्यों के सेवन का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। शराब, तंबाकू अथवा अन्य मादक द्रव्य के बार-बार लंबे समय तक सेवन से उसकी लत लगने की प्रबल संभावना होती है।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.**

**e-Procurement Notice**

e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI F, - 06/2025-26

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Single Checkdam on Dhordhara Nala Near Shamshan Ghat Block:- Khelari, Dist- Ranchi. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 95.746 |
| 3. | Time of Completion | (11 months) |
| 4. | Date of Publication of E -Tender on website | 29.07.2025 at 2.00 pm |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 04.08.2025 up to 5:00 pm |
| 6. | Last Date for online Submission of tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 04.08.2025 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opening Tender | 06.08.2025 at 2:00 pm |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowak, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 0651-3512781 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Ranchi.

PR 356788 (Minor Irrigation) 25-26 (D)


## दो पहिया वाहन की भिड़ंत में चार घायल, एक गंभीर

सगमा (आजाद सिपाही)। दो पहिया वाहन की आमने सामने हुई भिड़ंत में चार लोग घायल हो गये और जिसमें से एक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड के पूतुर गांव निवासी मनोज गुप्ता पिता श्रीधर शाह अपनी दो पहिया वाहन से पत्नी तथा लड़की को लेकर सर्वेश्वरी आश्रम मकरी दर्शन के लिए जा रहे थे, जबकि धुरकी प्रखंड के लेखनी धौरा गांव निवासी दीपक कुमार पिता सुनील राम अपने भगिना को विद्यालय छोड़कर सगमा की ओर जा रहा था। इसी बीच बीरबल गांव में गोपाल विश्वकर्मा के घर के पास मुख्य पथ पर दोनो की जोरदार भिडंत हो गया, जिस कारण चारो को गंभीर चोट लगा है। इसमें पुतुर गांव निवासी मनोज गुप्ता का बायां पैर बुरी तरह जख्मी हो गया, ग्रामीणों के द्वारा उनके परिजनों को सूचित कर सभी को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार कराया गया। चिकित्सकों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मनोज गुप्ता को मेदनीनगर के लिए रेफर कर दिया गया है।

## लाभुक जल्द करायें केवाइसी, नहीं तो बंद हो सकती है पेंशन : बीडीओ



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राकेश सहाय ने एक महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए कहा है कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजना के सभी लाभुक अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र या सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) पर जाकर जल्द से जल्द केवाईसी पूरा करा लें। बीडीओ ने स्पष्ट किया है कि यदि लाभुकों द्वारा समय पर केवाईसी नहीं कराया गया, तो उन्हें आने वाले समय में पेंशन की राशि से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि केवाईसी की यह प्रक्रिया नि:शुल्क है और इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। बीडीओ ने सभी लाभुकों से अपील की है कि वे अपने दस्तावेजों के साथ नजदीकी प्रज्ञा केंद्र जाएं और केवाईसी की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें, ताकि पेंशन वितरण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार साथी कैंपेनिंग का आयोजन



केतार (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार साथी कैंपेनिंग चलाया जा रहा है। इसके तहत केतार प्रखंड क्षेत्र के वैसे दिव्यांगजन जिनका दिव्यांग सर्टिफिकेट नहीं बन पाया है वैसे लोग सोमवार एवं बुधवार को केतार थाना में पहुंचकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इसकी जानकारी देते हुए पीएलबी कामेश्वर गुप्ता ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा नि:शुल्क दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाया जायेगा। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की छाया प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर 15 अगस्त तक सोमवार एवं बुधवार को केतार थाना में आवेदन जमा कर सकते है।

## पचौर में 20 दिनों से बिजली संकट, ग्रामीणों में आक्रोश

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड अंतर्गत पचौर पंचायत में विगत 20 दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। इसी को लेकर पचौर गांव निवासी एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी राहुल कुमार गुप्ता ने बिजली विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र पचौर, लावादोनी, बालेखाड़ समेत आसपास के कई गांवों में बीते 20 दिनों से 24 घंटे में केवल 2 घंटे ही बिजली दी जा रही है। वहीं, संबंधित फीडर का लाइनमैन दिनभर में करीब 10 बार शटडाउन ले रहे हैं। जब ग्रामीण फोन करते हैं, तो हर बार 'फॉल्ट है' कहकर टाल दिया जाता है। राहुल गुप्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लाइनमैन द्वारा गांव के ही सामान्य व्यक्ति से बिजली पोल और पेड़ पर चढ़ाकर काम कराया जा रहा है, जो पूर्णतः नियमों के विरुद्ध है और किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

## रोजगार सेवक को जान से मारने की मिली धमकी



रोजगार सेवक विनय कुमार।

गढ़वा (आजाद सिपाही)। केतार प्रखंड अंतर्गत लोहरगड़ा पंचायत के रोजगार सेवक विनय कुमार के साथ इसी गांव के मनोज कुमार यादव ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी है। इसको लेकर रोजगार सेवक विनय कुमार ने हरिहरपुर ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है। रोजगार सेवक विनय कुमार ने बताया कि चार जुलाई को मुखिया नीलम देवी के घर काम के सिलसिले में गये हुए थे। जहां अचानक मनोज कुमार यादव पहुंचे और मस्टर रोल पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगे। मेरे द्वारा जांच के बाद हस्ताक्षर करने की बात कहने पर आग बबूला हो उठा। मुखिया पति सीताराम शर्मा के सामने गाली-गलौज एवं जाति सूचक शब्द कहते हुए धमकी देने लगे। यहां मुखिया पति ने मुझे बचाया। इसके बाद रोजगार सेवक ने वरीय पदाधिकारी से बात कर हरिहरपुर ओपी में दो दिन पूर्व आवेदन दिया है। इस संबंध में मनोज कुमार यादव ने कहा कि मस्टर रोल पर हस्ताक्षर करने के बदले रिश्वत मांग रहे थे।इसको लेकर नोक झोंक हुई है। ओपी प्रभारी सफिउल्लाह अंसारी ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## थाना दिवस पर कई मामलों का हुआ निष्पादन

कांडी (आजाद सिपाही)। स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस के अवसर पर जन समस्याओं के समाधान हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी अविनाश राज एवं सीआई संदीप कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। थाना दिवस पर लमारी कला एवं खरौंधा गांव से आये भूमि विवाद से जुड़े कुल चार फरियादियों के मामलों का निष्पादन किया गया। कुछ मामलों में सीमांकन की आवश्यकता को देखते हुए अंचल अमीन धर्मेंद्र विश्वकर्मा को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सीओ राकेश सहाय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि संबंधित छोटे-मोटे विवादों का समाधान दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के बाद निष्पक्ष रूप से किया जायेगा।

# झामुमो प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाजसेवी और झामुमो केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने मंगलवार को दिल्ली स्थित झारखंड भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पार्टी के सर्वोच्च नेता शिबू सोरेन उर्फ गुरुजी के स्वास्थ्य के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गुरुजी के स्वास्थ्य में हो रहे सुधार की जानकारी देते हुए बताया कि डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है और स्थिति स्थिर है। धीरज दुबे ने गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि गुरुजी झारखंड की आत्मा हैं। उनका स्वस्थ रहना पूरे राज्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुरुजी के संघर्ष, सिद्धांत और योगदान से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेती रहेंगी। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री और धीरज दुबे के बीच झारखंड के समसामयिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। धीरज ने मुख्यमंत्री को झारखंड के विकास कार्यों में तेजी लाने और गढ़वा क्षेत्र की कुछ लंबित मांगों पर ध्यान देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने भी राज्य सरकार की प्राथमिकताओं और योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुलाकात सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। धीरज दुबे ने इसके पश्चात झारखंड भवन परिसर में पार्टी के अन्य नेताओं और कार्यकताओं से भी भेंट की और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। मौके पर झामुमो नेता रंथा नायक मौजूद थे।

## पीएम आवास योजना में भारी गड़बड़ी, अफरोज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अंतर्गत चित्तविश्राम पंचायत के ग्राम बरडीहा में प्रधानमंत्री आवास योजना में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सक्रिय कुछ विचौलियों द्वारा इस योजना का लाभ वास्तविक पात्रों को न देकर अपात्रों को पहुंचाया जा रहा है। इस गंभीर गड़बड़ी को लेकर ग्राम बरडीहा निवासी अफरोज अंसारी ने श्री बंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा को एक लिखित आवेदन सौंपा। एसडीएम प्रभाकर मिर्धा ने आवेदन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि दोषी पाये जाने पर संबंधित विचौलियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी और असली लाभुकों को उनका हक दिलाया जायेगा।

## 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत एसडी मेमोरियल एकेडमी में किया पौधारोपण



मेराल (आजाद सिपाही)। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एसडी मेमोरियल एकेडमी के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। विद्यालय के शिक्षक तथा विद्यार्थीयों ने पौधे लगाये तथा उसे बचाने का संकल्प लिया। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि यह कार्यक्रम जीवन में मां का स्थान तथा पर्यावरण संरक्षण एवं जीवों के पोषण एवं संरक्षण में पेड़ पौधों के महत्व को दशार्ता है। प्राचार्य अरुण कुमार तथा अमरेंद्र कुमार मिश्र ने जीवन में पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक तथा विद्यार्थियों ने अपने-अपने घर में भी मां के नाम पर एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। पौधारोपण कार्यक्रम में शिक्षक मृत्युंजय पांडे, गौतम कुमार, रामजीत साह, जयप्रकाश पांडेय, अनिमा कुजूर, देव कीर्ति टोप्पो, अंशु कुमारी सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी शामिल थे।

# अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत की एसडीओ ने की जांच

आजाद सिपाहीद संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत में अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने मंगलवार को पंचायत के ढ़ेकुलिया, बुका गांव, लंगड़ी टोला और भवनाथपुर बस्ती पहुंच कर मामले की जांच की। शिकायत पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा भवनाथपुर पंचायत के ढ़ेकुलिया टोला में पहुंचे। वहां उपस्थित अबुआ आवास योजना के लाभुक राजू कुमार ने पंचायत के बीडीसी चंदन ठाकुर पर आवास योजना दिलाने के नाम पर 3 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर लेने की बात एसडीओ से कही। उक्त लाभुक ने एसडीओ से कहा कि बीडीसी चंदन ठाकुर दस हजार में से तीन हजार नगद ले लिया है, शेष राशि सात हजार के लिए लगातार मेरे पास फोन करता है, नहीं देने पर उसने अबुआ आवास जांच कराने की धमकी दिया था। वहीं एसडीओ ने ललिता देवी पति बिनोद बैठा, देवंती देवी, मंजू देवी पति अवधेश बैठा का अबुआ आवास, भवनाथपुर बस्ती में कुसुम देवी पति मंहगू राम का अबुआ आवास, बुका में कौशल्या देवी पति टूनु राम, लंगड़ी टोला में मानती देवी पति देवंत राउत व राजनाथ राउत के अबुआ आवास की जांच किया। जांच के क्रम में एसडीओ ने ज्यादातर लाभुको के कच्चा मकान होने की पुष्टि की। साथ ही एक दो लाभुक वैसे है, जिनके चार पांच पुत्र है, और वे एक ही घर में रहते है, जिन्हें आवास मिलने के बाद अलग घर बना रहे है। गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर अबुआ आवास की जांच की गयी। जांच के दौरान लाभुकों द्वारा निर्माणाधीन आवास संतोषप्रद है। उन्होंने इसकी जांच प्रतिवेदन उपायुक्त को सौंपने की बात कही। इस मौके पर उपेंद्र कुमार, मुखिया बेबी देवी, उपमुखिया समलेश राउत, बीडीसी चंदन ठाकुर, आवास कॉर्डिनेटर अशोक कुमार, पंचायत सचिव नवनीत कुमार, विकास कुमार मौजूद थे।


**ऊर्जा विभाग**

**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**

**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-२, धुर्वा, रॉची**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं०– Energy/EWD/Ranchi/31/2025-26 दिनांक– 08/07/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रिनपास, कॉके रॉची 3 अदद् गौशाला में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य एवं 2 अदद् हाई मास्ट लाईट के अधिष्ठापन एवं एग्रिक्लचर एवं पलांटेशन(बगीचा) सेक्शन के ओवर हेड नेकेड एल० टी० लाईन को बंच केबल से बदलीकरण का कार्य। | 28,83,282=00 | 5,000=00 | 58,000=00 | 42 दिन |
| II | रिनपास, कॉके रॉची स्थित एकेडमिक ब्लॉक के कन्वेशन लाईट को एल०ई०डी० लाईट से बदलीकरण एवं पैच मरम्मति का कार्य एवं हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 24,93,232=00 | 5,000=00 | 50,000=00 | 42 दिन |
| III | रिनपास, रॉची स्थित 2 अदद् गेस्ट हाउस में विद्यत अधिष्ठापन, सर्विस केबल के अधिष्ठापन एवं धर्मशाला में इलेक्ट्रिक पैनल के अधिष्ठापन का कार्य। | 22,05,846=00 | 5,000=00 | 45,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.07.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 19.07.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 24.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 25.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 356801 Energy (25-26)_D



**कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला**

अति अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या

**E-Tender Ref No- DOPR/DE/Gumla/03/2025-26**

| क्रम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बसिया प्रखण्ड के बानागुटु में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 2 | बसिया प्रखण्ड के गंगरा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 3 | बसिया प्रखण्ड के पांकटा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 4 | बसिया प्रखण्ड के सकेया में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 5 | भरनो प्रखण्ड के आताकोरा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 6 | भरनो प्रखण्ड के पहाडबंगरू में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 7 | बिशुनपुर प्रखण्ड के चौरापाट में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 8 | चैनपुर प्रखण्ड के बामदा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 9 | चैनपुर प्रखण्ड के दतरा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 10 | चैनपुर प्रखण्ड के गम्हरिया में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 11 | डुमरी प्रखण्ड के डुमरटोली में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 12 | डुमरी प्रखण्ड के कटिम्बा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 13 | घाघरा प्रखण्ड के बदरी करमटोली में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 14 | घाघरा प्रखण्ड के तुन्जो में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 15 | गुमला प्रखण्ड के ढिढौली में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 16 | गुमला प्रखण्ड के गम्हरिया में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 17 | गुमला प्रखण्ड के जाना में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 18 | गुमला प्रखण्ड के जोरही में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 19 | गुमला प्रखण्ड के करौन्दा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 20 | गुमला प्रखण्ड के केसीपारा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 21 | गुमला प्रखण्ड के खोरा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 22 | गुमला प्रखण्ड के कोटाम में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 23 | गुमला प्रखण्ड के लांजी में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 24 | गुमला प्रखण्ड के टोटो में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 25 | गुमला प्रखण्ड के उर्मी में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 26 | कामडारा प्रखण्ड के चोरबिन्दा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 27 | कामडारा प्रखण्ड के जामडीह में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 28 | कामडारा प्रखण्ड के सरिता में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 29 | पालकोट प्रखण्ड के बंगरू में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 30 | पालकोट प्रखण्ड के बिलिंगबिरा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 31 | पालकोट प्रखण्ड के कुरूम में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 32 | पालकोट प्रखण्ड के मरदा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 33 | पालकोट प्रखण्ड के सारूबेडा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 34 | पालकोट प्रखण्ड के सतखारी में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 35 | रायडीह प्रखण्ड के पाकरटोली में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 36 | सिसई प्रखण्ड के चेगरी में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 37 | सिसई प्रखण्ड के मकुन्दा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 38 | सिसई प्रखण्ड के नागफेनी में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 39 | सिसई प्रखण्ड के पोरहा में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 40 | सिसई प्रखण्ड के पुसो में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 41 | सिसई प्रखण्ड के सामल में स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह |
| 42 | Comprehensive renovation including toilet, floor, Window, Kitchen, door, roof, fan etc and electrification work in ORAON HOSTEL, Dunduriya, Gumla | 91,39,333 | 1,83,000 | 10,000 | 09 माह |

नोट :– केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होंगे।
1. अधिक जानकारी के लिये वेबसाईट http://Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–18.07.2025
3. ई निविदा डालने प्राप्ति की तिथि एवं समय :–18.07.2025 से 24.07.2025 तक अप0 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– 25.07.2025 को अप0 3:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला
ई0 निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :–9308663369
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
7- **Form of Bid** एवं **Bill of Quantity** में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जायेगा।
8. निविदा **Double Bid** पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिषद, गुमला में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद,गुमला।

PR 356765 Rural Development(25-26)D

## बीडीओ ने बैंको के समन्वय की समीक्षा बैठक की

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ रेश्मा रेखा मिंज के अध्यक्षता में मंगलवार को बीएलबीसी की बैठक आयोजित की गयी। बीडीओ ने बताया कि आयोजित बैठक में सभी विभागों के साथ बैंकों के समन्वय की समीक्षा की गयी एवं बैंकों की मदद से क्रियान्वित होने वाली सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका को अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु सभी बैंक प्रबंधकों से अनुरोध किया गया। पीएनबी बैंक और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को ज्यादा से ज्यादा केसीसी ऋण देने में प्रगति लाने को लेकर निर्देश दिया गया। इसके अलावे मइया सम्मान योजना में सभी बैंकों के खाता को आधार सीडिंग व लिंक करने का निर्देश दिया गया व प्रखंड स्तरीय जो भी शिविर का आयोजन किया जाता है उसमें सभी बैंकों को शिविर में शामिल होने को लेकर निर्देश दिया गया।

### लोहरदगा में पीएलएफआइ नक्सली हत्याकांड का खुलासा

# भूमि विवाद में चचेरे भाई-बहन ने करायी हत्या, छह गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के भक्सो गांव में सोमवार को की गई पीएलएफआइ कमांडर संजय उरांव हत्याकांड का पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए उद्भेदन किया है। हत्या में शामिल छ नामजद आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर पूरे मामले का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल, एक मैगजीन, 22 बोर की चार जिंदा गोलियां, एक देशी कट्टा, 315 बोर की गोली, 93.5 हजार रुपये नकद और छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भक्सो निवासी महादेव भगत के पुत्र बृजमोहन भगत उर्फ बिरजू, भगत जयंती भगत (दोनो भाई बहन), रांची मांडर निवासी फूलचंद महली के पुत्र राजू महली, गंधर्व उरांव का पुत्र अमर उरांव, सनी उरांव का पुत्र एकलव्य उरांव एवं चान्हो के सोमरा उरांव का पुत्र कुशल उरांव के रूप में की गयी है। इस संदर्भ में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बहुचर्चित संजय भगत हत्याकांड का खुलासा किया। कहा, मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। 12 घंटे के भीतर पुलिस ने जांच पूरी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें संजय का चचेरा भाई और चचेरी बहन भी शामिल हैं। बताया कि संजय भगत हत्याकांड पर सदर थाना कांड संख्या 108/2025 दर्ज कर जांच शुरू की गयी। 7 जुलाई की सुबह ग्राम अरकोसा के एक पानी भरे पत्थर खदान से संजय का शव बरामद किया गया। एसपी ने कहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा और पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल गठित किया गया। टीम ने वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करते हुए सबसे पहले मृतक के चचेरे भाई बृजमोहन भगत और चचेरी बहन जयंती भगत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि संजय की हत्या जमीन विवाद को लेकर करवाई गयी थी और इसके लिए उन्होंने सुपारी दी थी।

अनुसंधान दल में पुलिस अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक चन्द्रदीप मेहता, सहायक अवर निरीक्षक अमरनाथ पांडेय, गृहरक्षक नीरज कुमार मिश्र, आरक्षी कौशल यादव, आरक्षी ललित उरांव, चालक आरक्षी निर्मल मार्शल मिंज, चालक आरक्षी मुकेश शर्मा और चालक आरक्षी सत्यकिशोर कुमार शामिल रहे।

### साढ़े तीन लाख में हुआ था हत्या का सौदा

नक्सली कमांडर संजय उरांव हत्याकांड को अंजाम देने के लिए उसके चचेरे भाइ बृजमोहन उरांव और बहन जयंती भगत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि, कॉन्ट्रैक्ट किलरों को साढ़े तीन लाख में सौदा किया था। अग्रिम के तौर पर हत्यारों को डेढ़ लाख रुपये का भुगतान किया। वारदात में जयंती भगत की महत्वपूर्ण भूमिका थी जयंती भगत हथियारों से लगातार संपर्क बनाकर रणनीति बना रही थी।

## विक्षिप्त महिला को पुलिस ने भेजा रिनपास



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के उडुमुडू गांव में रविवार देर रात एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला भटकती हुई पायी गयी। महिला की स्थिति देखकर स्थानीय ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए इसकी सूचना तुरंत कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार को दी। टीम ने महिला को सुरक्षित रूप से थाने लाकर आवश्यक पूछताछ की, किंतु मानसिक स्थिति खराब होने के कारण वह अपना नाम-पता बताने में असमर्थ रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महिला को समुचित उपचार के लिए रांची स्थित मानसिक आरोग्य संस्थान रिनपास भेजा गया।

## आज लोहरदगा आयेंगी डॉ आशा लकड़ा जय श्रीराम समिति से करेंगी मुलाकात



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ आशा लकड़ा का आगामी 9 जुलाई को लोहरदगा आगमन सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर वे हटिया मोहल्ला स्थित जय श्रीराम समिति के जिला कार्यालय में दोपहर 3 बजे समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगी। इस आगमन की जानकारी समिति के कोर कमेटी सदस्य ओम महतो ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ आशा लकड़ा के आगमन से समिति के कार्यकर्ताओं और सामाजिक व धार्मिक संगठनों में खुशी और उत्साह का माहौल है। बैठक के दौरान समिति के संरक्षक के साथ-साथ जिला पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी एवं कोर कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। यह बैठक सामाजिक समरसता, जनजातीय अधिकारों और संगठन के भावी कार्यों को लेकर विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# सेवा शिविर लगाने के लिए शिवभक्त देवघर गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार में भगवान शिव के आराध्य राम हैं। वहीं भगवान राम के आराध्य भोलेनाथ है और इन दोनों को मिलाकर जो नाम बनता है वह रामनाथ है। जब इनके नाम में ही दोनो नामों का स्मरण हो जाता है तो आप सोंच सकते हैं कि रामनाथ अग्रवाल का कार्य कैसा हो सकता है। ये बातें आज लातेहार के विधायक प्रकाश राम ने पवित्र सावन माह में देवघर में शिव भक्तों की सेवा के लिए जा रहे जत्था को रवाना करने के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि आज रामनाथ अग्रवाल के कारण ही हमें और लातेहार वासियों को इस पूण्य के कार्य में भागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। उनके द्वारा किया जा रहा कार्य काफी सराहनीय है।

**नाम के अनुरूप कार्य कर रहे रामनाथ जीः एसपी**

वहीं एसपी कुमार गौरव ने कहा कि रामनाथ जी अपने नाम के अनुरूप ही कार्य कर रहे हैं। उनके इस कार्य में उनका परिवार, सहयोगी और लातेहारवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। हम सभी यह आशा करते हैं कि भगवान बैद्यनाथ धाम का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे है।

**12वें वर्ष शिविल लगाने निकल पड़े रामनाथ :** आप सभी को जानकारी हो कि लातेहार के समाजसेवी रामनाथ अग्रवाल अपनी पूरी टीम के साथ पिछले 11 वर्षा से शिव भक्तों की सेवा देवघर में शिविर लगाकर करते आ रहे हैं और इस बार भी उनकी सेवा के लिए निकल पड़े हैं। इस जत्था में उनके साथ करीब 100 लोग शामिल हैं। यह शिविर आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम के बैनर तले देवघर में लगाया जाएगा, जहां पर कॉवरियों को मालिस से लेकर बड़े स्क्रीन पर रामानण दिखाया जाएगा। इस संबंध में रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर 10 जुलाई से शुरू होगा जो सात अगस्त तक चलेगा।

# ठेकेदार पर उच्च विद्यालय सेवधरा में मरम्मत के नाम पर राशि गबन का आरोप, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सेवधरा नकटा लंका एवं रांकीकला की पुलिया क्षतिग्रस्त, डायवर्सन बनाने की भी मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मनिका/ लातेहार।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सेवधरा नकटा लंका रांकीकला का कुछ भाग मनिका प्रखंड मुख्यालय से आवागमन करने से बाधित तथा उच्च विद्यालय सेवधरा में विद्यालय भवन का मरम्मती किये बिना ही संवेदक के द्वारा योजना की सारी राशि निकाल कर गबन कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मामले के संबंध में सैकड़ो की संख्या में सेवधरा, नकटा (लंका) रांकीकला के स्थानीय लोगों ने उपायुक्त को आवेदन दियाहै। यह तीनों ग्राम मनिका प्रखंड के सुधारवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्र में है। वही ग्रामीण उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर ग्रामीणों ने बताया कि नकटा (लंका) सेवधरा से निकलने का दो मार्ग है एक प्रखंड मुख्यालय मनिका निकलती है दूसरा तुम्बागड़ा रांची रोड निकलती है ठेकेदार द्वारा दोनों मार्गों को जोड़ दिया गया है एवं प्राथमिक विद्यालय लंका के पास नाला पुल बनाने के नाम पर बरसात से पूर्व काट दिया गया है और काम को पूरा नहीं किया जा रहा है एवं कहीं भी डायवर्सन का निर्माण नहीं किया गया। जिस कारण हम सभी का आवागमन बिल्कुल बंद तथा इमरजेंसी कार्य या किसी के तबीयत खराब होने पर हम सभी बाहर नहीं निकल पाते हैं। थोड़ा सा वर्षा से ही बच्चे की स्कूल का आवागमन भी बंद हो जाती है। कृषि कार्य हेतु खाद बीज अपने घर तक लाना मुश्किल हो गया है। वही ग्रामीणों ने बताया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवधरा मनिका में 1 वर्ष पूर्व भवन मरमती हेतु टेंडर निकला था जिसका कार्य अभी नहीं हुआ है अखबार एवं सूत्रों से पता चला है कि इसका सारा पैसा समवेंदक लालबिहारी यादव निकाल कर गबन कर लिया है। जर्जर अवस्था में विद्यालय भवन के लिए 2024 में टेंडर हुआ था जिस टेंडर को भुनेश्वर यादव कंट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा लिया गया था जिसका प्रकरण राशि 5,11,880 रुपये तथा वर्क आर्डर जेइपीसीसीआईवी / 03/ 901/ 2024/ डब्लयूओ-32 है। कहीं ना कहीं विभाग के जेई का लापरवाही प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दिखता है। जेई कि इस लापरवाही पर गहरी व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने उपायुक्त से विभाग के जेई पर भी कार्रवाई की मांग की है। संवेदक के मनमानी पे ग्रामीणों ने सवाल खड़ा किया है विद्यालय मंदिर के बराबर है। जहां विद्यालय को शिक्षा का मंदिर माना जाता है वही संवेदक के द्वारा अपना मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से इस गांव से प्रखंड मुख्यालय तक आने-जाने के लिए तत्काल डायवर्सन का निर्माण किया जाये एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवधरा भवन निर्माण कार्य करने वाले संवेदक पर जल्द कार्रवाई करने की मांग किया है।

## मुहर्रम मेला में पारंपरिक हथियार और वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए अखाड़े



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की निगरानी में सेरेंगहातु तोड़ार, जरिया, तिगरा और नवाड़ीपाड़ा के अंजुमन इस्लामिया के संयुक्त तत्वाधान में बलदेव साहु महाविद्यालय के समीप स्थित कर्बला मैदान में इमाम हुसैन के कुबार्नी पर मोहर्रम मेला का आयोजन किया। आयोजित मेला में जिला व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मोहर्रम अखाड़ा के लोग पारम्परिक हथियार और वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए। वही मेला में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर लाठी डन्डे और तलवारबाजी खेल दिखाया गया .मेला में झूला,खिलौने और मिठाई की दुकान से सजा हुआ था। वही मेला में मिठाई और खिलौने की लहब बिक्री हुई। मेला को लेकर बच्चे बुजुर्ग और नवयुवक तथा महिलाएं उत्साहित नजर आये। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शांति और सौहार्द के साथ मेला का आनन्द लें शांति भंग करने के उद्देश्य से किसी प्रकार का उपद्रव नही करेंगे। कहा को विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी रखी गई है। पुलिस प्रशासन के लोग सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद हैं। मेला में लग्भग तीस मोहर्रम अखाड़ा के लोग शामिल हुए जिन्हें मेला आयोजन कमिटी के द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर रउफ अंसारी,सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलु सेरेंगहातु अंजुमन सदर शमशाद अंसारी, सेक्रेटरी मकसूद अंसारी के अलावे इमरान आजाद, सफरुद्दीन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, समजान अंसारी, राजू अंसारी, इमरोज अंसारी समेत मुस्लिम समुदाय के सैकडों गन्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# राशन वितरण में घोटाले को लेकर भाजपाइयों ने बीडीओ को दिया ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरवाडीह।** भाजपा मंडल बरवाडीह कमेटी के मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद के नेतृत्व में मंगलवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा आदिम जनजातियों के साथ राशन वितरण में राशन घोटाले को लेकर उपायुक्त के नाम से बीडीओ को ज्ञापन सौपा गया है। दिये आवेदन में कहा गया है कि 4 जुलाई 2025 दिन शुक्रवार को ग्राम सैदुप की आदिम जनजाति महिला ने अपने 20 दिनों के बच्चे को गोद में लेकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही थी। वही पत्रकार के द्वारा पूछताछ करने के बाद पता चला कि उसे चार महीना से राशन नहीं मिला है तत्पश्चात प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी के द्वारा क्षेत्र में जाकर मामले की जांच करने के बाद पता चला कि वैसे आदिम जनजाति के दर्जनों कार्डधारी हैं जिन्हें कई महीनो से राशन नहीं मिला है। नेताओं ने कहा कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और अगर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं होती है तो भाजपा मण्डल कमिटि के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी जवाबदेही प्रखंड प्रशासन पदाधिकारी होंगे।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री ईश्वरी सिंह, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी बंटी ठाकुर,जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक प्रसाद, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य दिपक तिवारी, युवा मोर्चा जिला आईटी सेल प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद,मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद( डढ) कार्यालय प्रभारी अमरेंद्र रजक अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप पासवान,मजदूर मोर्चा मंडल अध्यक्ष सतीश यादव,युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार,पप्पू यादव, नरेश सिंह समेत कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।

# विधायक प्रतिनिधि और कार्यकारी अध्यक्ष ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** विधानसभा अंतर्गत किस्को प्रखंड के अशरफ नगर में कच्ची सड़क के कारण बरसात एवं अन्य दिनों में काफी ग्रामीणों को परेशानी होती थी। इसके समाधान के लिए ग्रामीणों के द्वारा विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव को समस्या से अवगत कराया गया जिससे ग्रामीणों के आवेदन की प्राथमिकता देते हुए विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने अपने विधायक मद से ग्राम अशरफ नगर में कबीर अंसारी के घर से मुस्तफा अंसारी की घर के ओर पीसीसी पथ कार्य का स्वीकृति दिए जिससे पथ का निर्माण पूर्ण किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव जनता के समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहे है।जनता अपनी समस्या रखे समस्या का समाधान प्राथमिकता में होगी।मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा पथ निर्माण के होने से ग्रामीणों के समस्या का समाधान हुआ डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा लोहरदगा विधानसभा के विकास के लिए सड़क, राशन, मकान, बिजली जैसे समस्याओं के दूर किया है रहा है जिसका एक उदाहरण आज यह पीसीसी पथ का निर्माण है।इस मौके पर मुख्य रूप से किस्को 20सूत्र अध्यक्ष सामुल अंसारी,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष युनूस अंसारी,नुसरत अंसारी, एकरामुल अंसारी,उल्फत अंसारी, इमाम जफर,सेराज खान, कबीर अंसारी, मुस्तफा अंसारी के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## किसानों के बीच अरहर और उड़द बीज का वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत अन्तर्गत झालजमीरा गांव में किसानों के बीच आत्मा के माध्यम से अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण का कार्य झारखंड सरकार के कृषि गन्ना व पशुपालन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार खरीफ फसल के लिये वितीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत मोबाइल द्वारा ओटीपी के माध्यम से झालजमीरा ग्राम के टाना भगतों के बीच ग्राम प्रधान रामदेव पहान की उपस्थिति में अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया। वही प्रत्येक किसानों के बीच दो किलो अरहर और दो किलो उरद का वितरण किया गया। वही खरीफ फसल के मौसम में किसानों को अरहर और उरद का बीज मिलने से सभी किसानों के चेहरे में खुशी झलक रही है। मौके पर चन्द्रेव भगत, संतोष टाना भगत, प्रतिमा भगताइन,मदुसूदन भगत,सुमित्रा भगताइन, बिहारी भगत, तिवारी भगत, सुनीता कुमारी,महेन्द्र भगत,रीना भगताइन, सुनील भगत,सुभाष भगत समेत अन्य सैकड़ो महिला पुरुष किसिन मौजूद थे।

## मुहर्रम मेला में एसडीओ और एसडीपीओ ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम के अवसर पर लोहरदगा बीएस कॉलेज पुलिस पिकेट स्थित आयोजित मेले का मंगलवार को एसडीओ अमित कुमार और एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने मेला परिसर का भ्रमण कर संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मेला आयोजन की तैयारी एवं व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने संतोष जताया और शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हर जरूरी कदम उठाए जाने की बात कही। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि मेला को लेकर पूरी तरह से तैयारी की गयी है। क्षेत्र में शांति और सद्भाव का वातावरण बना रहे, इसके लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गयी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी माध्यम से भ्रम फैलाने या अनुशासन भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर पुख्ता व्यवस्था की गयी है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे उत्सव में पारंपरिक ढंग से भाग लें और मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल बनाये। स्थानीय प्रशासन लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रहा है।

# मेगा हेल्थ कैंप में 127 मरीजों ने करायी जांच


**रांची, लोहरदगा, लातेहार सहित 48 गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा वित्त पोषित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह (लोहरदगा) एवं विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रांची के प्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम द्वारा लोहरदगा, रांची, लातेहार सहित विभिन्न जिलों के 48 गांवों से आये ग्रामीणों का चिकित्सीय परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ विजय प्रसाद, एमडी फिजिशियन डॉ. शिवशंकर मुंडा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अनुभव कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ दिलीप खेस एवं डॉ पीपी सिन्हा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संजू कुमारी गुप्ता ने मरीजों की जांच की और आवश्यक सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में कुल 127 मरीजों का इलाज किया गया, जिसमें नस एवं हड्डी रोग के 33 मरीज, नेत्र रोग के 23 मरीज, दंत रोग के 19 मरीज, तथा सामान्य बीमारियों से ग्रसित 53 मरीजों की जांच की गयी। इसके अलावा 7 मरीजों का एक्स-रे, 14 मरीजों का सिकल सेल एनीमिया परीक्षण, 21 मरीजों के कुल 61 पैथोलॉजिकल जांच, और 1 मरीज की ईसीजी जांच की गयी। शिविर में पहुंचे सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध करायी गयी। इस मेगा हेल्थ कैंप के सफल संचालन में प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, शिवम राय, अरुण राम, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, सावित्री कुमारी, अनीता देवी, फारूक अंसारी, लक्ष्मी देवी एवं सुखमय कुंडू सहित अन्य कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही। स्वास्थ्य शिविर को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। लोगों ने सरकार एवं आयोजन समिति के प्रति आभार जताया।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के लिए संयोजिकाओं को मिला प्रशिक्षण



सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत संयोजिकाओं और प्रखंड साधनसेवियों को प्रखंड रिसोर्स कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वही कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर प्रखंड साधनसेवी निशा प्रसाद द्वारा दी गयी। जिसे प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के सभी पांच संकुल के चयनित संयोजिकाएं और संकुल साधन सेवियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य को बताते हुए प्रशिक्षिका द्वारा प्रतिभागियों को मध्याह्न भोजन योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। वही प्रशिक्षण का शुरूआत प्रतिभागियों का प्री टेस्ट से प्रारम्भ हुआ। जिसके बाद उन्हें भोजन तैयार करते समय साफ-सफाई,पोषण मानकों और बच्चों के आयु वर्ग के अनुसार भोजन की मात्रा पर जानकारी दी गयी। साथ ही एल्बेंडाजोल और आयरन गोली की उपयोगिता और वितरण प्रक्रिया को भी विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में यह स्पष्ट किया गया कि बच्चों का मध्याह्न भोजन को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिये। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में किचन गार्डन की उपयोगिता पर विशेष बल दिया गया। मौके पर एमआइएस यूसुफ अंसारी, प्रखंड साधनसेवी लक्ष्मण यादव, निशी कुमारी, अमर भगत, विरेन्द्र कुमार, अरविंद कुमार, उपेन्द्र ठाकुर, नीता कुमारी, सिनी टाटा ट्रस्टस के तरुण, प्रेमलता और उदित के अलावे जशमुनी देवी,बसंती देवी, मंजु उरांव समेत अन्य संयोजिकए उपस्थित थे।

## पीपरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि ग्राम कासिमपुर में छापामारी के दौरान करीब 200 किलोग्राम जावा महुआ, 10 लीटर निर्मित महुआ शराब जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त किये गये सामग्री विनष्ट करने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

# फर्जी वेबसाइटों से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने पर होगी कार्रवाई: उपायुक्त

**फर्जी वेबसाइटों से रहे सावधान, सीआरएस पोर्टल से ही बनाएं जन्म-मृत्यु का प्रमाण पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** फर्जी वेबसाइटों द्वारा फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए पलामू जिला प्रशासन तत्परता के साथ कार्य कर रही है। पलामू उपायुक्त-सह-जन्म-मृत्युके जिला रजिस्ट्रार समीरा एस ने इसपर गंभीरता दिखायी है। उन्होंने कहा है कि फर्जी वेबसाइट बनाकर फर्जी जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की सूचना विभाग को प्राप्त हो रही है,



जो गंभीर मामला है। इससे आम जनता भ्रमित होती है। साथ ही सरकारी अभिलेखों की विश्वसनीयता भी कमजोर होती है। जन्म एवं मृत्यु निबंधन कार्य के लिए भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, नयी दिल्ली द्वारा विकसित सीएसआर पोर्टल- dc.crsorgi.gov.in ही अधिकारिक वेबसाइट है। इसके माध्यम से निर्गत जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र ही वैध की श्रेणी में हैं।

उपायुक्त ने फर्जी वेबसाइट के माध्यम से जारी किये जाने वाले जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र पर प्रभावी रोक लगाने एवं संबंधितों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि अधिकारिक वेबसाइट सीएसआर पोर्टल- dc.crsorgi.gov.in के माध्यम से ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करना/कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने प्रज्ञा केन्द्रों, स्थानीय इंटरनेट कैफे आदि से फर्जी वेबसाइट के माध्यम से जारी किये जाने पर रोक लगाने के लिए उन केंद्रों की मॉनिटरिंग एवं जांच कर फर्जी वेबसाइट से फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने पर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया है। उन्होंने सीएससी मैनेजर को अपने अधीनस्थ सभी सीएससी केन्द्रों का मॉनिटरिंग एवं जांच कर फर्जी वेबसाइट से फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने पर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया है।

# जमीन विवाद में घर पर फेंका गया सुतली बम, बम दस्ते ने किया डिफ्यूज

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर के सत्संग बिजली फीडर गली, बसमता मोहल्ले में जमीन विवाद को लेकर एक घर में दो सुतली बम फेंके जाने का मामला सामने आया है। घटना देर रात की है, हालांकि राहत की बात यह रही कि बम फटा नहीं और कोई हताहत नहीं हुआ। पीड़ित प्रकाश यादव ने बताया कि उनके पुराने जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों ने रात के समय उनके घर में दो सुतली बम फेंके। उन्होंने



बताया कि पूर्व से ही जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और आशंका है कि उसी रंजिश में यह हरकत की गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही देवघर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को सूचित किया गया। बम स्क्वॉड की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों सुतली बम को सुरक्षित रूप से डिफ्यूज किया।

इस घटना के बाद से मोहल्ले में दहशत का माहौल है, हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से किसी प्रकार की अनहोनी टल गयी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## तीन दिनों से लापता युवक का शव उत्तर कोयल नहर में मिला, परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी



मृतक युवक की फाइल फोटो।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के जपला धरहरा निवासी अकील अहमद के 24 वर्षीय पुत्र ताबिश अनवर 06 जुलाई 2025 की रात्रि करीब 10:30 बजे से लापता का शव 8 जुलाई मंगलवार को नहर मोड़ के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर से बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। शव के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इसके अलावा पॉकेट से नशीली दवा मिली है। परिजनों ने समाचार लिखे जाने तक थाना को आवेदन नहीं दिया है। परिजनों ने ताबिश अनवर की हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की 81वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि



छतरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज परिसर में संस्थापक सचिव स्मृति शेष श्रधेय सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का 81वां जन्मदिवस बड़े ही श्रद्धा भाव एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित राणा रंजीत पहाड़ी जी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। कार्यक्रम का स्वागत करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने कहा आइए, हम मिलकर यह संकल्प लें- कि श्रद्धेय सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के दिखाये मार्ग पर चलकर हम शिक्षा को केवल पेशा नहीं, सेवा का माध्यम बनायेंगे। हम उनकी स्मृति को कर्म से जीवित रखेंगें। आर्किटेक्ट प्रभात कुमार अग्रवाल ने कहा कि सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज में शिक्षा की अलख जगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## डीडीसी ने आम बागवानी और कूप निर्माण योजनाओं का किया निरीक्षण

चैनपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। डीडीसी जावेद हुसैन ने मंगलवार को चैनपुर प्रखंड में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उनके साथ मुखिया नीतीश सिंह, बीडीओ प्रदीप कुमार दास एवं बीपीओ अरविंद सिंह भी थे। डीडीसी ने चैनपुर प्रखंड के बसरिया कला में विशेषकर बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी व कूप निर्माण की योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बागवानी में लगे पौधों की निरंतर निराई करते रहे। आम के हरे भरे पौधे देखकर कहा कि यह बहुत ही अच्छा है। साथ ही कहा कि बागवानी योजना का उद्देश्य ही पर्यावरण को हरा-भरा करने के साथ लाभुकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। बसरिया कला पंचायत में यह काफी सार्थक सिद्ध हो रहा है।

## मजदूर किसान महाविद्यालय में मादक पदार्थ के विरुद्ध में जागरूकता अभियान चलाया गया




पांकी (पलामू) (आजाद सिपाही)। मंगलवार को मजदूर किसान महाविद्यालय मे एनएसएस वालंटियर के द्वारा मादक पदार्थ के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राचार्य दिलीप कुमार राम के द्वारा पोस्ता की खेती, गुटखा, सिगरेट, समेत अन्य मादक पदार्थ से होने वाले दुस्प्रभाव की जानकारी दी। कहा गया कि मादक पदार्थ का असर सबसे ज्यादा युवाओं पर पड़ रहा है। अपनी जिंदगी को दांव पर लगा रहे है। इस दौरान मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने एवं दूसरो को इससे बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी पुरसोत्तम सिंह, रामबिलास सिंह, डॉ बंशीधर सिंह, अशोक राम, राजेश्वर भगत, राजेंद्र सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकेतर उपस्थित थे।

## पानी का दुरुपयोग और सफाई व्यवस्था अवरुद्ध करने पर होगी कार्रवाई: कार्यपालक पदाधिकारी

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद नगर पंचायत प्रशासन ने शहर वासियों से पानी की बबार्दी तत्काल रोकने की अपील की है।साथ ही लापरवाही बरतने वालों पर कारवाई की चेतावनी दी गयी है। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने बताया कि शहर वासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में दर्जनों जल मीनार लगाये गये है। लेकिन कुछ बुद्धिहीन लोगों के द्वारा नागरिक सुविधाओं और अति महत्वपूर्ण पेयजल और पानी संबंधी सुविधाओं का लगातार दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने शहर वासियों से अपील के साथ चेतावनी दी है कि सफाई व्यवस्था और जल के बबार्दी रोकने के लिए नगर प्रशासन कारवाई करेगा।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज थाना अंतर्गत चोरी छिपे अवैध तरीके से बालू उत्खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। इस संबंध में हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि उक्त ट्रैक्टर को बराज मोड़ बलरा पहाड़ी चौक के पास से जप्त कर नियमानुसार अग्रिम करवाई की जा रही हैं।

# मोहर्रम सब्र, सच्चाई और कुर्बानी का पैगाम है : डीआइजी नौशाद

**तंजीमुल अंसार कमेटी ने किया सम्मान समारोह का आयोजन**

**यह शहादत पूरी इंसानियत के लिए एक मिसाल है : अशफाक अहमद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** 10वीं मोहर्रम (योमे आशूरा) के अवसर पर तंजीम के बैनर तले शहर के हृदय स्थली छः मुहान पर तंजीम के पंडाल में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि मोहर्रम सिर्फ एक पर्व नहीं यह सब्र, सच्चाई और कुर्बानी का पैगाम है। आईए इस अवसर पर हम सभी मिलकर आपसी भाईचारे, शांति और इंसानियत का संदेश फैलाएं। इस मौके पर तंजीम के सदर अशफाक अहमद ने कहा कि यह शहादत पूरी इंसानियत के लिए एक मिसाल है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में अध्यक्ष रामनवमी कमेटी युगल किशोर, दुर्गा जौहरी, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार, डॉ नौशाद अहमद, डॉक्टर आलोक कुमार गुप्ता, समाजसेवी सुनील तिवारी, राजू रंजन, राजीव कुमार, मोहम्मद शाहनवाज उर्फ अंटू, इंद्रदेव पासवान, इसराफील आजाद, अनवर हुसैन, सुर्खाब अली, मुस्तफा कमाल ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर तंजीम के सरपरस्त जेयाउद्दीन अंसारी, हाजी अमीन रहबर, उपाध्यक्ष कलाम आजाद, हाजी शफी अहमद, मास्टर जलाल, तंजीम के विशेष सलाहकार सुलेमान अंसारी सहित सैकड़ों हुसैनी भाई मौजूद थें।

# श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एआइ और ऐप आधारित स्वास्थ्य सेवाएं होंगी तैनात : स्वास्थ्य मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** देवघर विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर मंत्री, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, आपदा प्रबंधन विभाग डॉ इरफान अंसारी के अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला, 2025 में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य सुविधा, खाद्य आपूर्ति व आपदा प्रबंधन को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक देवघर परिसदन सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी/आपदा प्रबंधन/ खाद्य सुरक्षा से संबंधित कार्यों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से तैयारी के बारे में बताया, जिसपर मंत्री ने पूर्णतः संतुष्टि जाहिर की।

**स्वास्थ्य मंत्री द्वारा श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गयी:** श्रावणी मेला के अवसर पर मंत्री स्वास्थ्य विभाग डॉ इरफान अंसारी द्वारा बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अस्थायी चिकित्सालयों, प्राथमिक उपचार केंद्रों, एंबुलेंस व्यवस्था तथा दवाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की चिकित्सा सहायता में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला, 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इस हेतु राज्य सरकार व जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इस हेतु 300 स्पेशल तरह के दवाओं को मंगाया गया है, ताकि किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से आसानी से निपटा जा सके। देवघर एम्स को पूरी तरह तैयारी में रहने को कहा गया है।

## संघ ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

देवघर (आजाद सिपाही)। झारखंड चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला मंत्री मुन्ना कुमार राय ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य कर्मचारियों को वेतन देने की मांग की है। मुन्ना राय ने मंत्री को बताया कि चालू वर्ष 2025-26 में शीष के स्थापना पदस्थापित कर्मचारियों को वेतन आदि मद का आवंटन प्राप्त नहीं होने के चलते दरमाह नहीं मिल पाया। चार माह से अधिक का समय बीत चुका है और अब तक वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति पैदा हो गयी है। बिना वेतन के कई कर्मचारियों को दूसरे स्थान से श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्ति करते हुए कार्य लिये जाने की तैयारी की गयी है। इसलिए वेतन भुगतान के लिए शीघ्र आवंटन उपलब्ध हो और श्रावणी मेले में काम करने वाले कर्मचारियों को अविलंब सरकार दर पर निर्धारित टीए-डीए का भी भुगतान किया जाये।

# प्राथमिकता के आधार पर किये जा रहे हैं विकास कार्य : संजय यादव

**विधायक ने किया उच्च विद्यालय के अतिरिक्त वर्ग कक्ष का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



शिलान्यास करते विधायक संजय यादव।

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद -हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने मंगलवार को मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज में झारखंड राज्य शिक्षा परिषद द्वारा स्वीकृत 10 अतिरिक्त वर्ग कक्ष का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। शिलान्यास कार्यक्रम में आयोजित सभा में विधायक श्री यादव ने कहा कि क्षेत्र की जनता जिस उम्मीद के साथ अपार जनसमर्थन दिया है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता मजबूत करने का निर्देश मौके पर उपस्थित शिक्षकों को दिया। वहीं युवा राजद नेता सिद्धार्थ कुमार ने मोहम्मदगंज रविवारीय बाजार के पास से गवर्नर रोड कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण का पहल करने से संबंधित ज्ञापन सौपा। विधायक श्री यादव ने प्राथमिकता के आधार सभी कार्यो को पूरा करने की बात कहे। सभा का संचालन प्रखंड अध्यक्ष पचू रजवार और संचालन अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने किया। इस मौके पर युवा नेता रवि यादव, गणेश मेहता, मनोज सिंह, बालेश्वर यादव, सूर्यदेव यादव, प्रभु यादव, कलामुद्दीन खान,वशीर खान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामबचन बैठा, झामुमो नेत्री रानी देवी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह, शिक्षक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आज के व्यस्त जीवन में स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है : सुनील खवाड़े

देवघर (आजाद सिपाही)। आसाम एक्सेस रोड, पानी टंकी के पास फिटनेस जिम का उदघाटन वरिष्ठ समाजसेवी सह जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहना आज के व्यस्त जीवन में बहुत जरूरी है और शहर के बीच में अत्याधुनिक मशीनों से युक्त यह जिम खुलने से लोगों को काफी फायदा होगा। शहर में जितना जिम खुले, उससे आसपास के लोग को फायदा ही होगा। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता चौरसिया, भाजपा नेत्री विनीता पासवान, ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, संजय सिंह, आशीष, गौरव, प्रियंका मिश्रा, प्रमेश राव, सागर, सत्यम, दिलीप गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुप्रिया कुमारी, माही गुप्ता, बन्नी पंडित रोशन कुंजिलवार मौजूद थे।

## मजदूर यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल आज, इंटक ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मजदूर यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल 9 जुलाई को है। इस सिलसिले में इंटक के जिलाध्यक्ष अनंत मिश्रा की अध्यक्षता में मोहनपुर में प्रखंड इंटक अध्यक्ष अजयकांत ठाकुर के आवास बैठक हुई। इसमें हड़ताल को सफल बनाने के लिए रणनीति बनायी गयी। मौके पर झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने कहा कि देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए इंटक ने पूरी तैयारी की है। संगठित और असंगठित मजदूरों के साथ कई दौर की बैठकें भी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, मजदूरों के अधिकारों का हनन बंद करने, श्रमिकों का शोषण बंद करने, मजदूरों के न्यूनतम वेतन 26000 करने, मजदूरों का न्यूनतम पेंशन 9000 करने, पुरानी पेंशन को बहाल करने, महंगाई पर रोक लगाने, जरूरी वस्तुओं से जीएसटी हटाने, मजदूरों के अधिकारों का सम्मान करने, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण को रोकने, किसानों को फसल पर एसपी की गारंटी देने, वन अधिकार कानून में जन विरोधी संशोधन रद्द करने, बिजली का निजीकरण रोकने, एवं स्मार्ट मीटर बंद करने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी जरूरतों की सार्वजनिक गारंटी देने को लेकर ही पूरे देश में आम हड़ताल का आह्वान किया गया है।

# ट्विटर से बदलाव की अलख जगा रहे छतरपुर के दो युवा

**गांव से राजधानी तक, सोशल मीडिया बना आवाज**

**जितेंद्र और मनोज दिखा रहे हैं डिजिटल क्रांति की राह**

आजाद सिपाही संवाददाता





**छतरपुर (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 01 ग्राम मदनपुर के निवासी जितेंद्र कुमार (पिता- बिगु राम) और छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के चराई पंचायत के सलैया गांव निवासी मनोज कुमार गुप्ता (पिता-गोपाल साव) ने यह साबित कर दिखाया है कि सोशल मीडिया केवल मनोरंजन या समय काटने का जरिया नहीं, बल्कि समाज की आवाज और बदलाव का सशक्त माध्यम भी बन सकता है। इन दोनों युवाओं ने ट्विटर को अपने क्षेत्र के जरूरतमंदों के लिए एक ऐसा मंच बना दिया, जिसके माध्यम से उन्होंने न केवल आम लोगों की समस्याओं को उजागर किया, बल्कि उन्हें राज्य के मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर समाधान भी करवाया। राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और चिकित्सा सेवाओं से जुड़ी सैकड़ों समस्याएं इनकी सक्रियता से हल हो चुकी हैं।

जितेंद्र कुमार के ट्विटर हैंडल पर 3000 से अधिक फॉलोवर्स हैं और मनोज कुमार के 2700 फॉलोवर्स, जो उनकी सोशल मीडिया पर मजबूत पकड़ और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ट्विटर के माध्यम से ये युवा उन लोगों की आवाज बन चुके हैं जो अपनी बात शासन-प्रशासन तक नहीं पहुंचा पाते थे।

जितेंद्र और मनोज का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सकारात्मक उपयोग कर हर आम आदमी अपनी समस्या को उन जिम्मेदार लोगों तक पहुंचा सकता है, जो सच में उसका समाधान कर सकते हैं। उनकी इस मुहिम ने यह साबित कर दिया है कि छोटे गांवों से भी बड़े बदलाव की शुरूआत संभव है, बस इरादे नेक होने चाहिए। इन दोनों युवाओं का प्रयास समाज के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा है कि तकनीक का सही उपयोग कर सामाजिक बदलाव की एक नयी इबारत लिखी जा सकती है।

# मधुपुर में शुद्ध जलापूर्ति योजना को लेकर हितधारकों की बैठक, सभी वार्डों में पाइपलाइन बिछाने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** मधुपुर नगर परिषद सभागार में शहरी जिला आपूर्ति योजना फेज-2 को लेकर जुडको द्वारा एक महत्वपूर्ण हितधारक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद प्रशासक सुरेंद्र किस्कु की ने की। इस बैठक में मधुपुर शहरी क्षेत्र के सभी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, वार्ड पार्षद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। नगर परिषद प्रशासक सुरेंद्र किस्कु ने कहा कि मधुपुर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी पूर्व वार्ड पार्षद और नगर प्रतिनिधि अपने सुझाव रखें। उन्होंने आग्रह किया कि जिन वार्डों में अब तक पाइपलाइन नहीं बिछी है, उन इलाकों को चिन्हित कर कार्य किया जाये।

बैठक में कई पूर्व वार्ड पार्षदों ने सुझाव दिया कि पाइपलाइन बिछाने से पहले सभी वार्डों का विस्तृत सर्वे किया जाए, ताकि कोई भी गली या मोहल्ला छूट न जाये। पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जियाउल हक उर्फ टार्जन ने कहा कि मधुपुर बस स्टैंड क्षेत्र में पहले से बनायी गयी पानी टंकी में अब तक पानी नहीं पहुंचा है और वह टंकी लीक हो चुकी है, जिससे करोड़ों की लागत बर्बाद हो गयी है। उन्होंने संवेदकों की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की मांग की। बैठक में यह भी जानकारी दी गयी कि 73 करोड़ रुपये की लागत से योजना को फिर से स्वीकृति मिली है, और इस बार कार्य की निगरानी वार्ड पार्षदों द्वारा की जायेगी, ताकि किसी भी क्षेत्र की अनदेखी न हो। इस मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, अनुज राकेश किस्पोट्टा, सहायक अभियंता कृपा शंकर, कन्या अभियंता दिलीप यादव, वार्ड पार्षद अल्ताफ हुसैन (बीके), अरविंद कुमार यादव, शबाना परवीन, सनवर यासमीन, खुशीर्दा बानो, मोहम्मद शाहिद विशंभर मिश्रा, अनवर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में डीसी से वित्त आयोग की योजना में गड़बड़ी की शिकायत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई प्रखण्ड के शिवनाथपुर पंचायत में 2014-15 से 2024-25 में संचालित 14 वी और 15 वी वित्त आयोग की कई योजना में भारी गड़बड़ी हुई है। इस मामले को बीते 16 जून को उपायुक्त के कार्यालय में जांच के लिए आवेदन दिया गया था। इस आवेदन पर करवाई में बिलंब होने के कारण उपायुक्त को मंगलवार के दिन आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में एक और आवेदन दिया गया। आवेदन को प्राप्त करते हुए उपायुक्त ने शीघ्र जांच करने का आश्वासन दिया। शिवनाथपुर पंचायत में स्थानीय मुखिया और प्रखंड प्रशासन की मिलीभगत से पंचायत राज गजट एवं पांचवी अनुसूची क्षेत्र और 90 प्रतिशत आदिवासी क्षेत्र के नियमों का घोर उलंघन करते हुए भारी गड़बड़ी की गयी है। इस पर उपायुक्त ने जांच पर दोषी पाये जाने वाले लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

# डुमरी से जेजेएमपी के दो नक्सली गिरफ्तार

**जब्त सामान में एक पिस्टल, एक सिक्सर, एक मैगजीन, पांच जिंदा गोली और दो मोबाइल फोन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मुख्यमंत्री और डीजीपी के निर्देश पर नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में 7 जुलाई 2025 को गुमला एसपी हारिश बिन जमां को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के तांती गांव के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का एरिया कमांडर प्रवीण एक्का व उसके दस्ते के साथी छोटू नायक को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।पुलिस ने दोनो के पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, तीन जिंदा गोली,एक मोबाइल, एक सिक्सर, दो जिंदा गोली और एक मोबाइल बरामद किया है।एसपी हारिश बिन जमां ने अपने कार्यालय कछ में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के दोनो नक्सली तांती जंगल मे दस्ते के साथ मौजूद है। वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना की पुष्टि के बाद एसपी के निर्देश पर चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। टीम जैसे ही तांती गांव के जंगल में पहुंची, कुछ संदिग्ध लोग भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ लिया।पूछताछ में एक ने अपना नाम प्रवीण एक्का उर्फ अड़िया, उम्र 28 वर्ष सिरसी, थाना डुमरी, जिला गुमला बताया। वह जेएमपी का एरिया कमांडर है। दूसरे ने अपना नाम छोटू नायक, उम्र 27 वर्ष, पुटरूंगी, थाना डुमरी, जिला गुमला बताया। तलाशी में प्रवीण एक्का के पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, तीन जिंदा गोली और एक मोबाइल मिला। छोटू नायक के पास से एक सिक्सर, दो जिंदा गोली और एक मोबाइल बरामद हुआ। दोनों के पास से मिले हथियारों के कोई कागजात नहीं मिले। बिना लाइसेंस हथियार रखना और उसका इस्तेमाल करना संज्ञेय अपराध है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जब्त सामान में एक पिस्टल, एक सिक्सर, एक मैगजीन, पांच जिंदा गोली और दो मोबाइल फोन शामिल हैं।प्रवीण एक्का के खिलाफ पहले से विशुनपुर थाना में 24 जून 2025 को आर्म्स एक्ट की धारा और सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत मामला दर्ज है।छापामारी दल में एसडीपीओ ललित मीणा, डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार, नक्सल शाखा के मो. जहांगीर, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र भारती, आरक्षी नीरज तिवारी और डुमरी थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे। मंगलवार की शाम 5 बजे एसपी कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## भव्य मंदिर का निर्माण जीवन का अंतिम लक्ष्य: रमेश कुमार

**गुमला।** श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा है कि भव्य मंदिर का निर्माण करना उनके जीवन की सबसे बड़ी इच्छा है और इस दिशा में लगातार वे प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही मंदिर निर्माण को लेकर जिले के सनातनियों के साथ एक विशेष बैठक का उनके नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। उस बैठक मंदिर में मंदिर निर्माण की रूपरेखा तय किया जायेगा। कहा कि पूर्व में भी मंदिर निर्माण को लेकर कई बार बैठकों का आयोजन किया गया। लेकिन आहूत बैठकों में सनातनियों की उपस्थिति बहुत कम रही है। कुछ ऐसे लोग हैं जो मंदिर निर्माण को लेकर हमेशा चर्चा करते रहते हैं लेकिन सामने आकर मंदिर निर्माण को लेकर कोई विशेष पहल नहीं करते हैं। ऐसे लोगों से भी अनुरोध है की आने वाले समय में होने वाली बैठक में जरूर आये और मंदिर निर्माण के रूपरेखा तय करें। श्री कुमार ने कहा कि श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष निर्मल गोयल और उनके द्वारा मंदिर निर्माण को लेकर तैयारी की जा रही है।

## अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, दो गंभीर



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छीछवानी के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार बजाज डोमिनार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गये, जिससे उस पर सवार तीन युवक घायल हो गये। घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से दो की गंभीर हालत देखते हुए सदर हॉस्पिटल गुमला रेफर कर दिया गया। चैनपुर के बुकमा गांव निवासी सचिन उरांव, अंकित भगत और रवि नाथ नगेसिया अपने एक दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए नौगई डैम गये थे। जन्मदिन मानकर लौटते समय छीछवानी के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे बाइक सवार दो लोगों को गंभीर चोट आयी है वही एक को हल्की चोट लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक काफी तेज गति में थी और चालक मोड़ पर बाइक को नियंत्रित नहीं कर सका। सचिन उरांव (27 वर्ष) को पैर में गंभीर चोटें आयी हैं वही अंकित भगत का एक हाथ टूट गया है दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सदर हॉस्पिटल गुमला रेफर किया गया है। वही बाइक सवार रवि नाथ नगेसिया (22 वर्ष) को हल्की चोटें आयी हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर किया गया है। चैनपुर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर दुर्घटना की जानकारी ली। चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजुर घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## मुसलमानों का हिंदू जागरण ने भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया स्वागत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड थाना क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व बड़े ही श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिसई, बुड़का, करकरी, बघनी , लंगटा पबेया शियांग व छारदा सहित दर्जनों गांव के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कंस नदी तट पर तजिया मिलान किये। साथ ही मेले का आयोजन भी किया गया। इसके बाद जुलूस निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम समुदाय के महिला पुरुष बच्चे बूढ़े और नौजवान शामिल थे। तजिया लेकर गाजे बाजे के साथ झूमते नाचते सिसई बस्ती, बाजार टांड़ होते हुए जुलूस थाना परिसर पहुंची तो उनके स्वागत करने के लिए उपस्थित हिन्दू जागरण झारखंड परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा व सरना सनातनी मुकेश श्रीवास्तव डेविड, रोहित शर्मा, पंकज साहू, उदय कुशवाहा, रोपना उरांव सूरज सिंह तथा झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा सिसई के मनोज वर्मा, जीतवाहन साहू ने भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर जुलूस में शामिल मुस्लिम धर्मावलंबियों का स्वागत किया। और एकता व भाईचारे का परिचय दिया। वहीं परिसर में मौजूद बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह एवं सिसई मुखिया शकुन्तला देवी को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। जुलूस में मुहर्रम कमिटी के केन्द्रीय अध्यक्ष रहमान अंसारी, सिसई बस्ती,सचिव जुल्फान अंसारी करकरी, कोषाध्यक्ष उमर फारुख, मुहर्रम कमिटी के पांच गांव के लाइसेंसधारी मो रोजामत अंसारी, गुमला अंजुमन मो जबीउल्लाह जानी कव्वाल साहब, मो सरवर आलम ज्वाइंट सेक्रेटरी गुमला सदर सहित भारी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल थे। प्रशासन द्वारा किसी प्रकार के उपद्रव से निपटने के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# नगर परिषद क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने की प्रशासक से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा एवं कांग्रेस के पूर्व युवा अध्यक्ष रोहित उरांव ने नगर परिषद प्रशासक से मुलाकात की। राजनील तिग्गा ने नगर परिषद प्रशासक से सांसद द्वारा वार्ड न 12 में चेटर पुल से कन्हर टोली तक पथ निर्माण से संबंधित अनुशंसा पत्र की प्रगति पर चर्चा की। ज्ञात हो कि यह मामला दिशा की बैठक में भी सदस्यों ने उठाया है। प्रशासक नगर परिषद ने बताया कि प्राक्कलन तैयार है परंतु नगर परिषद में फंड का अभाव है। चर्चा में पता चला कि जिला के फंड से भी नगर परिषद क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों में कार्यकारी ऐजेंसी नगर परिषद हो तो बेहतर ढंग से कार्य हो सकता है। नगर परिषद के पास अपना प्रयाप्त इंजीनियरिंग सेल उपलब्ध है।

सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि इस विषय को सांसद सुखदेव भगत को अवगत कराया जाएगा। राजनील तिग्गा ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए दिशा द्वारा अहम कदम उठाए जायेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि के साथ दिशा सदस्य रूपेश कुमार सन्नी, रोहित उरांव, ओमशंकर सिंह उर्फ सोनू भी उपस्थित थे।

## आम हड़ताल को झारखंड नवनिर्माण दल ने दिया समर्थन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने देशव्यापी 9 जुलाई 2025 को दर्जनों श्रमिक संगठनों द्वारा बुलायी गयी, आम हड़ताल का समर्थन करने की घोषणा की है। उन्होंने आम जनता को सम्मानजनक जीवन के लिए तथा रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि बुनियादी सुविधा मिल सके इसके लिए देश के बड़े पूंजीपतियों पर समुचित टैक्स लगाने की बात कहते हुए यह भी कहा है कि केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट परस्त नीति के कारण गरीबों व मजदूर मेहनत जनता की स्थिति ठीक नहीं है। श्रमिक संगठन के मांग के समर्थन में झारखंड नवनिर्माण दल ने पूरे राज्य में आम हड़ताल को समर्थन व सफल बनाने की अपील की है।

# वाहन जांच अभियान में 1.23 लाख की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप एवं मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह एवं सड़क सुरक्षा के द्वारा पालकोट थाना के सामने मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान ड्राइवरो को जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन तथा मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने 35-40 लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान आये लोगों को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी और यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। यह जांच अभियान शाम 04:20 बजे से शाम 05:30 बजे तक चलाया गया। जांच की इस प्रक्रिया मे दंड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 1,23,000 (एक लाख तेईस हजार रुपये) की दंड राशि वसूली गयी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, डीटीओ ऑफिस के प्रिंस कुमार शामिल थे।

## श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेला को लेकर देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार ने की। बैठक में पूरे माह लगने वाले मेला का चर्चा परीचर्चा किया गया। साथ ही पर्यटन विभाग से मिलकर मंदिर परिसर को और भव्य रूप देने की मांग करने पर सहमति बनी। इधर मेला के दौरान यातायात व्यवस्था शुद्ध पेयजल मेला सहित भोले के भक्तों के भीड़ पर सुविधा पूर्ण नियंत्रण के लिए व्यवस्था बनाने की चर्चा की गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से किशोर जायसवाल, विपिन बिहारी सिंह, सदय प्रताप जायसवाल, शिव सिंह, अजय प्रताप जायसवाल, संजय सिंह, ऋषि महापात्रा, मुकेश महापात्रा, पप्पू ठाकुर, विजय साहू प्रदीप प्रसाद, मनोज महापात्रा, रामचरित्र साहु, दीपक गुप्ता, भूषण साहू, राजमोहन साहू, रूपेश्वर सिंह, प्रेम साहू, शशि भूषण साहू, अजीत साहू, विकास साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

# एसपी ने कामडारा थाना का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा गुमला के पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां मंगलवार को कामडारा थाना का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर/थाना भवन / बैरक इत्यादि का एवं थाना में संधारित होने वाले पंजी/ संचिकाओं का अवलोकन किया। वहीं अवलोकनोपरांत थाना प्रभारी शशि प्रकाश को थाना परिसर / बैरक की साफ-सफाई / सुरक्षा व्यवस्था का इन्तजाम करने तथा थाना में संधारित सभी अभिलेखों संचिकाओं का सही से रख-रखाव करने का निर्देश दिये।इसके बाद थाना मे रखे सभी पंजी का अद्यतन जानकारी लेने के बाद लंबित सभी कांडों का त्वरित निष्पादन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।वहीं पुलिस ने थाना प्रभारी को क्षेत्र में पशु तस्करी,अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावे ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए एंटी वाहन जांच करने और सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अधिक से अधिक संख्या में विधि सम्मत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। वहीं वाहन दुर्घटना में कमी लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया ।इसी के साथ यह भी निर्देश दिया गया कि उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक आसूचना संकलन करेंगे तथा गिरफ्तारी हेतु उचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## एंबुलेंस से टकरायी बाइक, तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत सालिया टोली गांव के समीप एंबुलेंस को पीछे से टक्कर मार जाने के बाद बाइक में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में मुनेश्वर खड़िया, रोहित खड़िया व प्रभु खड़िया शामिल है। तीनों पालकोट थाना क्षेत्र के ही कुरूम गांव के रहने वाले हैं। घायलों ने जिस एम्बुलेंस को टक्कर मारी उसी एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। जहां तीनों इलाजरत हैं। घटना के बाबत बताया जाता है कि मंगलवार को तीनों युवक बाइक में सवार होकर अपने गांव कुरूम से बघिमा बाजार आए हुए थे बाजार में तीनों ने जमकर नशा का सेवन किया। इसके बाद तीनों बाइक में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे इसी बीच सालिया टोली गांव से एक मरीज को लेकर पालकोट स्वास्थ्य केंद्र जा रहे एंबुलेंस को बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

# भारतीय खाद्य निगम केंद्रीय जांच दल ने एफसीआइ गोदामों का किया निरीक्षण, बोरियों का किया मिलान

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखण्ड थाना में जांच दल का नेतृत्व उपभोक्ता मामले,खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव अवर सचिव सुशील कुमार और सहायक अनुभाग अधिकारी योगेश कुमार कर रहे थे।

दोनो अधिकारी अपने टीम के साथ सर्वप्रथम एफसीआई गोदाम पहुंचे जंहा उन्होंने गोदाम में खाद्यान्न की उपलब्धता, वितरण प्रक्रिया और दुकान के रखरखाव व साफसफाई की करीब डेढ़ घंटा गहनता से जांच किया। इस दौरान अधिकारियों ने गोदम में रखे बोरियों की मिलान भी किया और वितरण संबंधित रजिस्टर की बारीकी से अध्ययन किया। जांचोपरांत गोदाम मैनेजर को समय से डीलरों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान देने सहित कई आवश्यक निर्देश दिया।

जिसके बाद भदौली के गुलाब एसएचजी, लकेया के शांति निकेतन एसएचजी सहित दर्जनों डीलर दुकान का निरीक्षण कर किया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्डधारकों से भी बात किया और उनसे समय पर पूरा खाद्यान्न मिलने, खाद्यान्न की गुणवत्ता व दुकान खुला रहने सम्बंधित जानकारी प्राप्त किया। उपस्थित कार्डधारकों ने समय से निर्धारित मात्रा में खाद्यान मिलने की बात कही। वंही अधिकारियों ने डीलरों को समय से दुकान खुला रखने, गोदाम से खाद्यान्न उठाकर समय से पूरा राशन कार्डधारकों को देने का निर्देश दिया। कहा कि गरीबो को मिलने वाली खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाये जाने पर दंडात्मक कार्रवाई के साथ लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।

मौके पर एसी सचिन्द्र बड़ाइक, डीएसओ, सीओ सह एमओ नितेश खलखो, बीएसओ भरनो अविनाश कुजूर, सिसई बीएसओ, सहित केंद्रीय जांच टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूर यूनियन ने निकाला मशाल जुलूस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन जिला इकाई के तत्वाधान में केंद्र सरकार की जन विरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला गया। थाना चौक से होते हुए पटेल चौक तथा टावर चौक में समापन की गयी। मौके पर ट्रेड यूनियन ऐक्टू के जिला अध्यक्ष कामरेड महेंद्र जेक्शन उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ कल गुमला में हड़ताल होगी जिसमें सभी सरकारी संस्थान व सभी निजी कंस्ट्रक्श को हड़ताल में शामिल होने का ऐलान किया गया है। केंद्र सरकार ने 44 प्रकार का श्रम कानून को समापन कर गुलामी के चार श्रम कोड बिल्ला देश के चार करोड़ मजदूर वर्ग के ऊपर जबरन थोपना चाह रही है इसलिए कल गुमला में चक्का जाम किया जायेगा। साथ ही डीएसपी रोड केदार बागान से लाल झंडे के साथ मौके पर विशाल जुलूस के साथ में टावर चौक व पटेल चौक जाम किया जा सकता है। हम 12 घंटे काम का बिल नहीं सहेंगे, हमें 8 घंटा ही मंजूर है। मौके पर बिरसा उरांव, दर्शन उरांव, विद्यासागर खेस, सविता कुमारी, रवि उरांव, गोसाई उरांव, चांगड़े उरांव समेत कई मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स



टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाये। आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 66 रन बनाया और टीम के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचाया।

# यूथ वनडे : इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

एजेंसी



मैच के दौरान भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे और इंग्लैंड के कप्तान थॉमस रॉ।

**वॉर्सेस्ट।** भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गयी है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है। सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाये। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

**भारत की खराब शुरूआत, कप्तान आयुष एक रन ही बना सके :** भारत की शुरूआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन ) के विकेट गंवा दिये। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला।

यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गये। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24 रन), कनिष्क चौहान (24 रन) और दीपेश देवेंद्रन शून्य के स्कोर पर आउट हुए।

**अंबरीश की पारी ने 200 के पार पहुंचाया :** आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 66 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा और टीम के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स फ्रेंच और राल्फी एलबर्ट ने 2-2 विकेट झटके। मैथ्यू फिरबैंक, सेबस्टियान मॉर्गन, एलेक्स ग्रीन और एकांश सिंह को एक-एक विकेट मिला।

**बेन मेयर ने नाबाद 82 रन बनाये :** इंग्लैंड ने बेन मेयस के नाबाद 82 रन, बीजे डॉकिन्स के 66 रन और कप्तान थॉमस रेव के 37 गेंदों में नाबाद 49 रनों की मदद से लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मेयस ने अपनी 76 गेंदों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि डॉकिन्स ने अपनी 53 गेंदों की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के लिए लेग-स्पिनर नमन पुष्पक ने 65 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि दीपेश देवेंद्रन ने अपने सात ओवरों में 34 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

## समाहरणालय भवन सोहराई पेंटिंग से सजा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड की समृद्ध लोक संस्कृति एवं पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुमला समाहरणालय भवन को सोहराई पेंटिंग से सजाया गया है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार भवन की आंतरिक दीवारों को पारंपरिक सोहराई चित्रकला से सुसज्जित किया गया, जिससे न केवल भवन की भव्यता में वृद्धि हुई है, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी विशेष स्थान मिला है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सोहराई पेंटिंग झारखंड की एक पारंपरिक एवं समृद्ध जनजातीय कला है, जो प्रकृति, पशुपालन और ग्रामीण जीवन से प्रेरित होती है।

## मोबाइल चार्ज करते समय करंट से छात्रा घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मोबाइल चार्ज करने के दौरान करंट लगने से 8 वर्षीय अनन्या कुमारी गंभीर रूप से झुलस गयी। घटना मंगलवार की शाम 5 बजे की है। अनन्या घर पर थी। मां का मोबाइल लेकर चार्ज में लगाने गयी थी। वह नंगे पांव थी साथ ही उसका हाथ पानी से भीगा हुआ था। जैसे ही उसने मोबाइल को स्विच बोर्ड में लगाया, उसे तेज करंट लगा। करंट लगते ही वह गिर गयी। उसका एक हाथ सुन्न हो गया। हाथ काला पड़ गया। परिजन तुरंत उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


## बोनाफाइड के नाम पर गरीब छात्रों से पैसों की वसूली करना बंद करें कॉलेज : आजसू



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आजसू छात्र संघ के पीके रॉय महाविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार के नेतृत्व में प्राचार्य डॉ कविता सिंह से बोनाफाइड प्रमाण पत्र शुल्क न्यूनतम करने का किया मांग। विक्की कुमार ने बताया कि इस से पहले बोनाफाइड शुल्क मात्र 10 रुपया था। जिसमें बढ़ोतरी कर वर्तमान में 100 रुपया कर दिया गया है। बोनाफाइट छात्र छात्रवृति के लिए लेते है, ऐसे छात्र लेते है जो आर्थिक रूप से कमजोर है। बोनाफाइड शुल्क बढ़ोतरी होने के कारण छात्र/ छात्रा बोनाफाइट लेने से वंचित हो रहे है। महाविद्यालय में भारी संख्या में ऐसे छात्र/छात्रा है जो अपनी पढ़ाई छात्रवृति के माध्यम से पूरी करते है। छात्रवृति ओबीसी/एसटी/एससह वर्ग के छात्र लेते है, जो कि आर्थिक रूप से सशक्त नहीं है। महाविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार ने प्राचार्य से अनुरोध कर छात्र हित को ध्यान में रखते हुए शुल्क में की गयी बढ़ोतरी को न्यूनतम करने का निवेदन किया। साथी में चेतावनी भरे लहजे से कहा छात्र हित में की गई मांग खारिज होता है, तो अन्यथा आजसू छात्र संघ आंदोलन के लिए विवश होगी। पूरे मामले को प्राचार्य महोदया ने गंभीर पूर्वक सुनने के पश्चात बोनाफाइड शुल्क को अति शीघ्र न्यूनतम करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भोला पासवान, आकाश पांडे, विकाश महतो, रबी रवानी, अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

## जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)। मंगलवार को** जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सदर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में व्यापक अव्यवस्थाएं और गंभीर खामियां सामने आयी हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल परिसर में जगह-जगह मरीजों का जूठा खाना और गंदगी फैली हुई थी। अधिकांश बेड पर चादर नहीं बिछी थी और वार्डों में अत्यधिक दुर्गंध व्याप्त थी। आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के उपर मरीजों के झोले रखे गये थे, जो संक्रमण फैलने की संभावना को बढ़ाते हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति महिला वार्ड में देखी गयी, जहा पुरुष मरीजों को आराम करते हुए पाया गया। यह अस्पताल प्रशासन की गंभीर लापरवाही और सुरक्षा प्रबंधन की कमी को दर्शाता है। इस संबंध में जब अध्यक्ष ने दूरभाष पर सिविल सर्जन से बात की, तो उन्होंने बताया कि अस्पताल में अभी तक चादर, ब्लीचिंग पाउडर और फिनाइल की खरीदारी नहीं की गयी है। यह जवाब प्रशासनिक असंवेदनशीलता और तैयारी की कमी की ओर संकेत करता है। निरीक्षण के दौरान कई भर्ती मरीजों के परिजनों ने अध्यक्ष से अस्पताल की अव्यवस्था और लचर साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कीं। जिला परिषद अध्यक्ष ने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी इस प्रकार की लापरवाही को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने शीघ्र आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

## सोशल मीडिया पर फेक आइडी से देवी देवताओं का आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला धराया



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** फेक आईडी से सोशल मीडिया पर हिन्दू देवी देवताओं का आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले एक शख्स को पुलिस ने गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है। मामला माराफारी थाना क्षेत्र का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार आरोपी 'निषाद राज' के फेक आईडी से फेसबुक पर भगवान शिव और माता पर्वती पर विवादित टिप्पणी की। पोस्ट सामने आने पर क्षेत्र में धार्मिक तनाव की आशंका उत्पन्न हो गयी थी। घटना की सूचना मिलने पर माराफारी थाना में सनहा दर्ज कर सत्यापन की जिम्मेवारी एसआइ किशोर कुणाल मौर्य को सौंपी गयी। पुलिस द्वारा तकनीकी सेल एवं अन्य स्रोतों से जांच कर पोस्ट की प्रामाणिकता पायी गयी। इस बाबत थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मोहम्मद आजाद खां ने आजाद सिपाही को बताया कि मामला बीते 5 जून का है। छह जून को संज्ञान में आने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पहचान सौरव कुमार चौधरी (पिता, सुरेन्द्र चौधरी) निवासी बीएसएल झोपड़ी कॉलोनी,माराफारी,बोकारो के रूप में हुई। माराफारी थाना में इस बाबत कांड संख्या 57/2025 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज.की गयी है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## आज कोयला खदान और बैंकों की पूर्ण हड़ताल : ब्रजेंद्र



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरीक्षण भवन में सभी मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सभी यूनियन के नेताओं ने भाग लिया। ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि 9 जुलाई को पूरे भारत में सभी ट्रेड यूनियन के द्वारा भारत बंद करने की नोटिस केंद्र सरकार और दूसरे सभी मुख्य पदाधिकारी को जानकारी पहले ही दे दी गयी है क्योंकि वर्तमान में केंद्र सरकार मजदूर और किसान विरोधी केवल कार्य कर रही है। आज मजदूर भुखमरी के कगार पर जाने पर बाध्य है। किसान की हालत बद से बद्तर होती जा रही है। इसीलिए देश के सभी श्रमिक संगठनों और मान्यता प्राप्त यूनियनों के द्वारा किसान और मजदूर के मांगों को उठाने के लिए और सरकार को ध्यान आकर्षित करने के लिए 9 जुलाई को पूरा सार्वजनिक प्रतिष्ठान बंद रहेगा का नारा दिया है जिसमें कोयला खदान के साथ-साथ, बैंक, एलआइसी से लेकर सभी तरह के खदान और अन्य प्रतिष्ठान यहां तक की कोयल का उत्पादन और ढुलाई बंद रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से इंटक नेता एके झा, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, अर्जुन सिंह मानस चटर्जी, एसएस डे, स्वप्न कुमार बनर्जी, मनोज कुमार साव, दीना नाथ पांडे, अर्जुन भुइया के साथ सभी ट्रेड यूनियन के नेता मौजूद रहे।

## विधायक ने दिव्यांग को स्कूटी दी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद विधायक राज सिंहा द्वारा जगजीवन नगर स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के तहत सुदामडीह कॉलोनी, करकेन्द निवासी दिव्यांग युवक राकेश सिंह को विधायक निधि से स्कूटी प्रदान की। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को स्वतंत्र रूप से गतिशील बनने, आत्मनिर्भर जीवन जीने, और समाज में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह प्रयास न केवल एक साधन प्रदान करने का कार्य है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को पुनः स्थापित करने और समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का सशक्त माध्यम भी है।

# मौर्य एक्सप्रेस में दो बैग से 12.16 किलो गांजा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आरपीएफ बोकारो ने मौर्य एक्सप्रेस में लावारिस पड़े बैग से 12.16 किलो गांजा बरामद किया है। बताया जाता है कि सोमवार को मौर्य एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15027) के कोच नंबर बी-8 में बोकारो आरपीएफ पोस्ट के एएसआइ डीके द्विवेदी, एस्कॉर्टिंग पार्टी एलएसआइ प्रियंका कुमारी और सीपीडीएस टीम बोकारो के बलराम मीना ने संदिग्ध हालत में दो लावारिस बैग देखा। यात्रियों से पूछताछ के बाद जब किसी ने भी बैग पर दावा नहीं किया, तो मामले की सूचना आरपीएफ बोकारो के ड्यूटी शिफ्ट अधिकारी को दी गयी। ट्रेन के बोकारो पहुंचने पर आरपीएफ टीम ने दोनों बैग को सुरक्षित उतारकर जांच की। जांच के दौरान बैग से कुल 10 बंडल गांजा बरामद हुआ। जिसका कुल वजन 12.16 किलोग्राम था। जब्त गांजा की बाजार कीमत करीब 1,20,000 रुपए आंकी गयी है। एलएसआइ प्रियंका कुमारी ने एएससी आरपीएफ बीकेएससी की उपस्थिति में गांजा जब्त कर लिया। साथ ही आगे की कार्रवाई के लिए वीडियोग्राफी के साथ जीआरपी बीकेएससी को सौंप दिया गया। गौरतलब है कि हाल के दिनों में रेलवे में मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ₹विशेष अभियानों के तहत लगातार छापेमारी और जब्ती की जा रही है, जिससे तस्करों के हौसले पस्त हो रहे हैं। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। लेकिन आरपीएफ और जीआरपी की टीम आगे की जांच में जुटी हुई है।

# केंद्रीय कर्मचारियों की आज की हड़ताल को इसीआरकेयू ने दिया नैतिक समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** 17 सूत्री मांगों को लेकर 9 जुलाई को दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत हड़ताल को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने अपना नैतिक समर्थन दिया है। यह हड़ताल केंद्र सरकार के द्वारा श्रमिक विरोधी नीतियों और कारपोरेट सेक्टर की विशेष सुविधाओं के अनुसार श्रम नियमों को निर्धारित करने की नीतियों के खिलाफ विशाल प्रतिरोध स्वरूप आयोजित किया जा रहा है। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के दिशा निर्देश के तहत सभी रेलवे जोनल यूनियनों ने अपने कार्यकर्ताओं और सदस्यों के समक्ष आवश्यक कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की है। उक्त जानकारी देते हुए इसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह एआईआरएफ वर्किंग कमिटी मेंबर मो ज्याऊद्दीन ने धनबाद मंडल के सभी शाखाओं से कहा है कि उक्त हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन देने के लिए गेट मिटींग करने, प्रतिरोध स्वरूप कार्यस्थल पर काला बैज लगाकर डियूटी करने तथा रेलकर्मियों के समक्ष हड़ताल के कारणों की जानकारी प्रसारित करने जैसे कार्यक्रम करने की व्यवस्था करें। एआइआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने बताया कि ईसीआरकेयू हिन्द मजदूर सभा (एचएमएस) से संबद्ध है। हिंद मजदूर सभा सहित अन्य ट्रेड यूनियनों के नेतृत्व में 9 जुलाई को अखिल भारतीय स्तर पर 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में देशव्यापी हड़ताल पर जायेंगे। इसमें डाक विभाग, बैंकों, बीमा कंपनियों, इस्पात क्षेत्र, कोयला क्षेत्र, खनिज और पेट्रोलियम क्षेत्र, तांबा क्षेत्र के कर्मचारी शामिल होने जा रहे हैं। इस अवसर पर इसीआरकेयू के केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष, सोमेन दत्ता, एनके खवास, जितेंद्र कुमार साव, बसंत दूबे, आरके सिंह, बीके साव, आइएम सिंह, चंदन शुक्ल, पीके सिन्हा, बीबी सिंह, महेन्द्र प्रसाद महतो और महिला एवं युवा समितियों के सदस्यों ने अपनी नैतिक समर्थन करने का संकल्प लिया।

# कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़: के लक्ष्मा रेड्डी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भारतीय मजदूर संघ ऐसा श्रम संगठन है, जिसका कार्य शून्य से प्रारंभ हुआ और अपनी स्पष्ट नीति की बजह से आज देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है, जिसमें कार्यकर्ताओं को प्राथमिक्ता दिया जाता है। उक्त बातें 8 जुलाई को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में के लक्ष्मा रेड्डी कोल उद्योग प्रभारी सह स्थायी सुरक्षा समिति सदस्य भारत सरकार ने कही।

उन्होने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यदि सच्ची लगन एवं कुछ करने का जज्बा हो तो मुश्किल से मुश्किल राह भी आसान हो जाती है क्योकिं कार्यकर्ता ही संगठन को रीढ़ होता है। तमाम झंझटों का सामना करते हुए आज कार्यकर्ता के कारण ही भारतीय मजदूर संघ ने श्रमिक संगठनों के क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का जो सफर तय किया है। संघ के एक-एक समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ताओं का निस्वार्थ भाव से काम करने का फल है क्योकिं अन्य केंद्रीय श्रम संगठनों को पीछे छोड़ते हुए कार्यकर्ताओं के बल पर देश का नंबर एक संगठन बना है और अतंरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) में भी प्रतिनिधित्व मिला है। भारतीय मजदूर संघ हमेसा संगठित के साथ-साथ असंगठित मजदूरों के साथ खड़ा था और आगे भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 09 जुलाई 2025 को अन्य श्रम संगठनों द्वारा हड़ताल की घोषणा की गयी है, जिसमें भारतीय मजदूर संघ अपने आप को पूरी तरह से अलग रखा है कोयला में काम करने वाले श्रमिकों को आवाहन करते हुए कहा कि कल के बुनियादी हड़ताल में न जाए और पूर्व की तरह अपना योगदान देकर राष्ट्र हित और उधोग हित में सहयोग करें क्योंकि हड़ताल पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में सर्वश्रश्री संजय चौधरी अध्यक्ष, केके सिंह, धर्मजीत चौधरी मंत्री भामसंघ धनबाद जिला सह महामंत्री भनि एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन भामसंघ झारखंड प्रदेश, माधव सिंह कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बीसीसीएल, ईसीएल एवं सीएमपीएफ, ओम कुमार सिंह कार्यसमिति सदस्य भामसंघ झा. प्रदेश सह सदस्य, सुशील कुमार सिंह कार्यसमिति सदस्य भामसंघ झा. प्रदेश के साथ-साथ धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मुरारी ताँती, रामधारी, मोहनलाल महतो मंतोष तिवारी,भौमिक महतो, अरिंजय श्रीवास्तव, एसके मिश्रा, उमेश कुमार सिंह, नवनीत कुमार सिंह, संजीव सिंह, रामनाथ गोप, लोकेश कुमार सिंह, राज लाल यादव, मोहनलाल महतो, दिलीप कुमार चंद्रवंशी, प्रशांत नियोगी, सहित क्षेत्र एवं शाखों से सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति ने सुरक्षा मानकों पर की चर्चा

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब में मंगलवार को क्षेत्रीय स्तरीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की सेमिनार आयोजित की गयी इस सेमिनार में डीजीएमएस डायरेक्टर माइनिंग डॉ सागेश कुमार, डायरेक्टर इलेक्ट्रिकल डी ए सौम्याजुलु, डिप्युटी डायरेक्टर श्री अश्विनी कुमार, बस्ताकोला एरिया के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार सिन्हा समेत बस्ताकोला एरिया के सभी परियोजना पदाधिकारी, कोलियरी प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी तथा आउटसोर्सिंग के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस सेमिनार की अध्यक्षता डीजीएमएस अधिकारी डॉ सागेश कुमार ने किया।

# बीसीसीएल की बंद पड़ी खदानें फिर से शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करते हुए, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपनी वर्षों से बंद पड़ी पीबी परियोजना को माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर (एमडीओ) मॉडल के तहत पुनः चालू कर कोयला उत्पादन प्रारंभ किया है। यह बीसीसीएल ही नहीं, बल्कि संपूर्ण कोल इंडिया लिमिटेड की पहली एमडीओ परियोजना है, जिसने उत्पादन शुरू कर दिया है।

यह परियोजना ईगल इंफ्रा इंडिया लिमिटेड को 25 वर्षों के लिए सौंपी गयी है, जिसके तहत 2.7 मिलियन टन की उच्चतम वार्षिक क्षमता के साथ कुल 52 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया जायेगा, जिसमें मुख्य रूप से कोकिंग कोल होगा, जो देश की इस्पात और अवसंरचना उद्योग के लिए अत्यंत आवश्यक है। राजस्व साझेदारी मॉडल के तहत बीसीसीएल को सकल आय का 6% हिस्सा प्राप्त होगा, जो सार्वजनिक-निजी भागीदारी में पारदर्शिता और स्थायित्व की दिशा में एक मजबूत कदम है।

इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने वर्चुअली कार्यक्रम में भाग लिया और इसे भारतीय कोयला क्षेत्र के लिए एक पथप्रदर्शक कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ खदान शुरू करने की बात नहीं है, बल्कि यह हमारे अतीत की चुनौतियों को अवसरों में बदलने, समुदायों को सशक्त करने और आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत करने का संकल्प है। इस ऐतिहासिक आयोजन में समीरन दत्ता, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बीसीसीएल, मुरली कृष्ण रमैय्या, निदेशक (मानव संसाधन); संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) संचालन; मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना, तथा ईगल इंफ्रा प्रा. लि. के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

समीरन दत्ता ने इस अवसर पर कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड, और सभी हितधारकों को उनके सतत सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी, राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, तथा कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त के मार्गदर्शन से संभव हुई है।

# हड़ताल की पूर्व संध्या संयुक्त मोर्चा ढोरी ने निकाला कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/ बेरमो।** बुधवार 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल को लेकर हड़ताल के पूर्व संध्या को सीसीएल ढ़ोरी के संयुक्त मोर्चा के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च पुराना वीडियो ऑफिस से प्रारंभ होकर महाप्रबंधक कार्यालय ढ़ोरी तक गया। इस दौरान मजदूरों से हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया। साथ ही नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि हमारी 17 सूत्री मांगों को लेकर यह एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल की जा रही है। केंद्र की मोदी सरकार हमेशा मजदूर विरोधी नीति पर काम कर रही है। सारा कानून पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के हित में बनाया जा रहा है। मजदूर अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। सारे उद्योग को पूंजीपतियों का हाथों बेचने का काम कर रहे हैं। हमारा हड़ताल देश में चार श्रम संघीता कानून के विरोध में है। यह सरकार कभी मजदूरों को तो कभी किसानों को परेशान करने का कार्य कर रहे हैं। इस कारण कल का हड़ताल ऐतिहासिक हड़ताल होगा। पूरे क्षेत्र का काम बंद करने का कार्य करेंगे।

मौके पर जवाहरलाल यादव, छेदी नोनिया, बृज बिहारी पांडे, आर उनेश, महारुद्र सिंह, विकास सिंह, गोवर्धन रविदास, नकुल रविदास, राजू बुकिया, शिवनंदन चौहान, जयराम सिंह, राजेश्वर सिंह, मिथिलेश सिंह, श्रीकांत मिश्रा, राजेश्वर सिंह, जितेंद्र दुबे, मुरारी सिंह, ललन रवानी, वैद्यनाथ सिंह, राम अवतार सिंह, मनोज शर्मा, शरत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।


MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.
e-Procurement Notice
e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI F, - 05/2025-26

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Checkdam on Bandhgarha Nala, Block:- Namkum, Dist- Ranchi. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 85.718 |
| 3. | Time of Completion | (11 months) |
| 4. | Date of Publication of E - Tender on website | 29.07.2025 at 2.00 pm |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 04.08.2025 up to 5:00 pm |
| 6. | Last Date for online Submission of tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 04.08.2025 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opening Tender | 06.08.2025 at 2:00 pm |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowak, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 0651-3512781 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Ranchi.
PR 356784 Minor Irrigation(25-26)D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा

PM National Apprenticeship मेला से संबंधित आवश्यक सूचना

कोडरमा जिले के तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (ITI/ Diploma/Engineering/Short term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (पांचवी से स्नातक आदि), के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि MSDE भारत सरकार द्वारा उद्योगों में कुशल कारीगरों की प्रबंल मांग को देखते हुए Apprenticeship act 1961 के अन्तर्गत निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में PM National Apprenticeship मेला PMNAM 2025 का आयोजन दिनांक– 14.07.2025 दिन सोमवार को जे0 जे0 कॉलेज, झुमरीतिलैया, कोडरमा के प्रांगण में सुबह प्रातः 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक किया जायेगा।

अतः PM National Apprenticeship मेला 2025 में योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार/प्रशिक्षु नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडाटा एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ मेले में भाग लेकर सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA)
–सह–जिला नियोजन पदाधिकारी,कोडरमा
PR 356732 Labour Employment and Traning(25-26).D



ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, राँची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/30/2025-26 दिनांक–08/07/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रिनपास, कॉके, रॉंची स्थित पुरूष वार्ड के ड्रग डेडिकेशन वार्ड के के बाऊड्री वॉल से साथ लगे सुरक्षा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 91,57,910=00 | 10,000=00 | 1,85,000=00 | 56 दिन |
| II | रिनपास, कॉके, रॉंची स्थित महिला वार्ड के सुरक्षा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 99,74,567=00 | 10,000=00 | 2,00,000=00 | 56 दिन |
| III | रिनपास, कॉके रॉंची स्थित वार्डर लाईन/ बाबु लाईन के सुरक्षा लाईट एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 50,89,197=00 | 10,000=00 | 1,02,000=00 | 56 दिन |
| IV | रिनपास, कॉके, रॉंची स्थित पुरूष वार्ड के सुरक्षा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 99,28,644=00 | 10,000=00 | 1,99,000=00 | 56 दिन |
| V | रिनपास, कॉके रॉंची स्थित महिला वार्ड एवं बगान के एल्युमिनियम आर्मड केबल, आउटडोर फीडर पैनल एवं मेन पैनल के बदलीकरण का कार्य। | 78,36,944=00 | 10,000=00 | 1,57,000=00 | 56 दिन |
| VI | रिनपास, कॉके रॉंची बजारटॉड स्थित छात्रा छात्रावास, महिला वार्ड गेट, आवास सं0 95, 104, 107 वार्ड लाईन एव ब्लॉक C एवं K में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं महिला वार्ड के मेन केबल, जेनरेटर केबल, मेन पैनल से प्रशासनिक ब्लॉक फिडर पैनल तक के बदलीकरण, एवं 18 ब्लॉक और 8 अदद् सिंगल क्वार्टर के ओभर हेड केबल को XLPE AB केबल से बदलीकरण एवं सर्विस केबल के बदलीकरण का कार्य | 68,31,022=00 | 10,000=00 | 1,37,000=00 | 56 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.07.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 18.07.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 23.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 24.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची
PR 356795 Energy(25-26)#D

# ट्रंप ने भारत को छोड़ कर 14 देशों पर टैरिफ लगाया

## जापान-साउथ कोरिया पर 25 और म्यांमार पर 40 %टैरिफ

- ये टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे

एजेंसी



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेज कर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25% टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30% से 40% तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रंप ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25% शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रंप ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रंप 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे।

**भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द :** न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रंप इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता खोज रहे हैं।

### बांग्लादेश पर 35% टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के शेयरों में 8% की तेजी

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बांग्लादेश पर 35% टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के शेयरों में 8% तक की तेजी है। ऐसा इसलिए क्योंकि 35% टैरिफ से बांग्लादेश की निर्यात लागत बढ़ेगी, जिससे अमेरिकी बाजार में उसकी प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। इसका फायदा भारत को मिल सकता है। अमेरिकी बाजार में भारत अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है।

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की रिपोर्ट

# पुलवामा आतंकी हमले के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

- गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को PayPal से पेमेंट हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है। यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म PayPal के जरिए पैसे दिये गये थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की इस रिपोर्ट का नाम कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क है।


131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं। आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं।

**आतंकी फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में बड़ी कमियां :** रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं, और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे। इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतरराष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।

# शेयर बाजार में रिटेल निवेशकों के 1.06 लाख करोड़ रुपये डूबे

- डेरिवेटिव्स सेगमेंट में 10 में से 9 ट्रेडर घाटे में
- सेबी ने नयी रिपोर्ट जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** रिटेल निवेशकों को वित्त वर्ष 2025 में शेयर मार्केट के डेरिवेटिव्स सेगमेंट में 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। इस सेगमेंट में करीब 91% इंडिविजुअल ट्रेडर्स घाटे में रहे हैं। ये पिछले साल के मुकाबले 41% ज्यादा है, जब नुकसान 74,812 करोड़ रुपये था। सेबी ने इसे लेकर एक नयी स्टडी रिपोर्ट जारी की है।

**हर ट्रेडर का औसत नुकसान 1.1 लाख रहा :** स्टडी के मुताबिक, हर ट्रेडर का औसत नुकसान 1.1 लाख रुपये रहा, जो पिछले साल 86,728 रुपये था। 2025 में 10 में से 9 ट्रेडर ने पैसे गंवाये है। पिछले साल से हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। कुल मिला कर करीब 96 लाख यूनिक ट्रेडर्स ने इसमें हिस्सा लिया, जो पहले की तुलना में 20% कम है, लेकिन दो साल पहले से 24% ज्यादा। सेबी ने अपनी स्टडी में सभी निवेशकों को कवर किया। पिछले चार सालों में रिटेल ट्रेडर्स का कुल नुकसान करीब 2.87 लाख करोड़ रुपये हो चुका है।

### सेबी ने नियम सख्त किये, फिर भी निवेशकों को नुकसान कम नहीं हुआ

सेबी निवेशकों को जागरूक करने और नियमों को और सख्त करने की कोशिश कर रहा है। सेबी ने नवंबर 2024 से कुछ नियम कड़े किये है। जैसे वीकली एक्सपायरी कम करना, लॉट साइज बढ़ाना, और ट्रेडिंग मार्जिन बढ़ाना। साथ ही, वो बड़े प्लेयर्स की निगरानी भी बढ़ा रहा है।

# पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने आइएसआइ से जुड़े दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले से दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन पर पाकिस्तान की आइएसआइ से संबंध होने का संदेह है। एसटीएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों की पहचान कोलकाता के भवानीपुर निवासी राकेश कुमार गुप्ता और पानागढ़ निवासी मुकेश रजक के रूप में हुई है। इन दोनों के पाकिस्तान की आइएसआइ से संबंध हैं। दोनों पड़ोसी देश में कुछ लोगों के संपर्क में थे। एसटीएफ के मुताबिक, दोनों व्यक्ति एक एनजीओ के लिए काम करते थे और मेमारी में किराये के मकान में रह रहे थे। यहीं से उन्हें गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ कर्मियों ने शनिवार को छापेमारी की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मुकेश को किराये के मकान से पकड़ा गया, जबकि राकेश को एक नर्सिंग होम से पकड़ा गया, जहां उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। सोमवार को कोलकाता की अदालत में पेश करने के बाद दोनों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

# घरेलू वेज थाली जून में 8% सस्ती हुई

- आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8% घट कर 27.10 रुपये हो गयी है। पिछले साल जून-2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपये थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3% बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपये थी।

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 24% घट कर 32 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी है। प्याज के दाम में 27% और आलू के भाव में 20% की गिरावट आयी है। इस कारण वेज थाली की कीमत में गिरावट हुई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24% हिस्सेदारी होती है।

### नॉन-वेज थाली भी 6% सस्ती हुई

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6% घट कर 54.80 रुपये हो गयी है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपये थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4% बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपये थी। नॉन वेज थाली की कीमत में ये कमी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 3% की गिरावट के चलते आयी है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50% हिस्सेदारी होती है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in

































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**